मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	24.0	13.5
जमशेदपुर	18.5	14.0
डालटनगंज	21.2	07.5

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *

पेज 12

गुरुवार, 25 जनवरी 2024 ● पौष पूर्णिमा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 278 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

‘इंडिया’ को डबल झटका

बंगाल में टीएमसी व पंजाब में आप अकेले लड़ेगी चुनाव

बंगाल में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेंगे राज्य में कांग्रेस से कोई संबंध नहीं : ममता

भाषा। कोलकाता/चंडीगढ़

विपक्षी दलों के गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस’ (इंडिया) को बुधवार को बड़ा झटका लगा है. बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और पंजाब में आम आदमी पार्टी-आप ने राज्य में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और प्रमुख ममता बनर्जी ने घोषणा की कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है. बनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा, मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया. हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने राज्य में सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस में किसी से बात नहीं की है. सूत्रों के अनुसार, ममता की पार्टी से 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गयी है, जिसको लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गयी है. टीएमसी, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) 28 विपक्षी दलों के गठबंधन ‘इंडिया’ का हिस्सा हैं. बनर्जी ने यह भी कहा कि पार्टी का राज्य में कांग्रेस से कोई रिश्ता नहीं होगा.

चुनाव में आप पंजाब में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में पंजाब में कांग्रेस से गठबंधन नहीं करेगी. पंजाब के मुख्यमंत्री ने यह दावा भी दोहराया कि आप सभी 13 सीट पर जीत दर्ज करेगी. आप 28 दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है. पंजाब के मुख्यमंत्री ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब आप और कांग्रेस के बीच आम चुनाव के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है. हालांकि, आप ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है. यह पूछे जाने पर कि क्या यह स्पष्ट है कि कांग्रेस के साथ आप चुनावी गठबंधन नहीं करेगी, इस सवाल पर मान ने कहा, हम उनके (कांग्रेस) साथ नहीं जाएंगे. पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट के लिए आप के संभावित उम्मीदवारों पर पहले ही चर्चा हो चुकी है और 40 संभावितों के नाम सामने आ चुके हैं.

डैमेज कंट्रोल में जुटी कांग्रेस, कहा- हम रास्ता निकाल लेंगे

नयी दिल्ली। टीएमसी के फैसले के बाद कांग्रेस डैमेज कंट्रोल की कोशिश में लग गयी है. पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि हम ममता बनर्जी के बिना इंडिया गठबंधन की कल्पना नहीं कर सकते. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ममता बनर्जी का बहुत सम्मान करते हैं. इसलिए मेरा मानना है कि कभी-कभी लंबे सफर में स्पीड ब्रेकर आते हैं, लेकिन हम चर्चा के जरिए रास्ता निकाल लेंगे. कहा कि ममता बनर्जी की प्राथमिकता भाजपा को हराना है. हम रूटी हुई मतता को जरूर मना लेंगे. इस संबंध में शिवसेना (उद्धव गुट) और सीपीएम ने भी बयान दिया है. सीपीएम नेता मोहम्मद सलीम ने कहा कि भाजपा चाहती है कि चुनाव ममता बनाम मोदी हो. ममता बनर्जी की भी यही इच्छा है. शिवसेना (उद्धव गुट) विधायक आदित्य ठाकर ने भी बयान दिया है. हालांकि उन्होंने कहा कि ममता वहां शेरनी की तरह लड़ रही हैं.

ममता का फैसला विपक्ष के लिए मौत की घंटी : भाजपा

नयी दिल्ली। ममता के फैसले पर भाजपा ने कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला उनकी हताशा का संकेत है. यह विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया’के लिए ‘मौत की घंटी है. पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा के सह-प्रभारी और पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपनी राजनीतिक जमीन बचाने में असमर्थ होने के कारण वह सभी सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है ताकि चुनाव के बाद भी उनकी प्रासंगिकता बनी रहे. विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनने की उनकी इच्छा के विपरीत, किसी ने कभी उनके नाम का प्रस्ताव नहीं किया.

सर्राफा

सोना (बिक्री)	58,500
चांदी (किलो)	75,000

ब्रीफ खबरें

सीएम ममता बनर्जी को माथे पर लगी चोट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बुधवार को माथे में चोट लग गई, जब उनकी कार ने तुरंत ब्रेक लगा दिया. एक अन्य कार अचानक मुख्यमंत्री के काफिले के सामने आ गई थी. जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री बनर्जी सड़क मार्ग से बर्धमान से कोलकाता लौट रही थीं, तभी उनकी कार के सामने एक अन्य कार आ गई. इसके बाद उनकी कार ने तुरंत ब्रेक लगाया. खराब मौसम के कारण वह हेलीकॉप्टर से नहीं लौटीं. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मुख्यमंत्री बनर्जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है.

मैक्रों जयपुर से शुरू करेंगे भारत यात्रा

नयी दिल्ली। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों गुरुवार को भारत के दो-दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं और इस यात्रा की शुरुआत वह राजस्थान की राजधानी जयपुर से करेंगे. वह गुलाबी शहर के नाम से मशहूर जयपुर में आमेर का किला, हवा महल और खगोलीय प्रेक्षण स्थल ‘जंतर मंतर’ जाएंगे. मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने जा रहे 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे. वह इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने वाले फ्रांस के छठे नेता होंगे.

राहुल पर केस संबंधी याचिका का निपटारा

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें एक कथित बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी. अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया. किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करना अपराध है और इस अपराध के लिए दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है.

हेमंत सरकार ने युवा, महिला व सरकारी कर्मियों को दिया तोहफा

जेपीएससी कट ऑफ डेट में 7 साल की छूट

कैबिनेट के फैसले

विशेष संवाददाता। रांची

5 लाख से अधिक छात्रों को मिलेगा लाभ

1. वृद्धा पेंशन में महिलाओं की उम्र घटाकर 50 वर्ष किया गया, आदिवासी-दलित व सामान्य वर्ग की महिलाएं, 18 लाख महिलाओं को होगा फायदा
2. गृह निर्माण के लोन की राशि 30 लाख से बढ़ाकर की गयी 60 लाख
3. जमीन मॉर्गेज की बाध्यता हुई समाप्त 3 लाख कर्मियों को होगा फायदा

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य के बेरोजगार युवाओं, महिलाओं व सरकारी कर्मियों को बड़ा तोहफा दिया है. राज्य सरकार ने आगामी दिनों होने वाले 11, 12 व 13 जेपीएससी परीक्षा में शामिल होने वाले कम से कम 3 लाख छात्रों को बहुत बड़ी राहत दी है. बुधवार को हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में उम्र लैप्स कर चुके छात्रों को सात वर्ष की छूट दी है. कट ऑफ डेट 1.08.2017 कर दी गयी है. बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है. बैठक में झारखंड लोक सेवा आयोग की आगामी संयुक्त सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के कट ऑफ डेट बढ़ाने की मंजूरी मिल गई है. कार्मिक विभाग द्वारा कट ऑफ डेट को एक अगस्त 2021 करने क प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन छात्र हित में इसमें बदलाव किया गया. अब अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम व न्यूनतम आयु सीमा की गणना के लिए 01 अगस्त 2017 एवं 01 अगस्त 2024 कट ऑफ डेट कर दिया गया है. इस फैसले से जेपीएससी परीक्षा के जरिए अफसर बनने का उम्मीद खो चुके कम से कम 5 लाख छात्रों को सीधा लाभ होगा. अब ऐसे छात्र 2021 व 2022 के रिक्तियों के विरुद्द संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में शामिल हो सकेंगे.

सरकार ने दूसरे अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अपने चौथे स्थापना दिवस समारोह में किए गए घोषणा पर अमल करते हुए वृद्धा पेंशन की उम्र सीमा 60 साल से घटाकर 50 वर्ष कर दिया है. सरकार ने इसमें अपने घोषणा के इतर इसमें आदिवासी, दलित महिलाओं के अतिरिक्त सामान्य व ओबीसी वर्ग के सभी महिलाओं को शामिल कर लिया है. बुधवार को इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी. इससे 18 लाख महिलाओं को सीधा फायदा होगा.

सरकार ने एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले के तहत अपने 3 लाख सरकारी कर्मचारियों को भी बड़ी राहत दी है. सरकार ने गृह निर्माण के लोन की राशि को बढ़ाकर 30 लाख से 60 लाख रुपये कर दिया है. इसमें जरूरी संसोधन करते हुए जमीन मार्गेज की बाध्यता को समाप्त कर दिया है. बस अब सरकार कर्मचारियों को एक फार्मा भरकर देना होगा जिसमें उसे यह दिखाना होगा कि वह अपने जमीन को अन्य वित्तीय संस्थान में रखकर कोई वित्तीय लाभ न लिया हो.

योगेंद्र प्रसाद बने राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष

सरकार ने एक अन्य अहम फैसला लेते हुए गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद को झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष बनाया है. इससे जुड़े एक प्रस्ताव को बुधवार को कैबिनेट की बैठक मंजूरी प्रदान की गयी. उनका कार्यकाल 3 साल का होगा. मालूम हो कि नेता प्रतिपक्ष नहीं होने की वजह से राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन नहीं हो पा रहा था. इसमें अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी लेकिन कुछ महीने पहले ही अमर बाउरी नेता प्रतिपक्ष बने. अब सरकार ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है.

आईसीसी टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने सूर्यकुमार

लगातार दूसरी बार मिला अवॉर्ड, 2023 में 18 मैचों में 733 रन बनाए

भाषा। दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना है. आईसीसी ने उन्हें इस प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ कहा है. यादव ने 2023 में 50 के करीब औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट से टी20 क्रिकेट में रन बनाये. वह फिलहाल जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहैबलिटेशन में हैं. वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं, जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे. यादव ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ सात रन बनाकर की. फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाये. उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाये. साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की. उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 व द. अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाये.

2023 में सूर्यकुमार यादव



टी-20 मैच - 17	100 - 2
रन -733	50 - 5
औसत - 48.86	स्ट्राइक रेट : 155.95

सभी पक्षकारों को सर्वे रिपोर्ट सौंपने का आदेश

वाराणसी। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपे जाने का आदेश दिया. हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज ए.के. विश्वेश ने अपने आदेश में कहा है कि ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सभी पक्षकारों को सौंपी जाए. मुस्लिम पक्ष ने इस दौरान जिला जज के समक्ष मांग रखी कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों तक ही रहे, उसे सार्वजनिक न किया जाए. इस पर जिला जज ने कहा कि सभी पक्षकार रिपोर्ट को अपने तक रखने और सार्वजनिक न करने का बंध पत्र अदालत में जमा करा कर सर्वे रिपोर्ट प्राप्त करें. यादव ने बताया कि भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण ने सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रशांत सिंह की अदालत में ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट दाखिल कर दी.

जाति जनगणना कर्पूरी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिग्गज समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए बुधवार को कहा कि जाति आधारित जनगणना कराना ही कर्पूरी ठाकुर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी. उन्होंने यह भी कहा कि देश को अब ‘सांकेतिक राजनीति’ नहीं बल्कि ‘वास्तविक न्याय’ चाहिए. उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जन्म शताब्दी पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. वह भारत के अनमोल रत्न हैं और उन्हें भारत रत्न दिए जाने के फैसले का स्वागत है. 2011 में हुई सामाजिक और आर्थिक जातीय जनगणना के नतीजों को भाजपा सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी जनगणना के प्रति उनकी उदासीनता सामाजिक न्याय के आंदोलन को कमजोर करने का प्रयास है.

‘मेंटेनेंस लेने के लिए शादी का सबूत देने की जरूरत नहीं’

विधि संवाददाता। रांची



झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है कि पत्नी के रूप में साथ रह रही महिला को मेंटेनेंस का अधिकार लेने के लिए शादी का पुख्ता सबूत देने की जरूरत नहीं है. खासकर जब साक्ष्य रिकॉर्ड के रूप में उपलब्ध हो. दरअसल रांची सिविल कोर्ट स्थित फैमिली कोर्ट ने मेंटेनेंस से जुड़े एक मामले में यह आदेश दिया था कि याचिकाकर्ता अपनी पत्नी को 5 हजार रुपये प्रति माह भरण पोषण के लिए देगा. फैमिली कोर्ट के इस आदेश को पति राम कुमार रवि ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी. भरण-पोषण के लिए दायर याचिका में पत्नी की ओर से कहा गया कि उसका पति 25,000 रुपये की मासिक आय के साथ मोबाइल रिपेयरिंग और रियल एस्टेट का कारोबार करता है. वही दिव्यांग आरक्षण कैटेगरी में उसे सरकारी नौकरी भी मिल गई है, जिसके बाद उसने अपनी पत्नी को छोड़ दिया. जबकि बचाव पक्ष ने महिला को अपनी पत्नी मानने से इंकार करते हुए यह कह दिया कि उसकी शादी उस महिला से नहीं हुई है. पति द्वारा मेंटेनेंस के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत कार्रवाई में शादी के दस्तावेजी साक्ष्य पर जोर देना हर मामले में अनिवार्य नहीं है.

टिप्पणी हाईकोर्ट में जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा-

बुजुर्ग सास की सेवा करना बहू का कर्तव्य

▪ अलग रहने की मांग सही नहीं

विनित आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने हाल ही में अपने एक आदेश में कहा है कि भारत में बुजुर्ग सास या पति की दादी की सेवा करना सांस्कृतिक प्रथा और दायित्व दोनों है. वहीं अदालत ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में यह भी कहा कि किसी पत्नी की ओर से सास की सेवा करने से बचने के लिए ससुराल वालों से अलग रहने की जिद अनुचित है. दरअसल दुमका फैमिली कोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद में आदेश दिया था कि पति अपनी पत्नी को प्रति माह 30 हजार रुपये देगा. इसके साथ ही फैमिली कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि पति अपनी पत्नी के साथ नाबालिग बेटे की परवरिश के लिए भी 15 हजार रुपये प्रति माह दे. दुमका फैमिली कोर्ट के इस आदेश को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी. जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई.

अलग करने का प्रयास करना ‘क्रूरता’ का कार्य

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि पत्नी ने जून 2018 में अपनी ससुराल छोड़ दिया और वापस अपनी ससुराल में आने से इनकार कर दिया. इसके बाद उसके पति ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 10 के तहत इस आधार पर मुकदमा दायर किया था कि उसकी पत्नी को उसकी बूढ़ी मां और नानी की सेवा करना पसंद नहीं था. इसी वजह से वह उस पर उनसे अलग रहने का दबाव बनाती थी. सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से की गई बहस और साक्ष्यों की जांच करने के बाद अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि पत्नी ने स्वेच्छा से अपना ससुराल छोड़ा था. उनके ससुराल छोड़ने का कारण बुजुर्ग सास और दादी सास की देखभाल की जिम्मेदारी को पूरा करने की अनिच्छा थी. जिसकी वजह से उसने अपने पति पर अलग रहने का दबाव डाला. अपने आदेश में जस्टिस सुभाष चांद ने नरेंद्र बनाम के मीना के केस में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का हवाला भी दिया, जिसमें यह माना गया था कि पत्नी द्वारा पति को परिवार से अलग करने के लिए लगातार प्रयास करना ‘क्रूरता’ का कार्य है.

रूस का सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त, 65 लोगों की मौत

एजेंसी। मॉस्को

रूस का एक सैन्य परिवहन विमान बुधवार को यूक्रेन की सीमा के नजदीक बेलगोरोड इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में 65 यूक्रेनियाई युद्धबंदी सवार थे और सभी की मौत हो गई है। क्षेत्र के गवर्नर ने यह जानकारी दी. तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बेलगोरोड क्षेत्र में दुर्घटना का कारण क्या था. गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने यह नहीं बताया कि विमान में कितने लोग थे या वे कौन थे.

एसोसिएटेड प्रेस इस बात की पुष्टि नहीं कर सका कि विमान में कौन सवार थे और यूक्रेन के अधिकारियों ने असत्यापित जानकारी साझा करने के प्रति आगाह किया. रूस की सरकारी समाचार एजेंसी ‘आरआईए नोवोस्ती’ ने रूस के रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि युद्धबंदियों को कैदियों की अदला-बदली के लिए सीमा क्षेत्र में ले जाया जा रहा था.

खास बातें

- विमान बर्फ से ढंके एक गांव में गिरा और आग लग गयी
- आरोप है कि यूक्रेन की सेना ने मिसाइल से हमला किया

66.4 फीसदी महिला और 33.6 फीसदी पुरुष हैं दक्ष

झारखंड में पुरुषों की तुलना में दोगुनी महिलाएं हैं हुनरमंद

रवि भारती। रांची

झारखंड में पुरुषों की तुलना में दोगुना महिलाएं हुनरमंद हैं. झारखंड में कौशल विकास योजना के तहत 588152 लोगों ने निबंधन करया. इसमें 429014 लोग इंरोल्ड हुए, जिसमें 388582 लोगों ने दक्षता हासिल की. इसमें 251228 लोगों को दक्षता प्रमाण पत्र मिला, जिसमें 148957 लोगों को विभिन्न कंपनियों में नौकरी मिली. बताते चलें की केंद्रीय योजना के तहत कौशल विकास में 4.26 करोड़ और राज्य स्कीम के तहत 7.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं.

प्लेसमेंट में भी महिलाओं ने मारी बाजी : श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार हुनरमंद महिलाओं ने प्लेसमेंट में भी बाजी मारी है. विभिन्न कंपनियों में 67.7 फीसदी महिलाओं का प्लेसमेंट हुआ है. जबकि 32.2 फीसदी पुरुषों का ही प्लेसमेंट हो पाया है. वहीं ओवरऑल 66.4 फीसदी महिलाएं हुनरमंद बन चुकी हैं, जबकि 33.6 फीसदी पुरुष ही हुनरमंद हुए हैं.



सबसे कम बीसी टू के लोग हैं हुनरमंद

जेनरल कटेगरी में सबसे अधिक हुनरमंद 28 .8 फीसदी लोग हैं . वहीं बीसी वन कटेगरी में 27 .4 फीसदी लोग हुनरमंद बने . एसटी कैटेगरी में 24 .8 फीसदी, एससी में 11 .5 फीसदी और बीसी टू में 7 .5 फीसदी लोग हुनरमंद बने हैं .

सबसे कम बीसी टू कैटेगरी के लोगों का प्लेसमेंट

श्रम विभाग के आंकड़ों के अनुसार सबसे बीसी टू कटेगरी के लोगों का प्लेसमेंट हुआ है . इस कैटेगरी में सिर्फ सात फीसदी लोगों को ही नौकरी मिल पाई है . जेनरल कैटेगरी में 27 .3 फीसदी लोगों को नौकरी मिली है . बीसी वन कटेगरी में 27 .2 फीसदी नौकरी मिली है . एससी कैटेगरी में 11 .5 फीसदी को ही नौकरी मिल पाई है .

डीसी को कोर्ट से राहत बरकरार अगली सुनवाई 1 फरवरी को

संवाददाता ।रांची

देवघर के तत्कालीन डीसी और वर्तमान में जमशेदपुर डीसी के पद पर तैनात मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. बुधवार की सुनवाई के दौरान अदालत ने देवघर डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को विस्तार देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है. झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में आईएएस मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सुनवाई हुई. उनकी ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अजय शाह ने पक्ष रखा. बता दें कि वर्ष 2022 में फ्लाईट टेकऑफ करने को लेकर हुए विवाद के बाद सांसद निशिकांत दुबे ने देवघर डीसी के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई है. जिसे रद्द करने के लिए आईएएस अधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पक्ष रखा.

एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

रांची । राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी गयी है. दूसरी बार आवेदन की तिथि को बढ़ाया गया है. पहले आवेदन करने की तिथि 19 जनवरी थी, उसे बढ़ा के अब 31 जनवरी कर दिया गया है.

गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि होंगे दुमका के शिक्षक डॉ सपन

रांची। दुमका के जरमुंडी प्रखंड के डुमरथर स्कूल के शिक्षक डॉ सपन पत्रलेख इस बार नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे. केंद्र सरकार की ओर से उन्हें वीआईपी गैलरी में अपने परिवार के साथ बैठकर गणतंत्र दिवस की परेड देखने का निमंत्रण मिला है. साथ ही वे 26, 27 एवं 28 जनवरी को बतौर विशेष मेहमान अलग-अलग कार्यक्रमों में दिल्ली में भाग लेंगे. झारखंड प्रदेश के ब्लैकबोर्ड मॉडल के जनक शिक्षक डॉ सपन पत्रलेख पीएम मन की बात कार्यक्रम के 100 वें एपिसोड में भी दिल्ली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए थे. डॉ कुमार को भारत में आयोजित जी 20 के सेवा समिट में भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था. पीएम मोदी ने सपन की चर्चा अपने मन की बात कार्यक्रम में भी की थी.

व्यवस्था के आकलन के लिए कांग्रेस नेताओं का दल पाकुड़ रवाना

प्रदेश अध्यक्ष ने की भारत जोड़ो यात्रा की व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा

संवाददाता। रांची

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की झारखंड में सफलता के लिए यात्रा का मार्ग, समय एवं तिथि,पड़ाव सहित सभी व्यवस्थाओं के आकलन के लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं का दल रांची से पाकुड़ रवाना हुआ. प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि नेताओं का दल रांची से इरबा चुट्टूपालू घाटी, चट्टी बाजार, रामगढ़, रजरप्पा, जरीडीह, चास, बोकारो, धनबाद, गोविंदपुर, देवघर होते हुए दुमका पहुंचा. इस दौरान ठहरने की जगह, सभा के लिए स्थल चुनाव, प्रचार-प्रसार की सारी व्यवस्था की पूरी समीक्षा की गई. प्रदेश अध्यक्ष ने तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश भी दिए.

तीन दिनों तक प्रदेश अध्यक्ष संताल में रहेंगे

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर तीन दिनों तक संथाल परगना क्षेत्र में रहकर न्याय यात्रा की तैयारी को अमली जामा पहनाएंगे . इसके बाद कार्यक्रम का पूरा खाका प्रदेश प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर के समक्ष रखेंगे . प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में शामिल दल मे प्रमुख रूप से रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, जयशंकर पाठक, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपू, संजय लाल पासवान, मानस सिन्हा,रियाज अंसारी, गजेंद्र सिंह, पप्पू अजहर शामिल है .

राकेश, वीरेंद्र व रास बिहारी के खिलाफ दायर पीआईएल खारिज

संवाददाता ।रांची

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के ओएसडी (विशेष कार्य पदाधिकारी) राकेश चौधरी, ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम और पथ निर्माण विभाग के निलंबित अभियंता प्रमुख रास बिहारी सिंह के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है. इस मामले में ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स विभाग और एसीबी की ओर से दिए गए जवाब से संतुष्ट होकर अदालत ने यह जनहित याचिका खारिज कर दी. राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता1 दर्शना पोद्दार मिश्रा ने बहस की. इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी. बता दें कि वर्ष 2019 में विभाग ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित दोराबजी ऑटो प्राइवेट, परसुडीह और सुंदर नगर स्थित पहाड़ी इंजीनियरिंग मुंशी मोहल्ला के आवास समेत छह स्थानों पर छापेमारी की थी. जहां आयकर विभाग को निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के करीबी सुरेश प्रसाद वर्मा के आवास से ढाई करोड़ कैश, भारी मात्रा में बेनामी संपत्ति के कागजात, सोने के आभूषण निवेश के कागजात समेत टैक्स चोरी से संबंधित दस्तावेज मिले थे.

'असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति प्रक्रिया क्यों नहीं शुरू हुई'

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने जेपीएससी से पूछा है कि असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति प्रक्रिया में अब तक क्या कार्रवाई हुई. साथ ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं होने के पीछे की वजह पूछी. अदालत ने इन बिंदुओं पर जेपीएससी को 15 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. इस संबंध में विवेक भुइयां की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गयी है. इसपर हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सोनम ने बहस की.

अवमानना याचिका दाखिल : दरअसल हाईकोर्ट ने पिछले साल 17 सितंबर को टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में आदेश दिया था. हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया था कि वैसे अभ्यर्थी जिनका सर्टिफिकेट आईटीपीआई (इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर ऑफ इंडिया) से 26 अगस्त 2020 के बाद जारी हुआ है, उन्हें जेपीएससी नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर करें. वहीं जिनका सर्टिफिकेट 10/8/2020 का है, उनका रिजल्ट जारी किया जाये. लेकिन आदेश के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, जिसके बाद अवमानना याचिका दाखिल की गयी है.

राजभवन में यूपी और दमन-दीव के स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा-विविधता में एकता ही हमारी शक्ति है

संवाददाता। रांची

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि विविधता में एकता ही हमारी शक्ति है. हम एक हैं और एक रहेंगे. विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का भी समुचित उपयोग किया जाना चाहिए. राज्यपाल बुधवार को राजभवन में यूपी और दमन-दीव के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि यूपी के प्रयागराज में हर 12 साल में कुंभ मेले का आयोजन होता है. यह तीर्थों की भूमि के साथ-साथ ज्ञान की भूमि भी है. यूपी की बीएचयू ने देश में ज्ञान के क्षितिज पर अहम योगदान दिया है.

पीएम नरेंद्र मोदी वाराणसी से सांसद हैं

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से सांसद हैं . पीएम के नेतृत्व में देशवासियों का आत्मसम्मान बढ़ा है . वाराणसी को धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक केंद्र के रूप में जाना जाता है . उत्तर प्रदेश विलक्षण प्रतिभाओं की भूमि है . राज्यपाल ने विकसित भारत के लिए सभी को अपना योगदान देने का आह्वान किया .

देश के विभिन्न प्रांतों का रहा है गौरवशाली इतिहास : राज्यपाल ने कहा कि देश के विभिन्न प्रांतों का अपना गौरवशाली इतिहास रहा है. समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी रही है. वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म समभाव की भावना सदियों से रही है. यह भावना स्थापत्य कला में भी झलकती है. ताजमहल की स्थापत्य कला पूरे विश्व में अद्वितीय है, वहीं अयोध्या के राम मंदिर की स्थापत्य कला भी अद्वितीय है.

CLASSIFIED

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | गुरुवार, 25 जनवरी 2024 ● पौष पूर्णिमा, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 278 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

झारखंड में 171 योजनाओं से सुदृढ़ होगी स्वास्थ्य विभाग की आधारभूत संरचना

इस साल चालू हो जाएंगे 500 बेड के पांच अस्पताल

अमित सिंह। रांची

झारखंड में ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा के साथ-साथ बेहतर माहौल मिले, इसके लिए प्रदेश में 171 योजनाओं पर काम चल रहा है. वर्ष 2024 में 500 बेड वाले पांच अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा. पांच जिले पलामू, हजारीबाग, दुमका, साकची और मानगो (जमशेदपुर) में अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है. इस साल अस्पताल को चालू करने का लक्ष्य है. दो अस्पताल का निर्माण एलएंडटी कंपनी कर रही है.

बोकारो में मेडिकल कॉलेज को रहा निर्माण : बोकारो में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कराया जा रहा है. इसपर सरकार द्वारा अबतक 50 करोड़ से ज्यादा खर्च किए जा चुके हैं. उम्मीद जताई जा रही है कि इसी वर्ष 500 शैय्या वाले मेडिकल कॉलेज का संचालन शुरू कर दिया जाएगा. इसे लेकर निर्माण कार्य की लगातार मॉनिटिरंग की जा रही है. मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर कुल 68 करोड़ 84 लाख रुपये खर्च होना है. जमशेदपुर के साचकी में 44 करोड़ की लागत से 500 शैय्या वाला अस्पताल भवन बन रहा है. गोड्डा के महगामा में 30.74 करोड़ की लागत से 300 शैय्या वाला अस्पताल, रांची में 50 शैय्या वाला आयुष धनवंतरी अस्पताल बन रहा है, जिसकी कुल लागत 19 करोड़ है. खूंटी में 52 करोड़ की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण हो रहा है. 3.50 करोड़ की लागत से खूंटी में 50 बेड का प्री फैब अस्पताल बनकर तैयार हो गया है.

प्रदेश में 94 योजनाओं पर चल रहा काम

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की कुल 171 आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं को चालू वित्तीय वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. इसमें से 77 योजनाओं का काम पूर्ण हो गया है. 94 योजनाओं का काम चल रहा है. इन सभी योजनाओं की मॉनिटरिंग झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड कर रहा है. प्रदेश में 56 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बन कर तैयार हो गए है, वहीं 26 का निर्माण चल रहा है. वहीं चाईबासा एवं कोडरमा में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी कराया जा रहा है.

ग्रामीणों को मिलेगी क्रिटिकल केयर की सुविधा

प्रदेश में 22 क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण हो रहा है. इस सबों के संचालित होने से ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बहुत कम समय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगा. स्वास्थ्य केंद्रों में भवन निर्माण, लैब, स्टोर, दवा वितरण काउंटर जैसी आधारभूत संरचनाओं को बेहतर किया जाएगा, ताकि लोगों को ग्रमीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मरीजों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने में अधिक से अधिक सहूलियत हो. इसके लिए प्रदेशस्तर पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्तर तक निगरानी हो रही है.

प्रदेश में इन योजनाओं पर चल रहा काम

मेडिकल कॉलेज –	2
500 शैय्या वाले अस्पताल –	5
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र –	82
क्रिटिकल केयर ब्लॉक –	22
नर्सिंग कॉलेज –	9
प्री-फैब अस्पताल –	29
अनुमंडलीय अस्पताल –	11
रिम्स –	10
बोकारो मेडिकल कॉलेज -	1

छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को दिया नोटिस

रांची/दिल्ली। लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. अब शीर्ष अदालत 23 फरवरी को उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई करेगा. सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मित्तल की कोर्ट में छवि रंजन की डिफॉल्ट बेल पर सुनवाई हुई. छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की. छवि रंजन ने जिस केस में डिफॉल्ट बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, वह चेशायर होम रोड स्थित भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा हुआ है. ईडी ने ईसीआईआर1/2023 दर्ज किया है. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड में जारी रही तालाबंदी

और तेज होगा आंदोलन

संवाददाता। रांची

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) में आठवें दिन भी तालाबंदी रही. एचईसी हेडक्वार्टर और एचएमबीपी मुख्य गेट के समक्ष कर्मियों ने प्रदर्शन किया. एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले सभा का आयोजन हुआ. सभा को विधायक राजेश कच्छप, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने भी संबोधित किया. उन्होंने मजदूरों को आश्वासन दिया कि आंदोलन में वे मजदूरों के साथ हैं. आवश्यकता पड़ी, तो एचईसी को बचाने के लिए दिल्ली में भी प्रदर्शन किया जाएगा. प्रदर्शन व सभा के बाद अफसरों व कर्मचारियों ने एचएमबीपी गेट के समक्ष सामूहिक भोजन ग्रहण किया. समिति की ओर से दाल, भात और सब्जी की व्यवस्था की गई थी. समिति के मनोज पांडेय ने बताया कि जबतक आंदोलन चलेगा, दोपहर का भोजन एचएमबीपी गेट के समीप रोजाना उपलब्ध कराया जाएगा.

एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति का कहना है कि जबतक बकाया वेतन का भुगतान नहीं होता, अस्थाई कर्मचारियों का कॉन्ट्रैक्ट नहीं हो जाता, तबतक आंदोलन जारी रहेगा. आज के कार्यक्रम में समिति में शामिल एचईसी श्रमिक कर्मचारी यूनियन के प्रकाश कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार, संजय सिन्हा और शुभाष चौधरी, हटिया मजदूर यूनियन महेंद्र कुमार, दीपक कुमार, भवन सिंह, हरेंद्र यादव, हटिया कामगार यूनियन के एम.पी. रामचंद्र, आर.के. शाही, अर्जुन, राम सुंदर स्वामी, अमरेंद्र कुमार, सप्लाई संघर्ष समिति के दिलीप सिंह, मनोज पाठक, वाई. त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, हटिया मजदूर लोक मंच के राम कुमार नायक, कमल महली, चिराग बारला, सुनील तिर्की और हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के गिरिश चौहान आदि शामिल थे.

आठवें दिन भी कामकाज ठप

- हेडक्वार्टर व एचएमबीपी के मुख्य गेट पर कर्मियों ने किया उग्र प्रदर्शन
- एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले सभा का आयोजन
- विधायक राजेश कच्छप, रामटहल चौधरी सहित अन्य भी मौजूद रहे

बिना वार्ता किसी भी हड़ताल का हल नहीं : राणा संग्राम सिंह

हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय वरीय सचिव राणा संग्राम सिंह ने कहा कि बिना वार्ता किसी भी हड़ताल का कोई हल नहीं निकलता है. निस्संदेह एचईसी अपने कार्यकाल के सबसे भयानक दौर से गुज़र रहा है. कर्मचारियों को डेढ़ वर्ष से भी ज्यादा दिनों से वेतन नहीं मिला है. भुखमरी से पीड़ित कामगार आंदोलन कर रहे हैं. प्रबंधन श्रमसंघों से समस्या का हल निकालने के लिए वार्ता प्रारंभ करें या श्रमविभाग हस्तक्षेप कर वार्ता प्रारंभ करावे या भारी उद्योग मंत्रालय भारत सरकार अपने स्तर पर हस्तक्षेप कर वार्ता प्रारंभ करें. श्री राणा ने कहा कि एचईसी भारत सरकार का सार्वजनिक उपक्रम है और बिना भारत सरकार के सहयोग से आज की तिथि में एचईसी को चलाना मुश्किल है. श्रमसंघों को भारत सरकार पर, भाजपा सांसदों के माध्यम से दबाव बढ़ाना चाहिए कि एचईसी का पुनरुद्धार करें और वेतन भुगतान की अविलंब व्यवस्था करें. हमारी सभी श्रमसंघों से सादर अपील है कि जिस तरह कामगारों का वेतन आवश्यक है उसी तरह कंपनी का चलना भी आवश्यक है, क्योंकि कंपनी चलेगी तभी कर्मचारियों का वेतन लगातार मिलता रहेगा. इसलिए प्रबंधन से बात कर बीच का रास्ता निकाल कर कारखाने में काम प्रारंभ करें.

रिम्स में 40 बेड वाले न्यूरो सर्जरी विभाग का एक्सटेंशन वार्ड का किया गया उद्घाटन

संवाददाता। रांची

- 40 लाख की लागत से विभाग के एक्सटेंशन वार्ड का हुआ है निर्माण
- वार्ड में माइनर ओटी, ड्रेसिंग रूम, एचडीयू व अन्य उपकरण लगे हैं

रिम्स के न्यूरो सर्जरी विभाग में आने वाले गंभीर मरीजों को फर्श पर इलाज से मुक्ति मिलेगी. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा बुधवार को रिम्स के पुराने इमरजेंसी में 40 लाख की लागत से 40 बेड का न्यूरो सर्जरी विभाग का एक्सटेंशन वार्ड का उद्घाटन किया गया. उद्घाटन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ कांके विधायक समरी लाल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स निदेशक डॉ आरके गुप्ता समेत अन्य कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. एक्सटेंशन वार्ड में माइनर ओटी, ड्रेसिंग रूम, एचडीयू समेत अन्य उपकरण लगाए गए हैं. यहां चिकित्सक और नर्स की तैनाती रहेगी. न्यूरो से संबंधित गंभीर मरीजों का उपचार जल्दी शुरू किया जाएगा.

वहीं, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य व राज्य से बाहर न्यूरो से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा है. हेड इंज्यूरी से लेकर स्पाइनल इंज्यूरी तक के मामले आते हैं. हमारे पास 120 बेड पहले से थी, इसके साथ 40 नए बेड लगाए गए हैं. मुझे पता है कि इसे और बढ़ाने की जरूरत है.

वहीं रिम्स के निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने कहा कि अस्पताल के निरीक्षण के दौरान देखा कि ओल्ड इमरजेंसी बंद पड़ा हुआ है. जिसे न्यूरो सर्जरी विभाग का एक्सटेंशन बनाने का निर्णय लिया गया और इसे पूरा कर दिया गया है. अब मरीजों को फर्श पर इलाज से मुक्ति मिलेगी.

एक्सटेंशन वार्ड का उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता व अन्य.

11 फरवरी को रांची आएंगे पीएम मोदी

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 फरवरी को रांची आएंगे. 11 फरवरी को रांची में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से जनजाति सम्मेलन का आयोजन किया गया है. इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों से आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे. भाजपा एसटी मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री को निमंत्रण दिया गया है. मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति दे दी है. मोर्चा की ओर से रांची के प्रभात तारा मैदान में जनजाति सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसमें पीएम जनजाति समाज के साथ सीधा संवाद भी कर सकते हैं. इससे पहले प्रधानमंत्री 14 नवंबर को रांची आये थे और 15 नवंबर को खूंटी में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए थे.

गणतंत्र दिवस : एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट, पास पर लगी रोक

विशेष संवाददाता। रांची

गणतंत्र दिवस को लेकर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है. एयरपोर्ट की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए सीआईएसएफ की विशेष तैनाती की गई है. टर्मिनल बिल्डिंग के अलावा सिटी साइट में सुरक्षा बल नजर रख रहे हैं. एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की जांच के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा चक्र तैयार किए गए हैं. ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्युरिटीज ने एहतियात बरतते हुए टर्मिनल में अस्थाई एयरपोर्ट इंट्री पास और विजिटर इंट्री पास पर रोक लगा दी है. यह रोक 31 जनवरी तक लागू रहेगी. प्रतिबंध के दौरान एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर यात्रियों के अलावा सिर्फ एयरपोर्ट कर्मियों को ही प्रवेश की इजाजत है. रांची एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को सबसे पहले टर्मिनल इंट्री गेट पर रोका जा रहा है. वहां यात्रियों के टिकट और पहचान पत्र की जांच की जा रही है. आने जाने वाले वाहनों पर भी नजर रखी जा रही है. दूसरे चरण में यात्रियों के सामान का एक्स-रे कराया जा रहा है. रजिस्टर्ड बैगेज की जांच की जा रही है. उसके बाद यात्रियों की व्यापक सुरक्षा जांच और हैंड बैगेज का एक्स-रे किया जा रहा है. हैंड बैगेज एवं बोर्डिंग पास की जांच अंतिम बार विमान में चढ़ने से पहले किया जा रहा है.

खास बातें

- एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की हुई विशेष तैनाती
- सुरक्षा कारणों से लगी यह रोक 31 तक जारी रहेगी

दो वाहनों में हुई टक्कर अधिवक्ता की मौत

इटकी। एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार को कुर्गी बस्ती के पास मारुति वैन और पिकअप वैन के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें रांची हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रभु नाथ प्रसाद (77 वर्ष) की हॉस्पिटल ले जाने के क्रम में मौत हो गयी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दिन के 12 बजे के करीब बेड़ो से पिकअप वैन जेएच-02एवाई-0863 रांची की ओर आ रहा था. इसी क्रम में मारुति वैन जेएच-01डीजे-2806 रांची से बेड़ो की ओर जा रहा था. कुर्गी बस्ती के करीब अधनिर्मित सड़क के समीप डायवर्सन मे मारूति वैन बेड़ो से आ रही पिकअप वैन से टकरा गई.

अमन साहू गैंग के शूटर से हो रही पूछताछ

संवाददाता। रांची

अमन साहू गैंग के शूटर चंदन साहू को रांची पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. कोयला कारोबारी रंजीत गुप्ता को गोली मारने से जुड़े मामले में अरगोड़ा थाना पुलिस ने चंदन को 48 घंटे की रिमांड पर लिया है. रंगदारी नहीं देने पर अमन साहू के निर्देश पर चंदन साहू और गैंग के शूटर वारिस अंसारी ने रंजीत गुप्ता को गोली मारी थी. वर्तमान में चंदन बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में बंद है.

कोल माइनिंग कंपनी के अधिकारी की हत्या कर चर्चा में आया था चंदन : चंदन साहू हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित कोल माइनिंग कंपनी रितविक के अधिकारी शरद बाबू की हत्या और उनके सरकारी अंगरक्षक को गोली मारकर चर्चा में आया था. एटीएस ने चंदन को गिरफ्तारी किया था. इसके बाद उसकी निशानदेही पर हथियार बरामदगी के दौरान एटीएस टीम की अमन साहू गैंग के शूटरों से मुठभेड़ हो गयी थी. मुठभेड़ में गोली लगने से एटीएस के डीएसपी नीरज कुमार और एसआई सोनू साहू गंभीर रूप से घायल हो गये थे.

अमन साहू का खास मयंक सिंह विदेशों में बैठ कर गैंग को कर रहा ऑपरेट

अमन साहू का खास मयंक सिंह विदेशों में बैठ कर गैंग को ऑपरेट कर रहा है. पुलिस जांच में मयंक का लोकेशन सिंगापुर, कनाडा, मलेशिया, वियतनाम, थाइलैंड में पाया गया है. राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के घरसाना का रहने वाला सुनील मीना सिंगापुर में बैठ कर गैंग के लिए पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली के शूटरों को गैंग से जोड़ रहा है. सुनील पहले लॉरेंस बिश्नोई का खास रह चुका है और फिलहाल सिंगापुर में बैठा है. राजस्थान में हुई राष्ट्रीय करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या में रोहित गोदारा की भूमिका सामने आने के बाद राजस्थान पुलिस ने सुनील मीना के घरवालों से भी पूछताछ की थी और इस घटना में सुनील मीना की भूमिका की जानकारी जुटायी थी. बताया जाता है कि राजस्थान पुलिस की जांच में रोहित गोदारा और सुनील मीना के संपर्क में होने की पुष्टि हुई है.

माकपा ने किया प्रदर्शन आक्रोश सभा आयोजित

रांची। माकपा के राज्य कमेटी सदस्य सुभाष मुंडा के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर माकपा ने आक्रोश जताया. बुधवार को माकपा नगड़ी लोकल कमेटी के तत्वावधान में शहीद सुभाष चौक पर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया. अविलंब बाकी हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की. इसके पूर्व मिट्टा टोली से जुलूस निकाला गया, जो दलादिली चौक के समीप पहुंचकर प्रदर्शन सह आक्रोश सभा में तब्दील हो गया. वक्ताओं ने कहा कि एसआईटी के सुस्त हो जाने के कारण अब तक सुभाष मुंडा के बाकी हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

आईपीएस प्रभात कुमार समेत 53 पुलिस अफसर-कर्मी 26 को होंगे सम्मानित

संवाददाता। रांची

आईपीएस प्रभात कुमार, अनूप बिरथरे समेत 53 पुलिस अधिकारी और कर्मी 26 जनवरी को सम्मानित किये जाएंगे. इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा पत्र जारी किया गया हैं. जारी पत्र में के मुताबिक, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से दो पुलिस पदाधिकारी, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 23 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी, वीरता के लिए पुलिस पदक से 23 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी, असाधारण आसूचना कुशलता पदक से पांच अधिकारी और कर्मी, और अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से दो पुलिस पदाधिकारी सम्मानित होंगे.



- **विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से दो पुलिस पदाधिकारी सम्मानित होंगे :** डीएसपी वेंकटेश कुमार, डीएसपी नवीन कुमार लकड़ा.

सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से 23 पुलिस पदाधिकारी और कर्मी सम्मानित होंगे

डीएसपी अरविंद कुमार सिंह, डीएसपी अनिमेष कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर विमल कांत कुंवर, एसआई साकिर अंसारी, एएसआई जेम्स टोप्पो, एएसआई रजनीश कुमार, हवलदार मुकरू सुंडी, हवलदार बलराम बहादुर राणा, हवलदार सुभाष धोबी, आरक्षी मंगल मुरुंग , आरक्षी लालू लामा, इंस्पेक्टर शंकर कामती, एसआई तुफैल खां, एसआई गुरुदेव ठाकुर, एसआई सिंहराज तमांग, एएसआई अरशद खां, एएसआई बसंत पासवान, एएसआई रंजीत कुमार, हवलदार बच्चन कुमार सिंह, हवलदार अमित कुमार, हवलदार प्रभा केरकेट्टा, हवलदार संजय कुमार गोराई.

वीरता के लिए पुलिस पदक से 23 पदाधिकारी व कर्मी होंगे सम्मानित

आईपीएस के विजय शंकर, शहीद आरक्षी कृष्ण प्रसाद न्यौपाने, शहीद आरक्षी प्रमानंद चौधरी, शहीद आरक्षी अजीत ओडैया, शहीद आरक्षी कुंदन कुमार सिंह, शहीद आरक्षी देव कुमार महतो, शहीद आरक्षी अजय कुजूर, एसआई सुशील टुडू, एसआई प्रभात रंजन राय, आरक्षी छोटे लाल कुमार, एसआई फागू होरो, इंस्पेक्टर लिलेश्वर महतो, एसआई रामेश्वर भगत, एएसआई अर्जुन सिंह, डिप्टी कमांडेंट बिपुल पांडे, इंस्पेक्टर बृज कुमार, एसआई सत्येंद्र सिंह, हवलदार अरविंद मिंज, आरक्षी नवनीत नवल, एसआई अर्जुन सिंह, आरक्षी रंजीत कुमार, डिप्टी कमांडेंट रमेंद्र कुमार, इंस्पेक्टर जॉन मुर्मू.

- **असाधारण और सूचना कुशलता पदक से पांच अधिकारी और कर्मी होंगे सम्मानित :** आईपीएस प्रभार कुमार, आईपीएस अनूप बिरथरे, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, आरक्षी मुकेश कुमार सिंह.
- **अनुसंधान में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृह मंत्री पदक से दो पुलिस पदाधिकारी सम्मानित होंगे :** एसआई रूपा बाखला, डीएसपी जय प्रकाश चौधरी.

कमिश्नर ने समारोह के लिए राज्यपाल को किया आमंत्रित

रांची। दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त दशरथ चंद्र दास ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की. इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्यपाल को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने का न्योता दिया और आमंत्रण पत्र सौंपा.

रिम्स ओपीडी

विभाग — डॉक्टर का नाम

- मेडिसिन : डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजी : डॉ अजीत कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिक : डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजी : डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्ट : डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्र : डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनी : डॉ मीणा मेहता
- ईएनटी : डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजी : डॉ अनूप कुमार
- सीटीवीएस : डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजी : डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्री : डॉ अजय बाखला
- पीडियेट्रिक सर्जरी : डॉ अभिषेक रंजन

सदर ओपीडी

विभाग — डॉक्टर का नाम

- मेडिसिन : डॉ आशुतोष कुमार, डॉ अरुणोदय और डॉ सत्येंद्र
- ऑब्स एंड गायनी : डॉ किरण चंदेल, डॉ अनुवी
- पीडियाट्रिक : डॉ मृत्युंजय
- हेमाटोलॉजी : डॉ अभिषेक रंजन
- पीडियेट्रिक सर्जरी : डॉ जैनेंद्र कुमार
- कार्डियोलॉजी : डॉ राकेश झा
- सर्जिकल ऑन्कोलॉजी : डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजी : डॉ नवीन कुमार बर्णवाल

शहर में आज

1. संत माइकल स्कूल में संत पॉल दिवस- दिन के 8.30 बजे
2. सरला बिरला स्कूल में एनुवल डे- दिन के 10 बजे
3. आर्यभट्ट सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस- मध्याह्न 12 बजे
4. शहर में विभिन्न कार्यक्रम

सूचना: शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

ब्रीफ खबरें

रांची विवि ने नैक को भेजी एनुअल रिपोर्ट

रांची। रांची विवि ने आईक्यूएआर 2022-23 की रिपोर्ट प्रोफाइल नैक को ऑनलाइन जमा किया. इसे कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने किया. यह 2022-23 का प्रोफाइल है. इस अवसर पर आइक्यूएसी निदेशक डॉ. सुदेश कुमार साहू, कुलसचिव डॉ. विनोद नरायण, एफए डॉ. ज्योति प्रकाश, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष कुमार झा, सीसीडीसी डॉ. प्रकाश कुमार झा आदि शामिल रहे.

नितेश लोहरा की मौत की जांच की उठी मांग

रांची। भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने नितेश लोहरा की संदेहात्मक स्थिति में हुई मौत की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है. कहा कि मृतक के परिजनों द्वारा पहले ही दिन से बड़ी साजिश की आशंका जताई जाती रही है. अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर में जहर मिलने की पुष्टि होने से किसी बड़ी साजिश से कतई इंकार नहीं किया जा सकता है.

स्व. अब्दुल रज्जाक की जयंती मनायी

रांची। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेस के वरीय नेता मंजूर अहमद अंसारी की अध्यक्षता में स्वर्गीय हाजी अब्दुल रज्जाक अंसारी की 107 वीं जयंती मनाई गई. संचालन करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी ने कहा कि स्वर्गीय अब्दुल रज्जाक अंसारी का जीवन संघर्षों से भरा रहा.

बोंगा से मांगा गया आशीर्वाद, दस्तावेज में आदिवासियों के सामाजिक, आर्थिक एवं संवैधानिक मुद्दों पर चिंतन

पाइका नृत्य के साथ आदिवासी सामाजिक दस्तावेज का विमोचन

संवाददाता। रांची

मोरहाबादी मैदान में बुधवार को आदिवासी जनाधिकार मंच द्वारा आयोजित आदिवासी एकता महारैली के संदर्भ में आदिवासियों के अधिकार और उनकी वर्तमान स्थिति के संदर्भ में दस्तावेज का विमोचन किया गया. इस दौरान सखुआ के पत्ते पर पाइका नृत्य किया. वहीं बोंगा से आशीर्वाद मांगा गया. इस अवसर पर 4 फरवरी को होने वाली महारैली को सफल बनाने के लिये सघन जनसंपर्क करने का निर्णय लिया गया. साथ ही एकता के साथ लड़कर अपना अधिकार लेने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभाकर तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के साथ ही मूलवासी हितों के प्रति समर्पित प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति को संविधान में अधिकार दिए गए. आदिवासियों के अधिकार और उसके संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से आदिवासियों के मुद्दों को जनता के बीच ले जाया जाएगा. इसी सामाजिक चिंतनऔर आदिवासियों की एकता स्थापित करने को लेकर दस्तावेज तैयार किया गया है.

वहीं, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट करने की जरूरत है. आदिवासियों को न केवल जागरूक करना, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान करना भी जरूरी है. आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जंगल से हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं और वहां से आदिवासी विस्थापन के लिए मजबूर हो रहे हैं. आदिवासी समाज इसका कड़ा विरोध करता है.

आदिवासी गोलबंदी

- 4 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में होगा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन
- एकता के साथ लड़ कर अपना अधिकार लेने का सभी ने लिया संकल्प

आदिवासी एकता को तोड़ने की हो रही कोशिश : बरला

दयामणि बरला ने कहा कि झारखंड के संसाधनों को लूटने का बहुत ज्यादा प्रयास हो रहा है. झारखंड में जो भी संसाधन बचा है, उसके पीछे आदिवासियों एवं मूलवासियों की गोलबंदी है. वहीं रमा खलखो ने कहा कि सरना एवं ईसाई आदिवासियों को लड़ाने के साथ ही उनकी एकता को तोड़ने की भी कोशिश की जा रही है. आदिवासियों के अधिकार छीनने का प्रयाय हो रहा है. केंद्र सरकार और भाजपा आदिवासियों का आरक्षण समाप्त करना चाहती है.

आदिवासी हितों की सुरक्षा के लिए दस्तावेज : रतन तिर्की

रतन तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज के हितों की सुरक्षा के लिए यह दस्तावेज तैयार किया गया. यह पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों के दृष्टिकोण से भी कारगर साबित होगा. मौके पर प्रेम शाही मुंडा, प्रेमचंद मुर्मू, प्रकाश तिर्की, मोनालिसा लकड़ा, हरि नारायण महली, सुषमा बिरुली, महादेव टोप्पो, दिनेश उरांव, शंकर धान, जगदीश लोहरा, मनसा लोहरा, शिवा कच्छप आदि थे.

खुद को गांव से और गांव को भाजपा से जोड़ें भाजपा कार्यकर्ता : बाबूलाल

गांव की ओर भाजपा का फोकस

चुनावी रणनीति

- गांव चलो अभियान का प्रदेश स्तरीय कार्यशाला संपन्न
- 4 से 11 फरवरी तक गांव-गांव जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता। रांची

आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अब गांवों की ओर पूरा ध्यान लगा दिया है. इसी के तहत पार्टी गांव चलो अभियान चला रही है. इस अभियान को लेकर रांची के प्रदेश भाजपा मुख्यालय में राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, वंचित को समर्पित रही है. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार से शुरू हुई विकास यात्रा ने पीएम मोदी के नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है. कहा कि जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है. हम गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जाएं और उन्हें मजबूत भारत, आत्म निर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के संकल्प का निमंत्रण दें. कार्यकर्ता इस अभियान के तहत खुद को गांव से और गांव को भाजपा से जोड़ें.

घर-घर पीएम मोदी का दूत बनकर जाएं : कर्मवीर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने गांव चलो अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि भारत की आत्मा गांव में निवास करती है. ग्रामीण विकास से ही विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है. गांव चलो अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता पीएम मोदी का दूत बनकर घर-घर जाएं. उन्होंने यह भी कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता हर गांव में पहुंचेंगे.

पीएम मोदी के समर्थन में है वातावरण : बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में स्वतः स्फूर्त वातावरण है. पूरा देश सकारात्मक ऊर्जा से भरा हुआ है. देश के सभी वर्गों, क्षेत्रों के विकास के साथ आज भारत का सांस्कृतिक गौरव भी प्रतिष्ठित हुआ है. बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, विकास प्रीतम, जवाहर पासवान, लुइस मरांडी, बड़कुंवर गगराई, अशोक भगत, कालीचरण सिंह, आरती कुजूर आदि मौजूद थे.

समाजसेवी शंकर दुबे ने थामा भाजपा का दामन

रांची। समाजसेवी शंकर दुबे ने भाजपा का दामन थाम लिया है. राजधानी के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन में आयोजित मिलन समारोह में अपने समर्थकों के साथ उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शंकर दुबे और उनके समर्थकों को माला पहनाकर भाजपा में उनका स्वगत किया. इस मौके पर शंकर दुबे ने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए कड़ी मेहनत करेंगे. राजनीतिक के साथ-साथ सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में भी पार्टी के लिए समर्पित होकर काम करेंगे. उन्होंने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी और बाबूलाल मरांडी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं. पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शंकर दुबे जैसे सामाजिक कार्य करने वाले व्यक्ति के आने से भाजपा को मजबूती मिलेगी. भाजपा की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से अली उमर, विशाल कुमार राय, सतीश सोनी, संतोष कुमार उपाध्याय, शेखर, आकाश दुबे, विशाल रजक, निकिता सोनी और सुनील दुबे शामिल थे.

भाजपा ने जारी की प्रभारी, संयोजक और सह संयोजकों की सूची

रांची। भाजपा ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रभारी, संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति कर दी है. इस अनुसार राकेश प्रसाद को राजमहल लोकसभा का प्रभारी, अनंत ओझा संयोजक और दुर्गा मरांडी सह संयोजक बनाए गए हैं. राज पलिवार को दुमका जिला का प्रभारी बनाया गया है. गणेश मिश्र को गोड्डा, राज सिन्हा को गिरिडीह, सुरेश साहू को धनबाद, कालीचरण सिंह को कोडरमा, शशिभूषण भगत को हजारीबाग, बालमुकुंद सहाय को रांची, डॉ. रविन्द्र कुमार राय को खूंटी, मनोज सिंह को लोहरदगा, डॉ. प्रदीप वर्मा को जमशेदपुर, आदित्य साहू को चतरा और विनय लाल को पलामू का प्रभारी बनाया गया है.

आदिवासी संगठन का रांची में पैदल मार्च 11 को

रांची। विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से 11 फरवरी को रांची में पैदल मार्च किया जाएगा. यह जानकारी बुधवार को करमटोली स्थित धुमकुड़िया भवन में पूर्व मंत्री देवकुमार धान ने दी. यह पैदल मार्च 18 फरवरी को कुर्मी संगठनों की ओर से होनेवाली हुंकार रैली के विरोध में किया जाएगा. यह विरोध जारी रहेगा और कुरमी समुदाय को कभी आदिवासी नहीं बनने देंगे. उन्होंने 4 फरवरी को डीलिस्टिंग के खिलाफ और आदिवासी एकता के नाम पर घोषित बंधु तिर्की की रैली को लक्ष्य करते हुए कहा कि यह रैली पूरी तरह राजनीतिक है. उन्होंने यह भी कहा कि बंधु तिर्की ईसाई हैं. पूर्व मंत्री ने कहा कि आजादी के पहले भी कुरमी कभी आदिवासी नहीं थे. कुरमी समाज ने स्वयं तय किया था और अपने आपको शिवाजी का वंशज कहते थे.

ईसाई समुदाय से आते हैं बंधु तिर्की : सोमा उरांव

रांची। जनजाति सुरक्षा मंच के लोगों ने कहा कि 4 फरवरी को होने वाली आदिवासी एकता रैली पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और ईसाइयों के द्वारा बुलाई गई है. ऐसी रैली से आदिवासी समाज को सावधान रहना चाहिए. उक्त बातें बरियातु स्थित वनवासी कल्याण केद्र में बुधवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जनजाति सुरक्षा मंच के मीडिया प्रभारी सोमा उरांव ने कही. उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री को सुरक्षित आदिवासी सीट से चुनाव नहीं लड़ने दिया जाएगा. यदि उन्हें लड़ना है, तो जनरल सीट से लड़े. क्योंकि बंधु तिर्की इसाई धर्म से आतें है. जनजातियों के आरक्षण का लाभ धर्मांतरित इसाई व मुस्लिम ले रहे हैं. यह भी कहा कि डीलिस्टिंग संविधान में कानून बनता है, तो पहला डीलिस्टिंग पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का किया जाएगा.

न्यूज अपडेट

जमीयतुल कुरैश ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

रांची। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी 2005 से झारखंड में संवैधानिक तरीके से वधशाला निर्माण की मांग करते आ रहे हैं. इसी मांग के तहत बुधवार को कैबिनेट के समापन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रदेश अध्यक्ष ने मुलाकात की और अपने लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा. सीएम ने समाधान हेतु कार्य का आश्वासन दिया. मौके पर मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद, पंचायत अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू, महासचिव प्रवेज कुरैशी आदि शामिल थे.

मिर्जाचौकी झारखंड का पहला उत्कृष्ट थाना बना

रांची। गृह मंत्रालय भारत सरकार ने सर्वोत्तम थानों के श्रेणीकरण में साहिबगंज जिले के मिर्चाचौकी थाने को देश भर में सातवां और झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ. इसे लेकर बुधवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मिर्जाचौकी थाना प्रभारी प्रकाश रंजन को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस प्रदान कर सम्मानित किया है. साथ ही तत्कालीन एसपी और वर्त्तमान में डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, पूर्व एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, इंस्पेक्टर शशि भूषण चौधरी और प्रभात कुमार सिंह को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

छात्र जदयू ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती

रांची। झारखंड छात्र जदयू ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया. इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय के इस पुरोधा ने देश में बराबरी के हक की बात की. कर्पूरी ठाकुर को लंबे इंतजार के बाद भारत रत्न दिये जाने के निर्णय की सराहना की गयी. इस अवसर पर डॉ विनय भरत, डॉ मुकेश यादव, मलय कुमार, अंजली राधारानी, अनामिका सोरेन, पूजा कुमारी, कोमल कुमारी, आयुष शर्मा,प्रिया कुमारी, मानसी विश्वास, अनीश कुमार, प्राची सिंह, और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय छात्र जदयू की अध्यक्षा तन्वी बरदियार उपस्थित थे.

युवा राजद ने कर्पूरी ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

रांची। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती युवा राजद ने मनाया. अध्यक्षता युवा राजद के अध्यक्ष रंजन कुमार ने की. कर्पूरी ठाकुर की फोटो पर फूल-माला चढ़ा कर उसे याद किया गया. इस दौरान गौतम सागर राणा, अभय सिंह, राजेश यादव, कैलाश यादव, अनीता यादव, विजय राम, मंतोष यादव, क्षितिज मिश्रा, राजकिशोर सिंह यादव, गौरी शंकर यादव, नंदन यादव,आबिद अली समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे. उपस्थित लोगों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा स्वागत योग्य है. यह भी कहा कि आज केंद्र सरकार में वहीं मनुवादी विचारधारा के लोग हैं, जिसने तत्कालीन मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर द्वारा पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विरोध में उन्हें गंदी और भद्दी गालियां देने का काम किया गया था.

कर्पूरी ठाकुर को मोदी सरकार ने दिया सम्मान

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न समान से सम्मानित किए जाने का स्वागत किया है. उन्होंने रांची के हिनू स्थित कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि कर्पूरी ठाकुर समाज के दलित-शोषित-पिछड़े वर्ग के हक की लड़ाई लड़ने वाले लोकप्रिय जननेता थे. बाबूलाल ने उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया. कहा कि यह राजनीतिक सामाजिक जीवन की शुचिता और ईमानदारी का सम्मान है. स्व ठाकुर इसके सच्चे हकदार थे.

जदयू नेताओं ने जननायक कर्पूरी को किया याद

रांची। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी जयंती के अवसर पर हिनू स्थित कर्पूरी चौक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इसके बाद प्रदेश जदयू कार्यालय में भी उन्हें याद किया गया. मौके पर जदयू नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, आशा शर्मा, बैद्यनाथ पासवान, रत्ना शर्मा, लालचन महतो, महेश्वर प्रसाद, अनिल यादव, रामजी प्रसाद व अन्य ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. मौके पर खीरू महतो ने कहा की कर्पूरी ठाकुर जननायक थे. उन्हें भारत रत्न की घोषणा से बेहद खुशी मिली है. बतौर मुख्यमंत्री बिहार और देश में प्रथम बार पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिलाने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी.

पेंशनर्स एसो. प्रतिनिधिमंडल डाक निदेशक से मिला

रांची। ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल एम जेड खान के नेतृत्व में नव पदस्थापित डाक निदेशक पंकज कुमार मिश्र से मिला और उन्हें पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में पोस्टमैन के जनवरी 1996 से बकाया भुगतान, प्रोविजनल पेंशन के भुगतान पर रोक, 1 जनवरी 1986 से प्रशिक्षण अवधि का प्रोन्नति में गणना कर लाभ देना, पेंशनर्स के लंबित यात्रा भत्ता का अविलंब भुगतान आदि शामिल था. निदेशक ने गंभीरता से प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनीं और आश्वस्त किया कि जल्द ही आवश्यक कार्रवाई कर एसोसिएशन को सूचित किया जाएगा. प्रोविजनल पेंशन के भुगतान पर अनावश्यक रोक पर कहा कि मंडल अधीक्षकों की बैठक में चर्चा कर उचित एवं न्यायसंगत करवाई की जाएगी.

7232 सहायक शिक्षकों के पद सृजन पर सीएम को दी बधाई

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य के गठबंधन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य के प्राथमिक विद्यालय में उर्दू के लिए 7232 सहायक आचार्य का पद सृजन कर प्रस्ताव की मंजूरी दी गई. इसका पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, मंजूर अहमद अंसारी, गुलफाम मुजिबि, खुर्शीद हसन रूमी ने स्वागत किया है. सभी ने कहा कि जो पद सृजित की गई है और जिसकी मंजूरी दी गई है, उस पर बहाली की प्रक्रिया शुरू करेंगे, ताकि जो पद प्रतियार्पित किया गया है, उसका लाभ उर्दू भाषियों को मिल सके. कुछ लोगों को भ्रम है कि 3712 जो पद बाइलॉग के थे, उसे प्रतियार्पित कर सहायक आचार्य समाहित कर दिया गया है और स्केल में बदलाव किया गया है. आने वाले दिनों में जब बहाली हो जाएगी और तनख्वाह मिलने लगेगी, तब यह पे स्केल भी एक रिट से ठीक हो जायेगा.

मालूम हो कि फुरकान अंसारी, मंसूर अहमद अंसारी, खुर्शीद हसन रूमी ने मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री हाफिजुल हसन के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर यह मांग की थी कि उर्दू के पद को सृजित कर मंजूरी दी जाये. जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी, इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई के पात्र हैं.

आरडीबीए चुनाव : काउंटिंग पूरी, बबलू कुमार को सबसे ज्यादा 737 वोट

रांची। रांची जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्यों के लिए हुए वोटों की काउंटिंग खत्म हो गई है. कार्यकारिणी समिति के चुनाव में सबसे ज्यादा वोट लाकर अधिवक्ता बबलू कुमार सिंह 737 मतों के साथ पहले स्थान पर रहे. वहीं दूसरे स्थान पर 674 वोट लाकर अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप और शंकर कुमार शर्मा 608 मत लाकर तीसरे स्थान पर काबिज हुए. इसके अलावा अधिवक्ता मनीष कुमार को 594 वोट मिले. अधिवक्ता राम कृष्ण भगत 590 वोट, अधिवक्ता असीम कच्छप 594 वोट, महिला अधिवक्ता सोसन नाग 496 वोट, अधिवक्ता शशि रंजन महतो 470 और अधिवक्ता राज किशोर महतो 447 वोट लाकर कार्यकारिणी सदस्य की सीट पर कब्जा जमाने में कामयाब हुए. रांची जिला बार एसोसिएशन की नयी कमिटी के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हुआ था. इसमें 1863 मतदाताओं ने मतदान किया.

संविधान की प्रस्तावना हमारे सपनों का विचार : डॉ. महुआ

संवाददाता । रांची

चैंबर भवन के कार्यालय में बुधवार को लगाये गये भारत के संविधान के प्रस्तावना पट्ट का राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने अनावरण किया. उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में उस मौलिक दर्शन व मौलिक मूल्यों का उल्लेख है, जो हमारे संविधान के आधार हैं.

संविधान की प्रस्तावना हमारे दीर्घकालिक सपनों का विचार है, संसद में महिलाओं की कम संख्या पर भी उन्होंने कहा कि जब संसद में संविधान पारित हुआ, तब महिलाओं की आबादी 6 फीसदी थी. वहीं, आज महिलाओं का संख्या मात्र 14 फीसदी है. यह संख्या बढ़नी चाहिए, उन्होंने व्यापार व उद्योग की उन्नति के लिए किये जा रहे प्रयासों के लिए फेडरेशन चैंबर के प्रयास को सराहा. मौके पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी सदस्यों के साथ मिल कर संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप कार्य करने का संकल्प दिलाया. मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गट्टानी, सह सचिव अमित शर्मा, शैलेष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, साहित्य पवन, सदस्य किशन अग्रवाल, महेंद्र जैन आदि शामिल थे.

रखे विचार

सिल्ली विधानसभा स्तरीय अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच की बैठक संपन्न

सामाजिक न्याय के मंत्र को स्थापित करना है : सुदेश

संवाददाता। रांची

सामाजिक न्याय के मंत्र को स्थापित करना है. आपके अनुभवों को मैंने अपने चारों तरफ शक्ति के रूप में स्थापित करने का काम किया है. मेरी चिंता राज्य के हित में बड़ी है. राजनीतिक और सामाजिक चेतना समय और स्थान के अनुसार बदलते रहते हैं. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सोनाहातु प्रखंड स्थित सती घाट में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच की बैठक के दौरान कही. इस बैठक में बुद्धिजीवी मंच के हजारों सदस्य और पदाधिकारी शामिल हुए.

अभिमान हमारा सबसे बड़ा शत्रु

सुदेश महतो ने कहा कि गांव में कोई भी जमीन परती ना रहे, इसका संकल्प लेना होगा. अभिमान हमारा सबसे बड़ा शत्रु है. अभिमान का परित्याग करना होगा. चिंता यह होना चाहिए कि, आप क्या देके जा रहे हैं, जिससे लोग आपको याद रखेंगे? हमसबों को राम-राज की परिकल्पना को मिलकर चरितार्थ करना होगा.

दिवंगत के परिवारजनों को सम्मानित किया गया

सम्पूर्ण निष्ठा के साथ पार्टी के विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने व झारखंड को सुदृढ़ बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले बुद्धिजीवी मंच के दिवंगत सदस्यों के परिजनों को सम्मानित किया गया. उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए मरणोपरांत उनके परिजनों को सुदेश महतो द्वारा प्रशस्ति पत्र और शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया गया. सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य अविस्मरणीय रहेंगे.

100वीं जयंती पर याद किए गए कर्पूरी ठाकुर

बुद्धिजीवी मंच की बैठक से पूर्व पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सामाजिक न्याय के प्रणेता जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के अवसर पर उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलना उनके द्वारा आजीवन समाज के गरीब व पिछड़े वर्ग के कल्याण की दिशा में किए गए अभूतपूर्व कार्यों के साथ ही देश के सभी गरीबों, पिछड़ों-वंचितों का भी सम्मान है.

सीएमपीडीआई और क्योर इंडिया फाउंडेशन के बीच एमओए

93 लाख की निधि की जाएगी पोषित

संवाददाता। रांची

सीएमपीडीआई मुख्यालय ने निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) परियोजना के तहत 'बढ़ते कदम : झारखंड राज्य के बच्चों में पोंसेटी विधि के माध्यम से क्लबफुट से विकलांगता का उन्मूलन के लिए क्योर इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया. सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक आरके महापात्रा और क्योर इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के निदेशक डॉ संतोष जॉर्ज के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया.

सीएमपीडीआई द्वारा इस परियोजना पर वित्त वर्ष 2023-27 तक 93 लाख रुपये की निधि पोषित की जायेगी. मौके पर सीएमपीडीआई मुख्यालय, रांची के अधिकारी एवं क्योर इंडिया फाउंडेशन, नई दिल्ली के प्रतिनिधि शामिल थे. सीएमपीडीआई द्वारा झारखंड राज्य में 500 बच्चों के इलाज व क्लबफुट के उन्मूलन में सहायता के लिए शुरू की गई अपनी तरह की यह पहली परियोजना है. समझौता ज्ञापन के तहत सार्वजनिक अस्पतालों में क्लबफुट उपचार की 'पोंसेटी विधि' में स्वास्थ्य देखभाल, पेशेवरों का प्रशिक्षण एवं क्लीनिक स्थान उपलब्ध कराना शामिल है, ताकि वहां बच्चों का वास्तविक उपचार के अलावा कास्टिंग और माता-पिता व अभिभावकों को सलाह दिया जा सके. रिम्स रांची, जिला अस्पताल रांची, बोकारो जनरल अस्पताल बोकारो, पाटलीपुत्र मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल धनबाद, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हजारीबाग, पलामू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मेदनीनगर, जिला अस्पताल-चाईबासा एवं एम्स देवघर जैसे सरकारी अस्पतालों में क्लबफुट रोगियों का उपचार किया जाएगा.

भारत सेवाश्रम संघ आश्रम रांची में त्रिशूल महोत्सव आज

संवाददाता। रांची

भारत सेवाश्रम संघ के जोड़ा तालाब बरियातू स्थित आश्रम में गुरुवार को त्रिशूल पूर्णिमा अभिषेक महोत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. स्वामी विक्रमानंद जी ने बताया कि गुरुजी पौष पूर्णिमा के दिन त्रिशूल गाड़ कर साधना में लीन हुए थे. 1916 में माघ पूर्णिमा के दिन उन्हें सिद्धियां प्राप्त हुई थीं. इस एक माह को अनुयायी संकल्प माह के रूप में मनाते हैं. इस बीच संघ की विविध शाखाओं में महोत्सव मनाया जाता है. इसी कड़ी में त्रिशूल अभिषेक महोत्सव मनाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि सुबह चार बजे मंगला आरती से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके बाद साढ़े चार बजे से गीता पाठ किया जायेगा. दिन के दस बजे स्वामी भूतेशानंद जी के सान्निध्य में हवन और वैदिक शांति यज्ञ आदि अनुष्ठान होंगे. दिन के साढ़े 11 बजे त्रिशूल का महाअभिषेक किया जायेगा.

एक बजे महाआरती और भंडारा के साथ महोत्सव संपन्न हो जायेगा. विनय गांगुली, बच्चू बाबू, तपती मंडल, छाया देवी आदि इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायेंगी. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने का आग्रह किया है. भारतसेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद जी को अनुयायी भगवान शिव के अवतार मानते हैं. 1916 में सिद्धि प्राप्त करने के बाद स्वामी जी ने जाति और वर्ग भेद से परे सेवार्थ कई आश्रम की स्थापना की. वर्तमान समय में देश ही नहीं विदेशों में भारतसेवाश्रम संघ की कई शाखाएं सेवारत हैं. अपने शहर में भी संघ के दो आश्रम और कई विद्यालय जनसहयोग से संन्यासियों द्वारा संचालित किये जा रहे हैं, जहां आर्थिक रूप से कमजोर और अभाव ग्रस्त वनवासी बच्चों को न सिर्फ शिक्षा-दीक्षा दी जा रही है, बल्कि उनका लालन-पालन भी किया जा रहा है. अपने सद्गुरु द्वारा प्रारंभ किये गये सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सैकड़ों संन्यासी और ब्रह्मचारी निरंतर प्रयासरत हैं.

प्रणवानंद जी एक परिचय

स्वामी प्रणवानन्द का जन्म बंगाल के बाजितपुर गांव (बांग्लादेश) में हुआ था. उनके बचपन का नाम बिनोद था. उनके पिता विष्णुचरण दास और माता शारदा देवी शिवभक्त थे. विनोद बचपन से ही साधना में लीन रहते थे. बलिष्ठ होने के कारण स्कूल में आयोजित खेलकूद में हर कोई उन्हें अपने दल में रखना चाहता था. क्रांतिकारियों से उनका सम्पर्क था. देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में उन्होंने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था. गोरखपुर के बाबा गम्भीरनाथ से 1913 ई. में उन्होंने ब्रह्मचारी दीक्षा ली. 1916 में प्रणवानंद जी को माघ पूर्णिमा के दिन शिव तत्व की प्राप्ति हुई. इसके एक साल बाद उन्होंने गरीब, भूखों, असहाय और पीड़ितों की सहायता के लिए अपने जन्म स्थान में आश्रम स्थापित किया. सन 1919 में बंगाल में आये भीषण चक्रवात में उन्होंने व्यापक सहायता कार्य चलाया. उनका दूसरा आश्रम मदारीपुर में बना. उन्होंने 1924 में पौष पूर्णिमा के दिन स्वामी गोविंदानंद गिरि से संन्यास की दीक्षा ली. अब उनका नाम स्वामी प्रणवानंद हो गया.

डीएवी कपिल देव स्कूल में नेताजी किये गये याद

रांची। डीएवी कपिलदेव पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई. स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.

इस अवसर पर विद्यालय के दो छात्राओं आराधना और तनिषा ने नेताजी की जीवनी पर प्रकाश डाला. बच्चों ने नेताजी के जन्म, शिक्षा, महिला स्वतंत्रता के बारे में उनकी सोच और आजाद हिन्द फौज के बारे में विस्तार से बताया. इस मौके पर प्राचार्य एम के सिन्हा ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद करते हुए कहा कि "सुभाष चंद्र बोस संकल्प के धनी व्यक्ति थे. उन्होंने मन में ठान लिया था कि देश के लिए क्रांति करनी है और वही किया. सुभाष चंद्र बोस पढ़ने में भी तेज थे, जिसकी बदौलत उन्हें आईसीएस की परीक्षा में सफलता प्राप्त हुआ. व्यक्ति चला जाता है, लेकिन उसके सिद्धांत हमेशा अमर रहते हैं. हमें महापुरुषों के आदर्शों पर चलना चाहिए, उनके बताए सिद्धांतों का पालन करना चाहिए.

रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के 31 छात्र फेल

रांची। रांची विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में 31 छात्र फेल किए है. ये सभी छात्र सत्र 2022-24 के है. इन फेल छात्रो को 1,2,3 और 0 अंक तक छात्रों को मिला है. इससे नारज छात्रों ने विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक से मिलकर शिकायत की है. इन छात्रों का नेतृत्व आजसू के रांची विवि अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने की. परीक्षा नियंत्रक से मिलने के बाद जन सूचन अधिकारी के कार्यालय में जा कर आरटीआई करने की बात कही. छात्रों का मांग है कि सभी छात्रों की कॉपियों का मूल्यांकन फिर से किया जाए और रिजल्य में फिर से सुधार करवाया जाए. इस दौराण अभिषेक शुक्ला ने कहा कि आए दिन इस प्रकार की घटना देखी जा रही है. जब से परीक्षा एजेंसी आई है, तब से और भी व्यवस्था खराब हो गई है. बीएस महतो, प्रवीण वर्मा,उषा, पूजा, प्रकाश, यशोदा, अफरीदी परवीन के अलावा कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

आठ महीने पहले किया आरटीआई, नहीं मिला जवाब

रांची। राम लखन सिंह यादव कॉलेज से बीकॉम की छात्रा निधि कुमारी ने 2 जून 2023 को आरटीआई किया था. आठ महीने बीत जाने के बाद भी अब तक उसे आरटीआई का जवाब नहीं दिया गया है. निधि कुमारी ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल हुई थी, परीक्षा में उसे जो अंक मिला, उस अंक से वह संतुष्ट नहीं थी और उसने विवि को आरटीआई किया. हालांकि अब भी वह विश्वविद्यालय का चक्कर काट रही है. लेकिन उसे आश्ववासन ही दिया जा रहा है. निधि स्नातक कॉमर्स की विद्यार्थी है.

सहायक प्राध्यापक कुलपति से मिले, दिया ज्ञापन

रांची। आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में प्राध्यापकों ने कहा है कि गेस्ट फेकेल्टी को मर्ज करने की घोषणा का विरोध किया है. उन्होंने आगे कहा कि आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया अतिथि शिक्षकों से बिल्कुल भिन्न है. इसलिए अतिथि शिक्षकों का विलय आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापकों के साथ न की जाए. कुलपति महोदय स्पष्ट कहा कि मेरी ऐसी कोई मनसा नहीं है और न ही मीडिया को कोई बयान दिया है. अतिथि सहायक अध्यापक खुद ऐसी खबर मीडिया से निकाल रहे हैं, इससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है.

गणतंत्र दिवस पर पहाड़ी मंदिर में फहरेगा तिरंगा

रांची। पहाड़ी मंदिर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर तिरंगा फहराया जायेगा. साथ ही पहाड़ी बाबा का भव्य श्रृंगार-पूजन श्रद्धालु करेंगे. इसकी तैयारी को लेकर बुधवार को पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता कर रहे राजेश साहू ने बताया कि मंदिर प्रांगण को आजादी के रंगों से सजाया जाएगा. साथ देशभक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे. शहर के सीमौर इस मंदिर और आजादी का बहुत ही गहरा रिश्ता रहा है. देश की आजादी का झंडा पहाड़ी मंदिर में ही सबसे पहले फहराया गया था. अरुण वर्मा, मेहुल प्रसाद, बादल सिंह, राम सिंह , पलटू दा बैठक में शामिल थे.

राष्ट्रीय युवा शक्ति का गणतंत्र दिवस पर खास आयोजन

रांची। राष्ट्रीय युवा शक्ति गणतंत्र दिवस के मौके पर देश भक्ति के विविध कार्यक्रम आयोजित करेगी. केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने बताया कि इस बार भी राष्ट्रपर्व मनाने को भव्य आयोजन किये जा रहे हैं. इस मौके पर शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक और सर्जना चौक में राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगे कलर का बैलून और अमर शहीद के कट आउट से सजाया जायेगा. परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर विद्युत सज्जा की जायेगी. उन्होंने बताया कि गुरुवार को शहीद स्थल की साफ-सफाई किया जायेगा. शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर दिन के 11 बजे शहीद परिवारों के हाथों झंडोत्तोलन किया जायेगा.

ओबीसी मंच ने जननायक कर्पूरी को किया याद

रांची। झारखंड ओबीसी आरक्षण मंच की ओर से बुधवार को धुर्वा में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती शताब्दी अध्यक्ष कैलाश यादव की अध्यक्षता में मनाई गई. जननायक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. उन्होंने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर ईमानदारी और सादगी के प्रतिमूर्ति थे, उन्हें भारत रत्न देने की पिछड़े, अति पिछड़े समाज द्वारा वर्षों से मांग की जा रही थी. मांग पूरी होने पर खुशी जताई है. भारत रत्न मिलने से आज समग्र समाज गर्व महसूस कर रहा है.

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर मोरहाबादी मैदान में तैयारी पूरी

किया गया फुल ड्रेस रिहर्सल

संवाददाता। रांची

रांची के मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया. रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की देखरेख में समारोह में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को रियल टाइम बेसिस पर दोहराया गया. डीसी और एसएसपी ने परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट सलामी ली. एसएसपी ने परेड पार्टियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये.

आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया. साथ ही तैयारियों का जायजा भी लिया और बेहतर व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये.

प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वाइंट ब्रीफिंग : फुल ड्रेस रिहर्सल के बाद प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों की जॉइंट ब्रीफिंग भी हुई. इस दौरान जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी भी उपस्थित रहे.

ब्रीफिंग के दौरान सभी अधिकारियों को डीसी और एसएसपी ने जारी संयुक्तादेश के बारे में विस्तृत जानकारी दी. डीसी ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी निष्ठापूर्वक निभाने और ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य का निर्वहन करने का निर्देश दिया. एसएसपी ने समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बलों को निदेशित किया. ब्रीफिंग के दौरान रांची के एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वरनाथ आलोक ने विभिन्न रंगों के पास के लिए आमंत्रित जनों के बैठने के लिए की गयी व्यवस्था की जानकारी भी दी. बता दें कि गणतंत्र दिवस पर फर्स्ट इन कमांड के रूप में सेना के मेजर अंकुश चौधरी हैं. सेकेंड इन कमांड के रूप में परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन हैं.

गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले प्लाटून

सेना, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ, एसएसबी, ओडिशा पुलिस, झारखंड जगुआर, जैप-1, जैप-2, जैप-10, आईआरबी-05, रांची जिला पुलिस (पुरुष), रांची जिला पुलिस (महिला), झारखण्ड गृहरक्षा वाहिनी, एनसीसी (ब्वॉयज), एनसीसी (गर्ल्स)

बैंड पार्टी में ये हैं शामिल

सेना बैंड, जैप-1 बैंड, जैप-10 बैंड, झारखंड गृहरक्षा वाहिनी बैंड पार्टी.

नोइंग चाइल्ड साइकोलॉजी पर किया गया व्याख्यान का आयोजन

बच्चों को निर्भीक रहना जरूरी : डॉ विनय

संवाददाता। रांची

आज जो छात्र विश्वविद्यालय में आये हैं, समाज ने उन्हें विद्यालय के स्तर पर काफी काट- छांट कर भेजा है. हमें उन्हें पढ़ाने के पहले उनके बचपन को पढ़ना होगा. आज 20 वीं गुरु दक्षता इन्डक्शन प्रोग्राम के तहत यूजीसी-एचआरडीसी मोरहाबादी में नोइंग चाइल्ड साइकोलॉजी पर अपने व्याख्यान के दौरान यह बातें डॉ विनय भरत ने कहीं. आत्म विश्वास जिस उम्र में सबसे ज्यादा चाहिए, उसी उम्र में सबसे ज्यादा अभाव पैदा कर देता है. उन्होंने कहा कि बच्चों के नैसर्गिक गुणों,जिनमें उनका साहसी और ईमानदार होना, वर्तमान में रहना खास बिंदू है. उसे समाज धीरे-धीरे तोड़ता जाता हैऔर विद्यालय से महाविद्यालय तक आते-आते उसकी ज़िन्दगी में 1000 हां..के मुकाबले 1 लाख नाको आरोपित कर जिंदगी को नकारात्मक बना देता है, जिससे उसमें आत्मविश्वास जिस उम्र में सबसे ज्यादा चाहिए, उसी उम्र में उसका सबसे ज्यादा अभाव पैदा कर देता है. कहा कि अधिककतर अभिभावकों को 3एफ का नियम पालन करना चाहिए. अभिभावक अपने निर्णय में फर्म रहें, अपने निर्णय में फेयर रहें. बच्चों पर ज़बरदस्ती कर काम कराने से अच्छा है,आप दोस्त बनकर काम करायें और सिखायें..

हमलोगों के समय में उत्तर पुस्तिकाओं का कड़ा मूल्यांकन होता था : डॉ विनय भरत ने कहा कि कॉलेज में पहले सेमेस्टर में अंक का स्तर अगर थोड़ा कड़ाई पूर्वक देखा जाये तो बच्चे बाद के सेमेस्टर में उस बेंच मार्क को पूरा करने के लिए अत्यधिक मेहनत करेंगे. लेकिन उसके ठीक उलट अगर उनको प्रारम्भ से ही उदारवादिता के साथ अंक दिये जायें तो बाद के सेमेस्टर में वे बेमानी मांगों पर आंदोलनरत हो जाया करेंगे. कहा कि हमलोगों के समय में उत्तर पुस्तिकाओं का कड़ा मूल्यांकन का मुख्य कारण था कि हम आज के बच्चों के अंक पर जोर से ज्यादा जोर ज्ञान पर देते थे.

संत पॉल दिवस आज

रांची । संत पॉल दिवस के अवसर पर बुधवार को रांची के बहूबाजार स्थित संत पॉल कैथेड्रल में संत पॉल दिवस की पूर्व संध्या आराधना का आयोजन किया गया. संत पॉल दिवस का 25 जनवरी को मनाया जाएगा. संत पॉल कैथेड्रल में पूर्व संध्या प्रार्थना अनुष्ठान की शुरुआत सुनील इमैनुएल भुइयां ने की. बाइबल के अनुसार उपस्थित कलीसिया के लोगों को पहला पाठ प्रिया एवं दूसरा पाठ मनीषा टोप्पो द्वारा पूरा किया गया. मुख्य संदेश सैमुएल भुइयां ने दिया. बताया गया कि 25 जनवरी को सुबह 8: 30 से संत पॉल दिवस मनाया जाएगा तथा धार्मिक जुलूस निकाला जाएगा.

भूमि पूजन किया गया, हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान 17 से

संवाददाता ।रांची

बीआटी गेट रुदिया, मेसरा में नवनिर्मित भव्य हनुमान मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए बुधवार को भूमि पूजन कर संकल्प लिया गया. मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नेम-निष्ठा से पूजन-अनुष्ठान में हिस्सा लिया. पुरोहित पंडित ललन जी त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया. अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने बताया कि शुभ मुहुर्त में 17 फरवरी को कलश यात्रा से अनुष्ठान की शुरुआत होगी. समस्त अनुष्ठान सहयोगी विद्वानों संग पंडित ललन जी संपन्न करायेंगे. इस दौरान वृंदावन धाम से आये कथावाचक शंभुनाथ योगी जी महाराज उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीराम कथामृत का पान भी करायेंगे. संरक्षक झबन उपाध्याय, उपाध्यक्ष कौशल सिंह, रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष विशाल सिंह, पवन सिंह आदि अनुष्ठान की तैयारी में जोर-शोर से लगे हैं.

श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जन रामायण सप्ताह का समापन

संवाददाता ।रांची

रांची। अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय द्वारा विश्व के सबसे बड़े ऑनलाइन रामोत्सव जन रामायण सप्ताह का समापन हो गया. मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने राम पर चर्चित गीत समय शिला पर सूर्यरश्मि से लिखा है जिसका नाम गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया. 15 से 22 जनवरी तक चले श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जन रामायण सप्ताह में सैकड़ों लोगों ने अपनी कविता, गीत, भजन व नृत्य कला प्रस्तुति से प्रभु श्रीराम की ऑनलाइन आराधना की. साथ ही विभिन्न शहर, प्रदेश व विदेशों में साहित्योदय सदस्यों द्वारा राम मंदिर में भजन पूजन व दीपदान किया गया. साहित्योदय अध्यक्ष पंकज प्रियम के संयोजन में ऑनलाइन काव्यार्चन में हर दिन एक नए संचालक द्वारा कार्यक्रम संचालित किये गये. उन्होंने राम नाम से बन जाते हैं बिगड़े सारे काम, गाकर रामनाम का उद्घोष किया. उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वालों को आयोजन के अंत में साहित्योदय राम रत्न सम्मान दिया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश दत्त, सुरेंद्र उपाध्याय, किशोरी भूषण, रजनी शर्मा चंदा, अनामिका अनु, संजय करुणेश, अजय सिन्हा, आभा सिन्हा, डॉ प्रियम्बदा मिश्रा, शोभा परासर, अर्चना पाठक, डॉ सुदेश चुघ, सरिता शुक्ला, सुनीता बंसल आदि शामिल थे.

आयोजन जश्न-ए-मौलूदे काबा के रूप में मनाया गया हजरत अली का जन्म दिवस

हजरत अली की मोहब्बत का नाम ईमान : रिजवी

संवाददाता ।रांची

अंजुमन ए जाफरिया के तत्वावधान में हजरत अली के जन्म दिवस पर जश्न ए मौलूदे काबा का आयोजन किया गया. मालूम हो कि 13 रजब को हजरत अली के जन्म दिवस के मौके पर पूरी दुनिया में खुशी मनाई जाती है. इस अवसर पर रांची के अंसार नगर स्थित मस्जिद ए जाफरिया में मजलिस का आयोजन किया गया. मजलिस को खिताब (संबोधित) फरमाते हुए हाजी मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि इस जश्न को जश्ने मौलूदे काबा इसलिए कहते हैं कि दामाद ए रसूल मुस्तफा हजरत अली का जन्म 13 रजब को मक्के की पवित्र धरती काबा में हुआ था और आपने अपनी मां के साथ तीन दिन काबे में गुजारा. 15 रजब को रसूल इस्लाम की गोद में आंखें खोलीं और रसूल इस्लाम के चेहरे की जियारत की. आपकी पैदाइश काबे में और आपकी शहादत मस्जिद में. हजरत अली का दुनिया में कोई सानी नहीं है, क्योंकि नबी ने फरमाया अली तुम्हारा दुश्मन मेरा दुश्मन है. आओ हम सब मिलकर दुनिया को बताएं कि अली की मोहब्बत का नाम ईमान है. अली की मोहब्बत के बगैर कोई भी बशर निजात हासिल नहीं कर सकता. मौके पर पूरा मस्जिद परिसर नारे हैदरी की सदाओं से गूंज उठी. मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड विधानसभा के कार्यकारी सचिव जावेद हैदर शामिल हुए. संचालन नेहाल सरैयावी, धन्यवाद ज्ञापन सैयद अशरफ हुसैन ने किया. मौके पर शिया समुदाय के पुरुष व महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए.

ये हुए सम्मानित : मस्जिद ए जाफरिया के कारकून (सेवा करने वाले) हाशिम अलीश, शारिक अली, सुहेल सईद, सैयद मेहंदी इमाम को अंजुमन ए जाफरिया की ओर से मौलूदे काबा के अवार्ड से नवाजा गया.

नाते कलाम किया पेश : आमोद अब्बास, हसनैन राचवी, कासिम अली, कमर अहमद, अता इमाम, बाकर रजा, मो इमाम, हैदर अली, यूनुस रजा, हैदर चांद आदि ने नाते कलाम पेश किया.

खास बातें

- नारे हैदरी की सदाओं से गूंजता रहा मस्जिद परिसर
- शिया समुदाय के पुरुष और महिलाओं ने लिया हिस्सा

गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में कल सजेगा विशेष दीवान

संवाददाता। रांची

गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, कमरे में शुक्रवार को दशमेश पिता श्रीगुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान सजाया जायेगा. साथ ही गणतंत्र दिवस के साथ स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनेगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है. श्रीगुरु सिंह सभा के पूर्व महासचिव प्रां हरमिंदरबीर सिंह ने बताया कि बुधवार से यहां अखंड सहज पाठ की शुरुआत हुई. पाठी 48 घंटे तक लगातार रात-दिन पाठ करेंगे. शुक्रवार को दिन के साढ़े दस बजे पाठ की समाप्ति के बाद विशेष दीवान सजेगा. इसमें मेन रोड गुरुद्वारा साहिब के हजुरी रागी भाई भरपुर सिंह जी सार्थियों संग पहले शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ेंगे. इनके बाद अमृतसर से आये दरबार साहिब के हजुरी रागी भाई गुरविंदर सिंह आनंदपुरी जी शबद गायन कर श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे. इस बीच श्रीगुरु गोविंद सिंह जी के जीवन दर्शन पर कथावाचन भी किया जायेगा. दिन के ढाई बजे अरदास के साथ दीवान की समाप्ति होगी. गुरु का अटूट लंगर बरतेगा. पंगत में बैठ साध संगत लंगर छकेंगे. दीवान के दौरान 26 जनवरी को लेकर भी विविध कार्यक्रम बच्चों द्वारा पेश किया जायेगा. रंजीत सिंह हैप्पी, शरणजीत सिंह, रणवीर सिंह, तनिंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह और सुरजीत सिंह इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दे रहे हैं.

न्यूज अपडेट

काली मंदिर के वार्षिकोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

रांची। काली मंदिर, बिरला बोर्डिंग, रातू रोड के वार्षिकोत्सव में दर्शन-पूजन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े. मां काली, शिव परिवार, मां दुर्गा और शनिदेव महराज की अराधना कर श्रद्धा का पुष्प चढ़ाया. बुधवार को सुबह से देर शाम तक पूजन, आरती और भंडारा का क्रमवार सिलसिला चला. शुरुआत सुबह आठ बजे दैनिक पूजन-आरती से हुई. इसके बाद विराजमान देवी-देवताओं का अभिषेक और श्रृंगार किया गया. फिर पूजन अनुष्ठान प्रारंभ हुआ. पुजारी लक्ष्मीकांत पंडित और सतदेव पंडित जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान संपन्न कराया. शिवम सिंह ने इसमें मुख्य यजमान के रूप में हिस्सा लिया. दिन के एक बजे से भंडारा शुरू हुआ. बड़ी संख्या में भक्तों के बीच प्रसाद रूप में खीर-पुरी आदि परोसा गया. शाम सात बजे महाआरती उतारी गयी. इसी के साथ मंदिर का एक दिनी उत्सव संपन्न हो गया. अध्यक्ष संजय सिंह, सनी सिंह, राजेश सिंह, प्रेम जायसवाल, प्रेम सिंह, अभिमन्यू राय, टिंकू सिंह और संतोष चौधरी आदि ने इसके सफल आयोजन में मुख्य योगदान दिया.

धूमधाम से मना हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव

रांची। तुलसी नगर, किशोरगंज के हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव बुधवार को मनाया गया. दिन के साढ़े 11 बजे विधिविधान से स्थापना पूजन किया गया. सूरज राम और रंजन राम ने सपत्नी इसमें यजमान के रूप में हिस्सा लिया. दिन में भंडारा चला. बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु का प्रसाद पाया. मौके पर सुभाष राम, छोटेलाल राम, अमित राम, राजू कुमार आकाश कुमार, किरण देवी, ममता देवी आदि ने मुख्य योगदान दिया.

पौषी पूर्णिमा व्रत आज, बालाजी मंदिर में होंगे अनुष्ठान

रांची। पौषी पूर्णिमा व्रत गुरुवार को नेम-निष्ठा से मनाया जायेगा. इस दिन स्नान-दान और व्रत की पूर्णिमा तिथि के साथ शाकम्भरी नवरात्र की भी पूर्णाहुति तिथि है. आचार्य श्रीकृष्ण और बाला जी मंदिर के रंजन सिंह बताते हैं कि अभिजीत मुहूर्त, स्वार्थ सिद्धियोग के साथ पुष्य नक्षत्र का योग तो इस बार मिल ही रहा, साथ ही सर्वार्थ अमृत सिद्धियोग के मिलने से इसका मान और भी बढ़ गया है. प्रयाग माघ मेला, माघ स्नान, यम-नियम-संयम शुरु करने का उत्तम समय है. विविध संस्कारों के साथ गृह प्रवेश, और नये कार्य का शुभारंभ कराना इस दिन अति फलदायी रहेगा. रंजन सिंह ने बताया कि भगवान् श्रीमन्नारायण श्रीवेंकटेश्वर के त्रिवेणी नेत्र-दर्शन का भी दिन है.

टेंडर हार्ट के अर्श को मैथ्स चैलेंज में मिला 25वां रैंक

रांची। तुपुदाना स्थित टेंडर हार्ट स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र अर्श कुमार ने सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज में शानदार प्रदर्शन करते हुए 25वां स्थान हासिल किया है. यह प्रतियोगिता सीबीएसई द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें विद्यार्थी अपने मेधा कौशल का परिचय देते हैं. बता दें कि पिछले वर्ष भी टेंडर हार्ट स्कूल का प्रदर्शन आर्यभट्ट गणित चैलेंज में उत्कृष्ट रहा था. लगातार दूसरी बार सफलता हासिल करते हुए इस वर्ष भी टेंडर हार्ट के छात्र अर्श ने सीबीएसई मेधा सूची में अपना स्थान बनाया है. अर्श की इस उपलब्धि में टेंडर हार्ट के गणित शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. अर्श की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुधीर तिवारी और प्राचार्या उषा किरण झा ने बधाई दी. कहा कि अर्श की यह सफलता स्कूल के छात्रों का विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता का परिचायक है.

रातू रोड के दुर्गा मंदिर में पूर्णिमा उत्सव आज

केरांची । रातू रोड दुर्गा मंदिर में गुरुवार को पूर्णिमा उत्सव श्रद्धाभाव से मनाया जायेगा. मां दुर्गा साईं कृपा परिवार सेवा संस्थान की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है. रंगोली गुप्ता ने बताया कि शाम चार बजे सुंदर कांड पाठ से कार्यक्रम की शुरुआत होगी. इसके साथ भजन-कीर्तन भी चलेगा. शाम साढ़े सात बजे आरती उतारी जायेगी. प्रसाद बंटेगा. रात आठ बजे से भंडारा शुरू होगा. उन्होंने श्रद्धालुओ से इसमें भाग लेने की अपील की है.

25 किलो लड्डू श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया

रांची । अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर साकेत नगर, हिनु स्थित अटल बिहारी चौक पर साकेत नगर के निवासियों ने 25 किलो लड्डू श्रद्धालुओं के बीच बांटे. इस मौके पर कमल किशोर झा, मयंक झा, आर्शी कुमारी, आसवी कुमारी, तनमीं कुमारी, पप्पु कुमार, अजीत ओझा, संजय माथुर, सत्येंद्र पाठक, कारू सिंह, राकेश सिंह, कुश, मनोज मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव व हिमांकर पटेल (डब्बू) आदि मौजूद थे.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल में आपका स्वागत और अभिनंदन।

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

कर्पूरी ठाकुर की विरासत

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से नवाजने का निर्णय स्वागत योग्य है. इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कर्पूरी ठाकुर समाजवादी धारा के उन चंद नेताओं में एक थे, जिनके लिए सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव एक सिक्का के दो पहलू की तरह थे. कर्पूरी ठाकुर ने आजीवन न केवल सांप्रदायिक शक्तियों का मुकाबला किया, बल्कि सामाजिक हिस्सेदारी, सामाजिक न्याय और आर्थिक गैर-बराबरी को खत्म करने की दिशा में निरंतर प्रयत्न किया. सादगी, सदाचार और समानता के विचार को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाया. यही उनकी विरासत है. कर्पूरी ठाकुर भारतीय समाज और राजनीति के एक दुर्लभ रत्न थे. सरकार ने उन्हें (मरणोपरांत) 'भारत-रत्न' घोषित किया है. विलम्ब से हुए फैसले के पीछे जो कारण हो सकते हैं, इस चुनाव वर्ष में उनका अनुमान लगाना किसी के लिए भी कठिन नहीं! इतिहास कई बार शासकों, समाजों और लोगों को आईना भी दिखाता है. जिन सामाजिक-राजनीतिक शक्तियों के नुमाइंदों ने आज राजनीतिक मजबूरी के चलते कर्पूरी जी को सम्मानित करने का फैसला किया, उन्हीं शक्ति-समूहों ने सन् 1978 में आरक्षण कानून लाने के कर्पूरी सरकार के ऐतिहासिक कदम के चलते सडकों पर आकर ठाकुर जी को खूब गालियां दी थीं. समाज और इतिहास में ऐसे दिखावे होते रहते हैं. आये दिन दलित-पिछड़े और अन्य सबाल्टर्न समूहों के राजनीतिक और बौद्धिक नुमाइंदों को अपमानित और उत्पीडित किया जाता है तो कभी उनके कुछ बडे नेताओं को सम्मानित करने की मजबूरी भी होती है. समाज के बदल रहे स्वरूप और समीकरणों ने कर्पूरी जी जैसे गरीबों, दलितों और पिछडों के नेता को आज देश का सर्वोच्च सम्मान पाने का अवसर पैदा किया. कर्पूरी जी जनतंत्र में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते थे. कर्पूरी जी विधायकों के कार्यों को प्रभावपूर्ण बनाने के लिए पार्टियों को यह सलाह देते थे कि वे ऐसे उम्मीदवारों का चयन करें, जो विधानसभा और लोकसभा में जनता की बात प्रभावशाली ढंग से रख सकें. वे विधानसभा और लोकसभा में समृद्ध पुस्तकालय के पक्षधर थे. वे मानते थे कि विधायकों और सांसदों को पठन-पाठन की अधिक से अधिक सुविधाएं दी जानी चाहिए. अपने भाषणों में वे कथनी और करनी में समानता, नैतिकता पूर्ण आचरण पर जोर देते थे. वे कहते थे कि जनप्रतिनिधियों का काम है कि वे जनता को जागरूक, जुझारू और बहादुर बनाएं. वे बार-बार कहते थे कि राजनीतिक नेतृत्व को सदाचारी होना चाहिए. वे मानते थे कि सांस्कृतिक रूप से देश आज भी गुलाम है तथा अंग्रेजी का प्रभाव खत्म कर बिहार को हिंदी भाषा में काम करना चाहिए. वे कहते थे कि भारत एक बहुभाषी देश है. प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा में काम करने की छूट होनी चाहिए. हिंदी भाषियों का देश की अन्य भाषाओं के प्रति आदर का भाव होना चाहिए अर्थात वे डॉ. लोहिया के विचारों के अनुरूप लोक भाषाओं को बराबर का सम्मान दिए जाने के पक्षधर थे.

> वे विधानसभा और लोकसभा में समृद्ध पुस्तकालय के पक्षधर थे. वे मानते थे कि विधायकों और सांसदों को पठन-पाठन की अधिक से अधिक सुविधाएं दी जानी चाहिए.

सुभाषित

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः ।।

बिना सोचे–समझे आवेश में कोई काम नहीं करना चाहिए, क्योंकि विवेक में न रहना सबसे बड़ा दुर्भाग्य है. वहीं जो व्यक्ति सोच-समझ कर कार्य करता है, मां लक्ष्मी उसी का चुनाव खुद करती है. कोई भी कदम उठाने से पहले अच्छी तरह सोच विचार कर लिया जाना चाहिए.

आईएमएफ की चेतावनी : संकट से सावधान

रिजर्व बैंक ने अक्टूबर में कहा कि बैंकों ने 50 लाख करोड़ से ज्यादा अनसिक्योर्ड लोन (असुरक्षित क़र्ज) बांट दिया है, इसे बंद कराया जाए. पिछले कुछ महीनों से केवल क़र्ज का मामला सुर्खियों में है. चाहे वह क़र्ज सरकार का हो, आपकी हमारी बैलेंस शीट का हो, हमारे क्रेडिट कार्ड का हो, पर्सनल लोन हो या विदेश से लिया गया क़र्ज हो. ये सुर्खियां इसलिए भी हैं कि इस साल भारत सरकार पहली बार वर्ल्ड मार्केट में अपने बॉण्ड भी बेचने जा रहे है.

पिछले साल दो बार अमेरिका की सरकार का शटडाउन हुआ. अमेरिकी सरकार की क़र्ज की सीमा पार हो गयी, कामकाज बंद होने की स्थिति आ गयी, खर्चे रुकने की स्थिति आ गयी. सरकार और विपक्ष को एक साथ बैठना पड़ा, व्हाइट हाउस को समझाना पड़ा और अंततः यह संकट टला. साल में दो बार ऐसा हुआ. अभी दिसंबर 2023 में आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष) ने इस बार खुलकर भारत सरकार को चेतावनी दी है कि भारत में सरकारों का कुल क़र्ज जीडीपी के बराबर हो रहा है, उससे बड़ा होने जा रहा है. यह किसी भी वित्तीय व्यवस्था के लिए चरम खतरे का बिंदु है. भारत की इस साल की ब्याज की देनदारी उसके कुल राजस्व का लगभग 47 से 48% हिस्सा ले जाएगी. रिजर्व बैंक ने अक्टूबर में कहा कि बैंकों ने 50 लाख करोड़ से ज्यादा अनसिक्योर्ड लोन (असुरक्षित क़र्ज) बांट दिया है, इसे बंद कराया जाए. पिछले कुछ महीनों से केवल क़र्ज का मामला सुर्खियों में है. चाहे वह क़र्ज सरकार का हो, आपकी हमारी बैलेंस शीट का हो, हमारे क्रेडिट कार्ड का हो, पर्सनल लोन हो या विदेश से लिया गया क़र्ज हो. ये सुर्खियां इसलिए भी हैं कि इस साल भारत सरकार पहली बार वर्ल्ड मार्केट में अपने बॉण्ड भी बेचने जा रही है.1949 में संविधान सभा में बहस के दौरान डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि किसी भी स्थिति में किसी भी सरकार को मनचाहे ढंग से क़र्ज उठाने का अधिकार नहीं होना चाहिए. उन्हें किसी भी स्थिति में ऐसी छूट नहीं दी जानी चाहिए. संसद को क़ानून बनाकर इस क़र्ज की सीमा तय करनी चाहिए और यदि उन्हें क़र्ज बढ़ाना है तो उन्हें संसद के पास आना चाहिए, अपनी सफाई देनी चाहिए, उसके बाद ही उन्हें अतिरिक्त क़र्ज उठाने की अनुमति मिलनी चाहिए. अगर ऐसा हुआ होता तो अमेरिका की तरह भारत सरकार भी क़र्ज को इस स्तर तक ले जाने से पहले संसद के पास आयी होती. अमेरिका में सरकार हाउस और सीनेट के पास गयी, हाउस और सीनेट को कॉन्फिडेंस में लिया, उन्हें कारण बताये, खर्चों में कमी का तर्क दिया, यह भी बताया कि इतना क़र्ज लेना क्यों जरूरी था. इसके बाद तमाम तरीक़े की पाबंदियां सरकार के ऊपर लगायी गयीं, तब कहीं 3 महीने की मंजूरी दी गयी. 3 महीने बाद फिर वही सारी प्रक्रिया अपनायी गयी, तब जाकर मंजूरी दी गयी.

अब भारत दुनिया के उन खतरे की स्थिति वाले मुल्कों में शामिल हो गया है, जिनका क़र्ज जीडीपी के बराबर हो गया है. अगर डॉ. अम्बेडकर का सुझाया हुआ क़ानून होता तो हम सरकार से यह पूछ सकते थे कि आखिर क़र्ज का यह पैसा गया कहां? आईएमएफ ने यह चेतावनी 2 साल पहले भी दी थी, लेकिन दो साल बीत गये, सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी. इस बार आईएमएफ की चेतावनी पहले से ज्यादा तीव्र है. दो साल पहले जब चेतावनी आयी थी तब श्रीलंका में क़र्ज का संकट चल रहा था, दुनिया की निगाहें वहां लगी हुई थीं. उसी समय आईएमएफ ने बताया था कि भारत का कुल सार्वजनिक क़र्ज, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों और सरकारी कंपनियों का क़र्ज भी शामिल है, जीडीपी के बराबर पहुंचने वाला है. यानी भारत के सार्वजनिक क़र्ज के कुल मूल्य के बराबर ही उसकी अर्थव्यवस्था का कुल उत्पादन है. इतना क़र्ज भारत की राज्य सरकारों, लगभग 200 कंपनियों और केंद्र सरकार ने ले रखा है.विश्वबैंक और आईएमएफ के पैमाने के अनुसार किसी भी देश के कुल सार्वजनिक क़र्ज का स्तर उसके जीडीपी के 60% से ज्यादा नहीं होना चाहिए. यह एक आदर्श स्थिति है, इसके ऊपर खतरे की घंटी बजनी शुरू हो जाती है. आईएमएफ की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट आने तक भारत के क़र्ज के हालात और भयावह हो गये थे. अब भारत दुनिया के उन खास देशों में शामिल हो गया है, जिन्हें हम संकटग्रस्त देश कह सकते हैं. इन देशों में वेनेजुएला, इटली, पुर्तगाल और ग्रीस जैसी बीमार अर्थव्यवस्थाएं हैं. ग्रीस डिफॉल्ट हो चुका है, पुर्तगाल संकटग्रस्त है, इटली 2008-09 के संकट में ही घायल हो चुका है और वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था लगातार संकट में चल रही है.

इन देशों के अलावा इस संकटग्रस्त समूह में भूटान, सूडान और मोजाम्बिक जैसी छोटी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जिनकी अर्थव्यवस्थाएं बहुत सीमित संसाधनों पर चलती हैं. इसलिए आज भारत वहां खड़ा है, जहां इसकी अर्थव्यवस्था की तुलना एक तरफ इन संकटग्रस्त देशों से की जा सकती है तो दूसरी तरफ इन छोटे देशों से की जा सकती है. भारत में निजी स्तर पर भी आय बढ़े बिना क्रेडिट कार्ड से और पर्सनल लोन लेकर खर्च करते रहने का आम रुझान है. इसलिए यहां क़र्जग्रस्त होने में सरकारों के साथ-साथ लोगों का भी योगदान है. यहां क़र्ज-साक्षरता का अभाव दोनों ही स्तरों पर है. आईएमएफ ने कहा है कि भारत का जोखिम भारत के घरेलू क़र्ज से है. यह विस्फोटक जोखिम है. भारत में विदेशी क़र्ज ज्यादा नहीं है. आईएमएफ की ग्लोबल फाइनेंशियल रिपोर्ट के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था में बैंकों और सरकार का एक नेक्सस (गठजोड़) काम कर रहा है, इसी के कारण यह क़र्ज का फंदा (डेट ट्रैप) तैयार हो रहा है. सरकार अंधाधुंध खर्च करती है, बड़ी-बड़ी योजनाओं के लिए. एक तरफ वह राज्यों को खर्च कम करने की सलाह देती है, लेकिन खुद क़र्ज बढ़ाती जाती है. बैंकों से कहा जाता है कि वे उसके कार्यक्रमों को फाइनेंस करें. बैंक हमारी जमाओं के द्वारा सरकारी बॉण्ड्स और ट्रेजरी बिलों में निवेश करते हैं. यह पैसा सरकार को मिल जाता है. इसके अलावा हमारी छोटी बचतों, जैसे डाकघर बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना का पैसा भी सरकार को मिल जाता है.

• देश-काल

रविंद्र पटवाल

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ

आदर्श जीवन मूल्य

प्रायः लोग कहते हैं सदाचरण और जीवन मूल्य श्रेयस्कर है, किंतु इस मार्ग पर चलना बड़ा कठिन है. नैतिकता धारण करना दुष्कर कार्य है जबकि सच्चाई यह है कि सदाचरण जीवात्मा का मूलभूत स्वभाव है. बस, सुविधा और स्वार्थ पूर्ति के मानस के कारण ही विकार अपनी जगह बना लेते है. यदि उदाहरण के लिए देखें तो सत्यनिष्ठा एक जीवन मूल्य है. हमें सच बोलकर सदा अच्छा महसूस होता है, आत्मिक शान्ति और संतुष्टि का अनुभव होता है, पवित्रता का एहसास होता है और सच बोलना सहज भी लगता है. वहीं जब झूठ का आश्रय लेना पड़े तो मन कचोटता है, गला सूखता है, दिल बैठ सा जाता है. वह इसलिए कि झूठ हमारी सहज स्वाभाविक प्रतिक्रिया नहीं होती. सच कठिन हो सकता है, पर प्रकट करते हुए बड़ा सहज महसूस होता है और परिणाम संतोष प्रदान करता है, लेकिन सवाल उठता है कि इन पर चलना जब हमारे जीवन का स्वभाव है तो हम इन पर चल क्यों नहीं पाते? विषम परिस्थितियां आते ही डगमगा क्यों जाते हैं? क्यों आसान लगता है अनैतिक हो जाना, क्यों निष्ठावान रहना दुष्कर लगता है? कारण साफ है, क्षणिक सुख और सुविधा की तरफ ढल पडना बहुत ही आसान होता है, जबकि दृढ मनोबल बनाए रखना, कठिन पुरुषार्थ की मांग करता है. जिस तरह हीरे में चमकने का प्राकृतिक स्वभाव होने के उपरांत भी वह हमें प्राकृतिक चमकदार प्राप्त नहीं होता. हीरा स्वयं बहुत ही कठोर पदार्थ होता है. उसे चमकाने के लिए, उससे भी कठोर व तीक्ष्ण औजारों से प्रसंस्करण की आवश्यकता होती है. उसकी आभा उभारने के लिए कटाई-घिसाई का कठिन श्रम करना पडता है. दाग वाला हिस्सा काट कर दूर करना पडता है. उस पर सुनियोजित और सप्रमाण पहलू बनाने होते हैं. सभी पहलुओं को घिस कर चिकना करने पर ही हीरा अपनी उत्कृष्ट चमक देता है. अगर हीरे में चमक अभिप्रेत है तो उसे कठिन श्रम से गुजरना ही पडेगा. ठीक उसी प्रकार सद्गुण हमारी अंतरात्मा का स्वभाव है, अपनाना कठिन होता ही है. सदाचार हमारे जीवन के लिए हितकर है, श्रेयस्कर है. यदि जीवन को दैदीप्यमान करना है तो कठिन परिश्रम और पुरुषार्थ से गुजरना ही होगा. यदि सुंदर चरित्र का निर्माण हमारी ज्वलंत इच्छा है तो कटाव-घिसाव के कठिन दौर से गुजरना ही होगा.

चुनावी साल में अंतरिम बजट के मायने

• आर्थिकी

जयंतीलाल भंडारी

यूं इन दिनों पूरे देश की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा एक फरवरी को पेश किए जाने वाले वर्ष 2024 के अंतरिम बजट की ओर लगी हुई है. वस्तुतः देश में जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं. एक अंतरिम बजट और दूसरा पूर्ण बजट होता है. सामान्यतः अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक की व्यय जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य होता है. लेकिन अधिकांश अंतरिम बजटों में लोकलुभावन योजनाओं और बड़ी-बड़ी राहतों का ढेर लगाया जाता रहा है. इस बार वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जरूरी राहतों और आर्थिक कल्याण की योजनाओं से संतुलित अंतरिम बजट पेश करते हुए दिखाई दे सकती हैं. निःसंदेह इस समय वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं. एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा का है. साथ ही आर्थिक कल्याण को लेकर सरकार की राजनीतिक अनिवार्यता से संबंधित है. वित्तमंत्री ने सीतारमण ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा. पूर्ण बजट लोकसभा चुनावों के परिणामों के कोई एक माह बाद आने की संभावना रहेगी. कहा है कि वर्ष 2000 के बाद प्रस्तुत हुए तीन अंतरिम बजटों में जिस तरह लोकलुभावन बड़ी घोषणाएं की गई थीं और कर उपायों की अनदेखी की गई, वह वैसा नहीं करने जा रही हैं. नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं व मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी जा सकती है. बजट में किफायती आवासों के लोन पर ब्याज पर सब्सिडी बढ़ सकती है. नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के लिए आयकर छूट की सीमा बढ़ सकती है. किसानों और महिलाओं के लिए अंतरिम बजट में बड़े ऐलान हो सकते हैं. किसान सम्मान निधि बढ़ाई जा सकती है. नए बजट में राजकोषीय घाटा और विनिवेश लक्ष्य कम हो सकता है. विनिवेश लक्ष्य 50 हजार करोड़ रुपये से नीचे रखा जा सकता है. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है. जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए अंतरिम बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे कपड़ा और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती है, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती है. नए अंतरिम बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं. नए बजट में वित्तमंत्री जनकल्याण की ऐसी घोषणाएं भी कर सकती है, जो अंतरिम बजट का हिस्सा नहीं होते हुए आगामी पूर्ण बजट की घोषणाओं की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए दिखाई दें. इन दिनों वेतनभोगी (सैलरीड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है. साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है. ऐसे में नए अंतरिम बजट में छोटे आयकरदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत नई कर राहत मिल सकती है.निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग द्वारा नए अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है. वेतनभोगी वर्ग के करदाताओं के कर की कटौती आमदनी अर्जित करने के स्रोत पर अर्जित आय पर की जाती है. इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है. टीडीएस के कारण वेतनभोगी नियमानुसार अपने वेतन पर ईमानदारीपूर्वक आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है. इस परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वर्ष 2022-23 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है. यानी देश की कुल आबादी का 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं. साथ ही देश में शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी लगातार बढ़ते हुए वर्ष 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई. करीब 70 फीसदी आयकर रिटर्न शून्य आयकर देयता बता रहे हैं. इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं जो उद्योग-कारोबार और पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं.

> निःसंदेह इस समय वर्ष 2024–25 के अंतरिम बजट को अंतिम रूप देते समय दो अहम मसले वित्तमंत्री के समक्ष हैं. एक का संबंध उस राजकोषीय गुंजाइश और आकार से है जो फिलहाल केंद्र सरकार के पास अनुकूल स्थिति में है और दूसरा मुद्दा आगामी आम चुनावों में आवश्यक चुनावी लाभ हासिल करने के लिए कुछ नई व्यय योजना की घोषणा का है.

तय हो किस तरह नियंत्रित होगा कर्ज

• सामयिकी

एन. बनर्जी

भारत के वर्तमान सामान्य सरकारी ऋण के बारे में तुरंत घबराहट की आवश्यकता नहीं है, परन्तु अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की चेतावनी कि यह मध्यम अवधि मेंया 2028 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 100 प्रतिशत से अधिक हो सकता है, चिंता का विषय है. आईएमएफ ने कहा है कि दीर्घकालिक जोखिम अधिक हैं और उसने 'वित्तपोषण के नये और अधिमानतः रियायती स्रोतों' की आवश्यकता पर भी जोर दिया.दिलचस्प बात यह है कि आईएमएफ के भारत के कार्यकारी निदेशक, के.वी सुब्रमण्यन ने कहाः 'संप्रभु ऋण से जोखिम बहुत सीमित हैं क्योंकि यह मुख्य रूप से घरेलू मुद्रा में दर्शाया गया है. पिछले दो दशकों में वैश्विक अर्थव्यवस्था का सामना करने वाले झटके की भीड़ के बावजूद, भारत का सार्वजनिक ऋण-से-जीडीपी अनुपात 2005-06 में 81प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 84प्रतिशत हो गया था जो 2022-23 में पुनः 81प्रतिशत हो गया. आईएमएफ ने 2023 में वैश्विक ऋण के$ 97 खरब होने का आकलन किया है. आईएमएफ ने कहा कि भारत को अपने सार्वजनिक ऋण को कम करने के लिए मध्यम अवधि में महत्वाकांक्षी राजकोषीय समेकन की आवश्यकता है. इसने कहाः 'निकट अवधि में एक तेज वैश्विक विकास की मंदी व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी. आगे वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों से आवर्तक वस्तु मूल्य अस्थिरता हो सकती है, जिससे भारत के लिए राजकोषीय दबाव बढ़ सकता है. घरेलू रूप से, मौसम के झटके मुद्रास्फीति के दबाव को प्रज्वलित कर सकते हैं और आगे खाद्य निर्यात प्रतिबंधों को बढ़ावा दे सकते हैं. यदि स्थितियां बहुत अच्छी हुईं तो इसके विपरीत अपेक्षित उपभोक्ता मांग और निजी निवेश को बढ़ावा दे सकता है.'आईएमएफ अपने बयान के अंतिम भाग के बारे में बिल्कुल सही है कि भारत में लगातार बढ़ती उपभोक्ता मांग उच्च उत्पादन, आपूर्ति और निवेश को प्रेरित कर रही है. भारत की आयात-नेतृत्व वाली अर्थव्यवस्था मौजूदा वैश्विक मंदी के खिलाफ कुछ हद तक अछूता है. अप्रत्याशित परिस्थितियों को छोड़कर, अर्थव्यवस्था को अगले 10 वर्षों में कम से कम तेज गति से बढ़ने की उम्मीद है.यह बताया गया कि दुनिया भर की सरकारों द्वारा संचित समग्र सार्वजनिक ऋण 2023 में 97 ट्रिलियन डॉलर पर था. यह 2019 में जो कुछ भी था, उससे 40 प्रतिशत अधिक है. संयुक्त राज्य अमेरिका में कुल विश्व सार्वजनिक ऋण का 33 प्रतिशत हिस्सा है. अमेरिका का ऋण-जीडीपी अनुपात 123.3 प्रतिशत है. जापान के लिए, यह 255.2प्रतिशत है, जो वैश्विक ऋण का 11प्रतिशत है. इटली का 143.7प्रतिशत है और इसके बाद फ्रांस (110प्रतिशत), कनाडा (106.4प्रतिशत), यूके (104 प्रतिशत), ब्राजील (88.1 प्रतिशत) और चीन (83 प्रतिशत) है. पिछले एक दशक में कुल वैश्विक ऋण में $ 100ट्रिलियन की वृद्धि हुई है, जो सरकारों, घरों और निजी क्षेत्र द्वारा ऋण संचय की गति को एक साथ दिखाती है. 2023 की पहली छमाही में, दुनिया के जीडीपी के 336प्रतिशत के लिए कुल वैश्विक ऋण $ 307 ट्रिलियन का लेखांकन था. अभी के लिए, भारत सरकार की ऋण की स्थिति निश्चित रूप से बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के संदर्भ में चिंताजनक नहीं है. हालांकि, देश के कई राज्यों की ऋण स्थिति के बारे में भी ऐसा नहीं कहा जा सकता है, जो सीमित राजस्व सृजन क्षमताओं का सामना कर रहे हैं, जिससे बड़े पैमाने पर ऋण सेवा समस्याएं होती हैं. राज्यों को हर साल अधिक उधार लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है तथा उनके ऋण का बोझ बढ़ना जारी है. पंजाब के लिए 2023-24 में अनुमानित ऋण-राज्य जीडीपी अनुपात 46.8प्रतिशत है. इसके बाद हैं बिहार (37.8प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (37.7 प्रतिशत), राजस्थान (36.8प्रतिशत), केरल (36.6प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश (33.3प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (32.1प्रतिशत), मध्य प्रदेश (30.4प्रतिशत), तमिलनाडु (25.6प्रतिशत) और असम (24.4प्रतिशत). कुछ छोटे भारतीय राज्यों में बहुत अधिक ऋण-एसजीडीपी अनुपात है. उदाहरण के लिए, अरुणाचल प्रदेश में अनुपात 53प्रतिशत है. उच्च ऋण-एसजीडीपी अनुपात वाले राज्यों में पंजाब, नागालैंड, मणिपुर और मेघालय शामिल हैं. राज्य सरकार के ऋण में उनके समग्र उधार का 65 प्रतिशत शामिल है. वे अप्रैल और नवंबर 2023 के बीच 28प्रतिशत बढ़े. आर्थिक गतिविधि में मंदी के कारण एसजीडीपी विकास को नकारात्मक जोखिम हो सकता है.

> आईएमएफ ने कहा कि भारत को अपने सार्वजनिक ऋण को कम करने के लिए मध्यम अवधि में महत्वाकांक्षी राजकोषीय समेकन की आवश्यकता है. इसने कहाः 'निकट अवधि में एक तेज वैश्विक विकास की मंदी व्यापार और वित्तीय चैनलों के माध्यम से भारत को प्रभावित करेगी. आगे वैश्विक आपूर्ति व्यवधानों से आवर्तक वस्तु मूल्य अस्थिरता हो सकती है.

मीडिया में अन्यत्र

इक्विटी फंडों का आकलन सही कदम

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इक्विटी म्युचुअल फंड योजनाओं का व्यापक स्ट्रेस टेस्ट (फंडों का यह आकलन कि क्या वे शेयरों की बिक्री की स्थिति में भुगतान की स्थिति में हैं) करने तथा खतरनाक हालात से निपटने के उपाय अपनाने की दिशा में काम कर रहा है. बाजार नियामक की यह अपेक्षाकृत नई पहल है, लेकिन यह पहले दौर के स्ट्रेस टेस्ट के बाद होगी, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि उसके परिणाम असंतोषजनक रहे. अधिक व्यापक स्ट्रेस टेस्ट शुरू करने के इस नीतिगत कदम के उचित तर्क हैं. इक्विटी फंडों में पूंजी की आवक जारी है और अधिकांश राशि खुदरा निवेशकों से आती है. निश्चित तौर पर प्रबंधन अधीन इक्विटी परिसंपत्तियों में से अधिकांश खुदरा फोलियो में है. इतना ही नहीं, निरंतर फंड की आवक फंड प्रबंधकों को विवश करती है कि वे अपने तय दायरे में और शेयरों की खरीद करें, भले ही शेयरों की निरंतर ऊंची कीमत होने के कारण बाजार तेज हो. यदि बाजार में गिरावट आती है तो लोग अपनी राशि निकालना शुरू कर देंगे. ऐसे में हो सकता है कि फंड लोगों को राशि चुकाने में दबाव महसूस करें, क्योंकि उनको जल्दी पैसा लौटाना होगा. अगर फंडों को यह मांग पूरी करने के लिए बाजार में गिरावट के दौरान बिकवाली करनी पड़ी तो बिकवाली का यह दबाव आगे अधिक नुकसान की वजह बन सकता है. यदि ऐसा हुआ तो गिरावट का एक सिलसिला शुरू हो जाएगा और अफरातफरी की स्थिति बन सकती है. अगर ऐसा हुआ तो यह उन योजनाओं के इकाई धारकों के लिए नुकसानदेह साबित होगा जो स्मॉलकैप और मिडकैप शेयरों पर नजर रखते हैं क्योंकि इन शेयरों का नकदीकरण कम होता है.ऐसे में संस्थागत बिक्री का एक बड़ा हिस्सा कीमतों नीचे की ओर दबाव बना सकता है. वायदा और विकल्प श्रेणी के बाहर छोटे शेयरों में सर्किट ब्रेक भी होता है जो कारोबार को ठप कर सकता है. यदि कारोबार करना असंभव हो गया पैसे की निकासी और मुश्किल हो जाएगी. कई परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों ने सक्रिय होकर पहले ही ऐसे परिदृश्य से बचने के उपाय अपनाने शुरू कर दिए हैं. उदाहरण के लिए उन्होंने स्मॉलकैप और मिडकैप फंड में मोटा-मोटी निवेश लेना बंद कर दिया है. सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान की प्रतिबद्धताओं का प्रबंधन करना हर दृष्टि से आसान है.परंतु नियामक का अधिक व्यापक स्ट्रेस टेस्ट कराना सही है जिससे यह पता चल सके कि किन योजनाओं में अधिक जोखिम हैं. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

नम और नाम

आपने यह गाना तो अवश्य ही सुना होगा-काली टोपी वाले तेरा नाम तो बता. इस गाने का मतलब तो अबतक मुझे यही समझ में आया कि आप चाहे काली टोपी पहनें या लाल टोपी, पहचाने जाने का मुख्य माध्यम तो नाम ही होगा. किसी भी मनुष्य के नाम का बहुत ही महत्व होता है. ऐसा समझा जाता है कि नाम के अनुसार ही व्यक्ति में गुण होता है. हालांकि यह हर व्यक्ति पर लागू नहीं होता. कभी-कभी नाम के ठीक विपरीत गुण व्यक्ति विशेष में देखे जाते हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार नाम संस्कृत मूल तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका आशय है किसी व्यक्ति विशेष की पहचान के लिए दिया जाने वाला शबद, किसी व्यक्ति, वस्तु आदि का सूचक शब्द, अभिधान, संज्ञा. नाम का अर्थ है यश, ख्याति, प्रतिष्ठा, इज्जत, शोहरत, प्रसिद्धि. यशस्वी, ख्यातिप्राप्त, इज्जतदार. नाम शब्द से कई मुहावरे बने हैं. जैसे नाम उछलना यानी बदनामी होना, नाम न लेना यानी अलग कर बैठना, नाम लगाना यानी दोष मढ़ना, नाम लेना यानी गुणगान करना, नाम से कांपना यानी नाम सुनते ही डर जाना, नाम कमाना यानी प्रसिद्धि पाना, नाम को मरना यानी यश प्राप्ति का प्रयत्न करना, नाम पाना यानी मशहूर होना, नाम डालना यानी खाते में लिखना आदि. भक्तिमार्ग में नाम का बहुत महत्व होता है. शास्त्रों ने तो यहां तक कहा है कि नाम का जाप करने से भवसागर पार किया जा सकता है. गोस्वामी तुलसीदास ने भी कहा है कि कलियुग केवल नाम अधारा. जब भक्ति की बात होती है तो नम शब्द महत्वपूर्ण हो जाता है. नम शब्द के दो रूप मिलते हैं. एक संस्कृत तत्सम और दूसरा फारसी भाषा मूल का. तत्सम नम का अर्थ है नमस्कार, समर्पण आदि के अवसर पर प्रयोग किया जानेवाला शब्द. वहीं फारसी मूल के नम का मतलब है भीगा हुआ, तर, गीता, आर्द्र, सीलन.

नेता की दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की

• तीर-तुक्का

डॉ. एसके पाण्डेय

नेताजी ने जब सुना कि लोग कह रहे हैं कि मंहगाई आसमान छू रही है. आम लोग त्रस्त हैं. तो नेताजी ने अपने पर्सनल एडवाइजर (पीए) से पूछा कि आखिर ये आम लोग कौन हैं? और ये लोग क्यों त्रस्त हैं? सुना है कि कहीं-कहीं विरोध प्रदर्शन भी हुए हैं. पीए बोला आप काहे को टेंसन ले रहे हैं. इसमें आपके विरोधियों की मिली भगत है. आपकी तरक्की हजम नहीं कर पा रहे हैं. नेताजी ने कहा कि हमारी तथा हमारे भाई लोग की तरक्की पर विरोधी हल्ला-गुल्ला करते हैं तो बात समझ में आती है. क्योंकि तरक्की का अवसर उनके हाथ में नहीं होता. अपना भारत देश महान है. कितने ही लोग बाहर से आये और गए. सबने अपनी तरक्की की. फिर भी भारत आज भी वैसे ही है और हम सब तो भारत की सन्तान हैं तो हमें भी महान बनने का पूरा अधिकार है तथा महानता की कोई सीमा नहीं होती. पीए बोला आपने सच कहा कि भारत महान है. कितने ही विदेशी लोग भी इससे तरक्की कर चुके हैं. फर्क इतना है कि जिन लोगों को लाभ नहीं मिलता था वे उनकी तरक्की को लूट कहते थे. कहते थे कि विदेशी देश को लूट कर अपने देश ले जाते हैं. और आज ऐसे लोग हमारी तरक्की को घोटाला कहते हैं. आलोचना तो सबकी होती है. लोग भगवान तक की आलोचना करते हैं. खैर आज आपके पास क्या नहीं है? मान है, शान है (भले ही ईमान नहीं है). रही आम आदमी के त्रस्त होने की बात तो इसमें आपका कोई दोष नहीं है. क्योंकि आम आदमी जन्म से ही त्रस्त होता है. आप आसमान छुएं चाहे महंगाई (वैसे ये दोनों चीजें साथ-साथ होती हैं) ये त्रस्त होंगे. क्योंकि इन्हें ऊंचाई से नफरत है. आपको ऊंचाई प्रिय है. यह आपका ही प्रताप है कि छोटा सा दिखने वाला लहसुन भी आसमान की ऊंचाई छू लेता है. टमाटर, मटर, दाल, चीनी, मतलब खाने-पीने की सब चीजें ऊंची हो जाती हैं. डीजल और पेट्रोल भी नई ऊंचाई को प्राप्त हुए हैं तथा आपकी कृपा से सभी चीजें अभी और ऊंचाई को प्राप्त होंगी. ऐसे में जिसे ऊंचाई से नफरत है, वह त्रस्त नहीं तो और क्या होगा? अतः आप और आपके सहयोगी यथावत तरक्की करते रहें. आपकी तरक्की और महानता दिन दूनी और रात चौगुनी बढ़ती ही जाएगी.

झारखंड से बड़ी संख्या में हो रहा है पलायन

सबकी एक ही मजबूरी...

- राज्य में बढ़ रही है बेरोजगारों की संख्या
- काम के यहां उचित पैसे नहीं मिलते हैं
- कोरोना काल के बाद रोज कमाने खाने वालों की स्थिति बिगड़ी
- हाल के वर्षों में महंगाई बढ़ी है हर चीज के दाम भी बढ़े हैं

कम पैसे में कैसे चलेगा घर

राज्य से पलायन थमने का नाम नहीं ले रहा है. हर साल हजारों लोग झारखंड से पलायन कर दूसरे राज्यों में जा रहे हैं. पलायन की वजह से राज्य का अपेक्षित विकास नहीं हो पा रहा है. सच तो यह है कि किसी राज्य से काम के सिलसिले में लोगों का पलायन करना राज्य के विकास पर प्रश्न चिह्न खड़ा करता है.इधर हाल के कुछ वर्षों पर नजर दौड़ाई जाए तो बड़ी संख्या में लोग पंजाब, बंगाल, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, चेन्नई सहित कई अन्य राज्यों में लोग पलायन कर रहे हैं. उनका कहना है कि झारखंड में रोजगार की कमी है. काम मिलते भी हैं तो उसके उचित पैसे नहीं मिलते. इधर खाने-पीने से लेकर साग-सब्जियों के दाम भी बढ़े हैं. इस वजह से कम पैसे में घर चलाना मुश्किल हो गया है. काम को लेकर दूसरों राज्यों का रुख करना मजबूरी है. इस समय झारखंड में बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है. भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है. पढ़े-लिखे युवा भी काम की तलाश में अन्य राज्यों में जा रहे हैं. कोरोना काल के बाद से रोजाना कमाने-खाने वालों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है. शुभम संदेश की टीम ने विभिन्न जिलों में पलायन पर लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.

बोकारो

बाहर में मिल जाता है काम : देवदास कुमार

बेरमो क्षेत्र के गोमिया प्रखंड के गंझूडीह निवासी देवदास कुमार ने बताया कि पिछले कई साल से महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों में काम के लिए गए थे. पुणे की एक कंपनी में बीते दिनों काम बंद होने के बाद वे घर लौट आए हैं. अन्य राज्यों में लगातार काम मिलने से रोजी रोटी चलाने में दिक्कत नहीं होती है. महीने की पगार से घर में भी पैसा भेजना पड़ता है और खुद का भी खर्चा चलाना पड़ता है. उन्होंने बताया कि जल्द ही वे पुणे फिर जाएंगे, जहां एक दूसरी कंपनी में काम के सिलसिले में बातचीत चल रही है. झारखंड में काम के बारे में कहा गया कि यहां लगातार काम नहीं मिल पाता है. साथ ही काम के उचित पैसे भी नहीं मिल पाते हैं.

सेटरिंग की ठेकेदारी करते हैं : महेश करमाली

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के दुर्गापुर निवासी महेश करमाली ने बताया कि वे हैदराबाद में बिल्डिंग निर्माण में सरिया सेटरिंग के काम की ठीकेदारी करते हैं. झारखंड में काम का भी अभाव है और मुनाफा भी कम है, इसलिए हैदराबाद में यह काम पिछले कई साल से कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि वे कसमार, पेटरवार समेत आसपास के लगभग 100 से ज्यादा मजदूरों व कारीगरों को इस काम में रखे हैं, गांव घर के मजदूरों को काम में रखने पर वे मन लगाकर ज्यादा मेहनत करते हैं. महंगाई में सभी चीजों के दाम बढ़े हैं.पर वहां काम के ठीक पैसे भी मिलते हैं.

चक्रधरपुर

हम मजबूरी में जाते हैं अपने गांव से दूर : राजू गागराई

चक्रधरपुर के सिलफोड़ी गांव निवासी राजू गागराई ने कहा कि ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं होने व घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से अपने घर,परिवार को छोड़कर काम की तालाश में दूसरे राज्य जाना पड़ता है . क्षेत्र में रोजगार का साधन नहीं होने की वजह से मजबूरी में ही गांव के युवा दूसरे राज्य में काम करने जाते . अगर झारखंड राज्य में रोजगार उपलब्ध हो तो बाहर नहीं जाना पड़ेगा .दो महीने पहले ही तमिलनाडु से गांव आया हूं .जनवरी में पुन : जाऊंगा .वहां सही समय पर मजदूरी के पैसे मिल जाते हैं .दूसरे राज्यों से क्षेत्र के मजदूरों को काम कराने के लिए कई कंपनियों के लोग गांव भी आते हैं . गांव से दूसरे राज्य तक ले जाने की व्यवस्था भी की जाती है .इससे काफी सहूलियत होती है .

काम के एवज में नहीं मिलती अच्छी मजदूरीः संतोष मुंडा

चक्रधरपुर के जामिद गांव निवासी संतोष मुंडा ने कहा कि हमारे क्षेत्र में काम के एवज में अच्छी मजदूरी नहीं मिलती . अपने गांव या आसपास क्षेत्र में सड़क,नाली इत्यादि का काम कराने वाले संवेदक ही मजदूरी राशि में कटौती कर देते हैं और इसकी जांच भी नहीं होती .जबकि दूसरे राज्यों में ऐसा नहीं होता है .समय पर मानदेय का भुगतान हो जाता है .साथ ही मजदूरी भी अच्छी मिलती है . वहीं कई कंपनियों द्वारा रहने की व्यवस्था दी जाती है . इसलिए क्षेत्र से पलायन कर बड़ी संख्या में लोग दूसरे राज्य में काम करने जाते हैं .राज्य सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए .गांव में अधिकांश लोगों के पास मनरेगा का जॉब कार्ड भी नहीं है . वहीं मनरेगा से संचालित होने वाली योजनाओं में बिचौलिया भी होते हैं . इस कारण काम भी नहीं मिला पाता है और मिलता है तो पैसे बहुत ही कम मिलते हैं .

रांची

बीबीए किए तीन साल हो गए, अभी नहीं मिली नौकरी : कुमार अभिषेक

मोरहाबादी में रहनेवाले छात्र अभिषेक कुमार ने कहा कि मैंने तीन साल पहले रांची विश्विद्यालय बीबीए पास किया था . लेकिन अबतक कोई ढंग की नौकरी नहीं मिल पाई है . पास होने के बाद मेडिकल ऐजेंसी में कुछ दिनों तक काम किया था . रांची में मेरी टेक्निक्ल डिग्री से जुड़ा कोई ढ़ंग का काम नहीं मिल पाया है . इसलिए मैं कुछ दिनों से घर पर ही रह कर ऑनलाइन जॉब खोज रहा हूं .

रांची में नहीं मिलती है, हमें मन लायक नौकरी : लक्ष्मण उरांव

लटमा के रहने वाले लक्ष्मण उरांव ने कहा कि वे स्नातक उत्तीर्ण हैं . साथ ही कंप्यूटर कोर्स भी कर रखा है . रांची में पिछले चार सालों से काम कर रहा हूं. लेकिन मेरी तनख्वा 14 हजार ही है . रांची में काम की तुलना में लोगों को पैसे नहीं मिलते हैं . इसलिए मैं बाहर काम कर रहे अपने दोस्तों की मदद से अब बाहर जाने की कोशिश कर रहा हूं.

पलायन हमारी मजबूरी है, यहां काम नहीं मिलते हैं : ब्रजकिशोर साहू

ब्रजकिशोर साहू भी मजदूरी का काम करते हैं . उनका कहना है कि यहां काम नहीं मिलता है तो यहां रहकर क्या करेंगे . खेती बारी करते है . खेती का सीजन खत्म होते ही यूपी, बिहार जाते हैं . वहां ईट भट्टा में काम मिलता है . जिससे अपने परिवार का पेट भरते हैं . सरकार यहां काम दे तो बाहर जाकर काम क्यों करने जाएंगे . यही काम करेंगे . हमलोगों की मज़बूरी है पलायन करना .

पलायन बड़ी समस्या है, सरकारी पहल जरूरी है : साकिर अंसारी

मजदूरी का काम करने वाले साकिर अंसारी का कहना है कि पालयन झारखंड की सबसे बड़ी समस्या है . हम मजदूरों को प्रतिदिन रोजगार नहीं मिलती है . जिससे हमें अपने परिवार के पालन पोषण की समस्या रहती है . सप्ताह में मात्र एक या दो दिन किसी प्रकार से मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करते हैं . आखिर मजदूरी नहीं मिलेगी तो हम यहां अपने परिवार का भरण पोषण कैसे करेंगे . सरकार को चाहिए कि हम जैसे मजदूरों की भी रोजगार सुनिश्चित करें . ताकि यहां से दूसरे राज्यों मे जाने से हम बचे और अपने परिवार के साथ यहां रहकर गुजारा कर सके .

किरीबुरू

सरकार रोजगार सृजन में विफल : सदानंद महतो

तोपचांची निवासी सदानंद महतो का कहना कि झारखंड में पलायन हर दिन बढता जा रहा है. जो बडी समस्या है. प्रदेश में यह समस्या विकराल रूप लेती जा रही है. आज ग्रामीण क्षेत्र के युवा महाराष्ट्र ,गुजरात, चेन्नई, पंजाब जैसे प्रदेशों में मजदूरी करने को विवश हैं,क्योंकि राज्य में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है. सरकार रोजगार देने में असमर्थ है, सदानंद महतो ने कहा कि झारखंड सरकार गांव में कृषि के लिए पानी एवं बिजली उपलब्ध नहीं कर पा रही है. शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता ,कृषि,ऊर्जा,गृह और वन विभाग के सरकारी पद खाली हैं,लेकिन सरकार के द्वारा रोजगार सृजन नहीं किया जा रहा है. इसलिए लोग पलायन को मजबूर हैं. अगर झारखंड में ही काम मिले और पैसै भी अच्छा मिले तो लोग बाहर क्यों जाएंगे.

पलायन करना युवाओं की मजबूरी : लक्ष्मण महतो

तोपचांची प्रखंड के दुमदूमी ग्राम पंचायत करमा टांड निवासी किसान लक्ष्मण महतो ने कहा कि पलायन करना युवाओं के लिए मजबूरी है. ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य के लिए सिंचाई की कमी है.जिससे रोजगार उत्पन्न नहीं हो पा रहा है.मनरेगा योजना धरातल पर फेल है. क्योंकि मजदूरी समय पर नहीं मिलती है.मजदूर बेरोजगार हैं . काम नहीं मिलने की वजह से दूसरे प्रदेश में पलायन को मजबूर हैं, बाहर प्रदेशों में 500 से 800 के हिसाब से मजदूरी मिलती है,वहीं झारखंड में 300 से कम मजदूरी मिलती है. महंगाई काफी बढ़ जाने की वजह से चीजों के दाम बढ़ गए हैं. कम पैसे में अब घर नही चलता है. इसलिए पलायन करना मजदूरों की मजबूरी हो गई है.

घाटशिला

ठेका मजदूर रोजगार की तलाश में कर रहे पलायन : देवयानी मुर्मू

क्षेत्र के युवा रोजगार की तलाश में ग्रामीण क्षेत्र से पलायन करने को मजबूर हैं. राज्य में उन्हें न तो रोजगार मिल रहे हैं और न ही ठीक पैसे. इसलिए वे बाहर काम करने के लिए मजबूर हैं, इसलिए ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में बाहर काम करने जा रहे हैं. इस संबंध में घाटशिला की जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू का कहना है कि भारत सरकार का उपक्रम हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की इकाई इंडियन कॉपर कंपलेक्स मऊभंडार पिछले तीन वर्ष से बंद है. ठेका मजदूर भुखमरी के कगार पर हैं. इसको लेकर न तो केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार गंभीर दिख रही है. आपसी खींचातानी में मजदूर पीस रहे हैं. इस कंपनी के हजारों ठेका मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य पलायन कर चुके हैं. बचे शेष मजदूर भी अब पलायन को मजबूर हैं. रोजगार का कोई साधन नहीं होने के कारण गरीब मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जाकर जान तक गवांने को विवश हैं.

खेती की स्थिति अच्छी नहीं, काम भी नहीं मिलते हैं : रामकिशोर मुर्मू

घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के रामकिशोर मुर्मू कहना है कि झारखंड में रोजगार की कोई संभावना नहीं दिख रही है. धालभूमगढ़ प्रखंड में सिलपट फैक्ट्री बरसों से चल रही थी, जहां हजारों मजदूर काम करते थे. कंपनी राजनीति की भेंट चढ़ गई. बरसों से यह कंपनी बंद है. इस कंपनी में रेलवे ट्रैक में लगाए जाने वाला सीमेंट का सिलपट बनता था. काफी अच्छी तरह यह कंपनी चलती थी. स्थानीय मजदूरों को रोजगार उपलब्ध होने का एक अच्छा विकल्प था. परंतु आपसी राजनीति के कारण वर्षों से बंद है. इस दिशा में भी राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट नहीं होता है. जिसके कारण यहां के मजदूर भी पलायन को मजबूर हैं. घाटशिला एवं मुसाबनी में तमाम तांबे के माइंस बंद हो जाने से भुखमरी की स्थिति क्षेत्र में उत्पन्न हो गई है. रोजगार का दूसरा का कोई साधन नहीं है. खेती के लिए भी सरकार द्वारा सिंचाई का उत्तम प्रबंध नहीं किए जाने के कारण किसान मौसम पर ही निर्भर हैं.

अगर राज्य में ही काम मिले तो बाहर क्यों जाएंगे हम : जयकुमार मुंडा

जयकुमार मुंडा मजदूरी करते हैं . वह कहते हैं कि हमलोग अपनी इच्छा से बाहर कमाने नहीं जाते हैं . हमालोगों की मज़बूरी है कि बाहर जाना पड़ता है . झारखंड सरकार अगर काम दे तो हमलोग बाहर क्यों जायेंगे . इस समय अपने परिवार को पालना में कितना दिक्क़त हो रही है यह लोग नहीं समझते हैं . महंगाई आसमान पर चढ़ गई है . साग–सब्जी खरीदना मुश्किल हो गया है . अगर बाहर जाकर मजदूरी नहीं करेंगे तो भूख से मर जायेंगे .

इस समय रांची में अच्छी नौकरी के अवसर कम ही है : कुमार सानू

चुटिया के रहने वाले कुमार सानू ने कहा कि पिछले 5 साल से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा हूं. अगर नौकरी नहीं मिली, तो बड़े शहर में नौकरी करने के लिए जाऊंगा . रांची में अच्छी सैलरी वाली नौकरी के अवसर बहुत कम हैं . इसलिए अगर सरकारी नौकरी नहीं मिलती है, तो मेट्रो सिटी में जाकर नौकरी की तलाश करूंगा .

सैकड़ों युवा हताश भटक रहे हैं, इस समय बेरोजगारी चरम पर : संजीत प्रजापति



बुढ़मू पाहनटोली गांव निवासी संजीत प्रजापति का कहना है कि राज्य में बेरोजगारी अभी चरम पर है . सैकड़ों युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं . अपनी बेरोजगारी के कारण एमबीए करने के बाद भी वे बच्चों को पढ़ा रहे है . जब से झारखंड बना है यहां किसी प्रकार की बहाली नहीं हुई है . कुछ हुई भी है तो वह भ्र्ष्टाचार के शिकार हो गए हैं .जिससे आज भी लाखों लोग बेरोजगार हैं . झारखंड सरकार ऐसी समस्याओं के हल की बजाय वे अपना स्वार्थ साधने में जुटे हैं .सरकार से अनुरोध है कि झारखंड में बहाली के लिए नियुक्तियां निकाले . रिक्त पड़े पदों को भरा जाए ताकि हम जैसों को रोजगार मिल सके .

राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

मेष माता के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें. चतुर्थ चंद्रमा के प्रभाव से किसी से विवाद होगा, पर पराक्रम में वृद्धि करेगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. भावनाओं को वश में रखें. मन की बात किसी को न बताएं.

वृषभ धन कुछ कम मिलेगा और मेहनत ज्यादा करनी होगी. कार्य पूर्ण होंगे. प्रसन्नता तथा उत्साह से काम कर पाएंगे. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने से मान-सम्मान मिलेगा. नौकरी में सहयोगी सहायता करेंगे.

मिथुन धन के आगमन से मन प्रसन्न हो जाएगा. उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी. कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा. वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें. व्यस्तता रहेगी. थकान हो सकती है. व्यापार ठीक चलेगा.

कर्क समय सामान्य है, पर रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. प्रमाद न करें. निवेश शुभ फल देगा. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

सिंह कोई धार्मिक या सामाजिक यात्रा हो सकती है. खर्च पर नियंत्रण रखें. आर्थिक तंगी रहेगी. नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेंगी. मन में दुविधा रहेगी. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार अच्छा चलेगा.

कन्या आय और नये कार्य के लिए दिन बहुत ही शुभ है. शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा. किसी समस्या का अंत होगा. प्रसन्नता व उत्साह में वृद्धि होगी. भाग्य का साथ रहेगा. पितरों के नाम से अन्न दान करें.

तुला सरकारी कार्य में गति आएगी. न्यायालय से लाभ मिलता दिख रहा है. कार्यस्थल पर सुधार या परिवर्तन हो सकता है. मित्रों तथा संबंधियों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा. मान-सम्मान मिलेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी.

वृश्चिक ससुराल से किसी लाभ का योग है. धर्म में मन लगेगा. सत्संग का लाभ प्राप्त होगा. कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी. चिंता में कमी रहेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा.

धनु कुछ मानसिक तनाव वाला दिन होगा. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. हताशा का अनुभव होगा. आय में निश्चितता रहेगी. कारोबार ठीक चलेगा. नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है. अन्न और जल पक्षियों को दें.

मकर जीवनसाथी के साथ सम्बंध मधुर होगा. कारोबार मनोनुकूल लाभ नहीं देगा. नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी. बाहरी वातावरण सुखद रहेगा. पर भाग्य का साथ रहेगा. शिव मंदिर में झाड़ू का दान करें.

कुंभ मौसमी बीमारियों से बचाव आवश्यक है. परीक्षा व प्रतियोगिता आदि में सफलता प्राप्त होगी. आय में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. शारीरिक कष्ट की आशंका प्रबल है.

मीन शिक्षा में स्वास्थ्य को लेकर बाधा हो सकती है. माता से विवाद हो सकता है. आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा. नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे. मान-सम्मान मिलेगा. अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा.

कैबिनेट : आईसीडीएस के अनुबंध कर्मियों का वेतन अब राज्य सरकार ही देगी

7 हजार उर्दू शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ

विशेष संवाददाता। रांची

अल्पसंख्यक मुस्लिमों की बहुप्रतीक्षित मांग को सरकार ने पूरा करने का निर्णय लिया है. सरकार ने राज्य में उर्दू शिक्षकों की कमी को देखते हुए सात हजार उर्दू शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ कर दिया है. सरकार ने इससे जुड़े एक प्रस्ताव को बुधवार की कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान कर दी है.

अब बहुत जल्द ही उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. सरकार ने एक अहम फैसला लेते हुए समेकित बाल विकास परियोजना के तहत कार्यरत संविदा कर्मियों का अब पूरा वेतन अपने कोष से देने का निर्णय लिया है. अब इन्हें अपने वेतन के लिए केंद्र सरकार के

भरोसे नहीं रहना होगा. केंद्र सरकार द्वारा नियमित अपने हिस्से की राशि नहीं भेजने से इन्हें नियमित वेतन का नहीं मिल पाता था. बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 25 प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान की गयी.

कैबिनेट की बैठक के अन्य निर्णय

- तत्कालीन उपनिदेशक सुनील कुमार सेवानिवृत अधिकारी की पेंशन से 10 प्रतिशत मासिक कटौती का आदेश का निर्णय.
- कपाली शहरी जलापूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई. कृषि विभाग की योजना डेमोटांड़ में कहीं गड़बड़ियां पकड़ी गई थी इसके बाद इनको निलंबत किया गया था.
- पीएमजीएसवाई के फेज 1 और 3 के रिवाइज 208 करोड रुपये की योजना की स्वीकृति दी गई.
- धनबाद में काको से विनोद बिहारी चौक तक 20 किलोमीटर तक फोरलेन रोड के लिए 461.90 करोड़ की रिवाइज्ड ऐस्टीमेट की स्वीकृति दी गई.
- गर्भवती महिला को 1400 रुपये की 14 प्रकार की मातृत्व किट दी जाएगी. 6 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा.
- झारखंड जमाकर्ता हित 2011 को समाप्त किया गया है. अभिकेंद्र के अनुरूप नया एक्ट लागू है.
- सीआईडी से जुड़े कैसे अनुसंधान के लिए एडिशनल जस्टिस कोर्ट के गठन को स्वीकृति मिली.
- विधानसभा में नियुक्ति में गड़बड़ी संबंधित जांच रिपोर्ट को आगामी विधानसभा सत्र में रखने की मंजूरी दी गई,
- ऊर्जा संचरण निगम के एमडी केके वर्मा के कार्यकाल के एक वर्ष के अवधि विस्तार की मंजूरी.

सीएम ने इटकी में रखी अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल की नींव

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एक विश्वसनीय संस्थान : सीएम

संवाददाता। इटकी/रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के इटकी टीबी सेनेटोरियम मैदान में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज और स्कूल की नींव रखी. उन्होंने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन एक विश्वसनीय संस्थान है. फाउंडेशन इटकी में विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटी, 500 बेड का मेडिकल कॉलेज तथा उच्च स्तरीय स्कूल का निर्माण करेगा. 150 एकड़ भूमि पर डेवलप होने वाले इन प्रोजेक्ट में संस्थान 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रहा है. सीएम ने कहा आने वाले समय में इटकी का देश में अलग पहचान होगा. 2026 तक अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय और स्कूल में पढ़ाई शुरू होगा. कमजोर से कमजोर परिवार तक फाउंडेशन की सहायता पहुंचाने का कार्य किया जाएगा.

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं के लिए जाना जाता है, लेकिन खनिजों के भरमार के बावजूद झारखंड पिछड़े राज्यों के पायदान में खड़ा है. यहां लगभग 100 वर्ष से खनिज संपदाएं निकाली जाती रही हैं, लेकिन इसका लाभ झारखंड के आदिवासी-मूलवासी, गरीब, पिछड़ा अल्पसंख्यक सहित किसी भी वर्ग-समुदाय के लोगों को पूरी तरह से नहीं मिल पाया. इसलिए हमारी सरकार खनिज-संपदाओं से अलग हटकर विकास के अन्य संभावनाओं को तलाश रही है. सरकार अब राज्य में सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विकास के रास्ते को ढूंढते हुए कई महत्वपूर्ण और कल्याणकारी कार्य कर रही है. सीएम ने कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन संस्थान एक ऐसा नाम है जिसे पूरी दुनिया जानती है. फाउंडेशन व्यापार के लिए नहीं

150 एकड़ भूमि पर होगा 5000 करोड़ का निवेश

बल्कि सामाजिक सरोकार के लिए जाना जाता है. इस संस्थान द्वारा समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक बेहतर शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधा प्रदान किया जा रहा है. संस्थान का सामाजिक सरोकार से गहरा नाता रहा है. फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार ने एक बेहतर समन्वय बनाया. संस्थान अगर चाहती तो यह प्रोजेक्ट किसी और प्रदेश में भी लगा सकती थी, लेकिन उसने झारखंड सरकार की नीति एवं प्रतिबद्धता को देखते हुए प्रोजेक्ट के लिए इटकी को ही चुना है.

राज्य के विकास में साबित होगा मील का पत्थर

इस मौके पर सीएम और अजीम प्रेमजी के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत हुई. सीएम ने अजीम प्रेमजी से कहा कि आपके और आपकी पूरी टीम के सहयोग से आज इटकी में यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज तथा स्कूल निर्माण का कार्य शुरू हुआ है. सीएम ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सामाजिक सरोकार एवं सेवा भाव के प्रति आभार प्रकट किया. कहा कि फाउंडेशन की टीम के सहयोग से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इटकी में स्थापित होने वाला यह यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल राज्य के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन झारखंड के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान बनकर उभरेगा.

कोरोना काल में संवेदनशील रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के समय देश और दुनिया के हालात बिगड़ते चले गए थे. उस दौरान झारखंड जैसे पिछड़ा राज्य ने एक बेहतर मैनेजमेंट के तहत बिना किसी अफरा-तफरी के राज्यवासियों एवं प्रवासी मजदूरों को राहत देने का काम कर दिखाया था. कोरोना संक्रमण के समय राज्य सरकार और आम जनता ने एक बेहतर उदाहरण देश के सामने रखा था. उसी समय राज्य सरकार और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सीईओ अनुराग बेहर के बीच संपर्क स्थापित हुआ. 2021 में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज एवं स्कूल की स्थापना को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई थी, जो आज मूर्त रूप लेता दिख रहा है.

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे पुल के समीप बुधवार की दोपहर तेज रफ्तार एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई.इस घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए.जानकारी के अनुसार दोनों युवक रामगढ़ के सिरका गांव का बताया जा रहा है.बुधवार की दोपहर युवक अपने दोस्तों के साथ बाइक से मैक्लुस्कीगंज स्थित नकटा पहाड़ घुमने जा रहे थे ,इसी बीच बचरा रेलवे पुल के समीप तीखे मोड़ के पास तेज रफ्तार होने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई.इस घटना में दोनों युवक को मामूली चोटे आई. स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को बचरा अस्पताल पहुंचाया गया,जहां इलाज के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई है.

दो परिवारों के बीच मारपीट, पिता-पुत्र घायल

डकरा। मोहन नगर आवासीय कॉलोनी में गाड़ी पार्किंग को लेकर मारपीट होने एक ही परिवार के दो लोग घायल हो गए. जिसमें एक घायल युवक सक्षम कुमार की हालत गंभीर होने से डकरा अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रांची रेफर किया गया. घटना की जानकारी अनुसार मोहन नगर के रणविजय सिंह अपने पोते का जन्म दिन पर घर मे शाम को गायत्री दीप यज्ञ करा रहे थे. यज्ञ में शामिल होने कुछ बाहर से अतिथि आये हुए थे. वे अपने वाहन को राजेश्वर सिंह के घर के समीप खड़ा कर रखा था. रणविजय सिंह ने बताया कि वाहन पार्किंग को लेकर विवाद हुआ. उन्होंने आरोप लगाया कि पूजा के दौरान राजेश्वर सिंह के पुत्र रवि, राहुल और दीपक घर में घुस कर मेरे पुत्र सक्षम को उठाकर पटक दिया. जिससे उसके माथे और कान से खून निकलने और बेहोश हो गया.

बचरा हाई स्कूल के बच्चों को किया गर्म वस्त्र वितरण

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा हाई स्कूल में बुधवार को एक समारोह आयोजित कर पिपरवार विकास समिति के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले निर्धन और असहाय बच्चों के बीच गर्म वस्त्र स्वेटर का वितरण किया गया. इस दौरान समिति के सचिव संतोष कुमार राम ने कहा कि स्कूल में कई ऐसे निर्धन असहाय बच्चे हैं जिनके पास स्वेटर नहीं हैं और कड़ाके की इस ठंड में उक्त बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं.इस मौके पर समिति के सचिव संतोष राम,अगनु देशवाली, मुखिया रीना देवी,प्राचार्य महेंद्र पासवान,बिदेंशवर रजक,प्रेम साव,मनुदेव आयं, मनीष कुमार,दीपक पाल, रेखा कुमारी,राजेन्द्र प्रसाद, सुलेखा महतो,हरिद्वार प्रजापति सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे.

रमेश सिंह मुंडा स्मारक 2 स्कूल का जल्द हीहोगा कायाकल्प : विधायक

संवाददाता। बुंडू

रमेश सिंह मुंडा स्मारक 2 उच्च विद्यालय बुंडू का जल्द ही कायाकल्प होकर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बनेगा. उक्त बातें विधायक विकास सिंह मुंडा ने कही. वे बुधवार को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना टांगरटोली भागीदारी में किफायती आवास घटक 3 का उद्घाटन सह 2करोड़ 80लाख रूपये के विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे.आगे उन्होंने कहा कि रेफरल अस्पताल बुंडू का भी जल्द ही शिलान्यास होगा.इसके अलावा भी कई योजनाओं पर काम चल रहा है. बुंडू नगर पंचायत के प्रशासक शुभम पोद्दार ने कहा कि नगर पंचायत जल्द ही बच्चों के लिए बुंडू में एक प्ले स्कूल चालू करेगा . स्वच्छता के मामले में बुंडू को तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है. सिटिजन मैनेजर अनिल जी ने बताया कि 80 में से 40 आवास का आज शिलान्यास हुआ और स्थानीय विधायक ने नया घर का चाभी घर लेनेवाले को सौंपा. मौके पर नपं के सभी पूर्व कमेटी के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे.

तमाड़ में लगा गौरांग टुसू मेला

तमाड़। तमाड़ प्रखंड के सारजमडीह बड़ा तालाब के समीप एक दिवसीय गौरांग टुसू मेला का आयोजन किया गया. मेला में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा उपस्थित था. मेला में दूर दराज से एक से बढ़कर एक टुसू चौडल पहुंचा हुआ. चौड़ल के साथ आये नृत्य मंडलियों द्वारा संकृति का मिशाल पेश करते हुए बेहतर नृत्य कर लोगो का मन मोह लिया . मेला को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की टुसू पर्व हमारी पौराणिक संस्कृति धरोहर है. जरूरत है हमे इसे सहज कर रख आगे बढाने की. मेला में आए टुसू चौडल में प्रथम पुरस्कार बोधडीह दूसरा पुरस्कार लुंगटु साथ ही तृतीय और चतुर्थ पुरस्कार क्रमश आमलेशा तथा हुरडीह को दिया गया.

45 जायरीनों का जत्था उमरा पर हुआ रवाना

रांची। मदीना ट्रेवल्स एजेंसी की ओर से बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से 45 जायरीन मौलाना नसीम अनवर नदवी की दुआ के बाद उमरा के लिए रवाना हुए. मदीना ट्रैवल्स के निदेशक मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि हमारे यहां से 45 जायरीन दिल्ली एयरपोर्ट से जेद्दा एयरपोर्ट जा रहे हैं. 10 फरवरी को 90 लोगों का जत्था बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जायेगा. जल्द ही रमजान उमरा पैकेज की घोषणा होगी, जो दूसरे ट्रैवल से कम होगा. फातिमा गर्ल्स एकेडमी के निदेशक नसीम अनवर नदवी ने कहा कि मदीना ट्रैवल्स से लोगों को अच्छी सुविधाएं मिलती हैं, यह सराहनीय है.

आयोजन सिकिदिरी के रोहनडीह में हुआ टुसू मेले का भव्य आयोजन, उमड़ी लोगों की भीड़

झारखंड की संस्कृति का प्रतीक और स्वाभिमान है टुसू : साहू

संवाददाता। सिकिदिरी

टुसू हमारी झारखंड की संस्कृति और स्वाभिमान का प्रतीक है.टुसू की अलग-अलग रंग-बिरंगी आकृति झारखंड की एकता को दर्शाता है. उक्त बातें आजसू सुप्रीमो सह सूबे के गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कही. महतो बुधवार को टोटी झरना मेला समिति की ओर से सिकिदिरी के रोहनडीह झरना स्थल में आयोजित टुसू मेले में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे.उन्होंने कहा कि पूर्वजों के इस विरासत को आगे भी सहेज कर रखने की आवश्यकता है.

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के रीति-रिवाज,संस्कृति व परंपरा को जारी रखने के लिए इस प्रकार का आयोजन का होना आवश्यक

है.भाजपा नेता सह युवा दस्तक ओरमांझी के अध्यक्ष आशीष साहू ने कहा कि टुसू मेला हमारी संस्कृति की अहम धरोहर है.हमें अपनी संस्कृति और परंपरा को बचाने के लिए संगठित होना होगा.कहा कि संगठित होकर ही हम अपनी संस्कृति और परंपरा को बचा सकते हैं.आयोजन समिति के अध्यक्ष मनेश महतो ने बताया कि टोटी झरना फाल की ऊंचाई 300 फीट है,परंतु यह झारखंड के गुमनाम फाल में से एक है.इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की आवश्यकता है. इसकी पहचान बनाने के उद्देश्य से ही स्थानीय युवकों की ओर से यहां दूसरी बार टुसू मेला का आयोजन किया गया है.कहा कि टुसू मेले का आयोजन हर साल किया जाएगा. मेले में कई गांवों के लोग सुंदर और मनमोहक टुसू लेकर पहुंचे थे.इस अवसर पर लोगों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर जम कर नृत्य किया. आकर्षक टुसू लाने वाले मंडलियों को आयोजन समिति की ओर से अतिथियों ने पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की.

मेले में कुमार इग्नेश और राज मौर्या की म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने रंगारंग नृत्य और गीत से सबको थिरकने को विवश कर दिया. इस से पूर्व राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू, भाजपा झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी व अतिथियों ने मेले का शुभारंभ पूजा-अर्चना कर संयुक्त रूप से किया.इस अवसर पाए आदित्य प्रसाद साहू ने अपने फंड से झरना स्थल पर एक शेड निर्माण कराने की घोषणा की. मौके पर अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी,रांची यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्टार अमर चौधरी, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, कुर्मी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार, रामधन बेदिया, पंसस अनिल कुमार महतो, रामपोदो महतो, मुखिया राजेंद्र बेदिया, खालिक खान, सखीचंद महतो, सुनील महतो, नीलमोहन पाहन व नंदलाल राम थे. संचालन शिवधर रजवार ने किया. मेले की सफलता में अध्यक्ष मनेश महतो, सचिव शिबू महतो, बबलू महतो, प्रीतम महतो, प्रीतम महतो, रंजीत महतो, लक्ष्मी महतो, नरेश महतो, चंदेशवर महतो, कुलेश महतो सहित अन्य का योगदान रहा.

न्यूज अपडेट

ड्रॉइंग बनाओ प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ईटकी। जेम्स इंटरनेशनल इटकी में नेशनल लेवल ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया .केजी क्लास से लेकर आठवीं क्लास की छात्र. छात्राएं शामिल हुए . कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के अध्यक्ष हाजी अली हसन ने किया पूरे प्रतियोगिता का मॉनिटरिंग स्कूल के प्रिंसिपल एजाज अहमद ने किया पांच कैटेगरी में प्रतियोगिता को बाटा गया था .ग्रुप ए के छात्र राष्ट्रीय ध्वज.ग्रुप बी के छात्र राष्ट्रीय सब्जी , राष्ट्रीय फल और अपने पसंद का कोई फूल बनाए. ग्रुप सी के आपका पसंदीदा कार्टून ,राष्ट्रीय फूल और सेव नेचर ग्रुप डी राष्ट्रीय जानवर , राष्ट्रीय पक्षी और सेव ट्री ,सेव वाटर ग्रुप ई फ्रीडम फाइटर ,क्लीन इंडिया ग्रीन इंडिया,वन अर्थ वन फैमिली प्रतियोगिता प्रतियोगिता प्रोग्राम के फाइनल रिजल्ट 7 दिनों के बाद दिया जाएगा .

नामकुम थाना में मंदिर निर्माण किया भूमि-पूजन

नामकुम। नामकुम थाना परिसर में मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया. इस मौके पर पुजारी मुकेश भास्कर द्वारा विधि-विधान के साथ समाजसेवी सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह व एएसआई देवेंद्र सिंह के द्वारा पूजा कराई गई. इस मौके पर थाना प्रभारी इस्पेक्टर सुनील तिवारी व आईपीएस रित्विक श्रीवास्तव ने मंदिर की आधारशिला रखी .प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि पूर्व से ही उक्त स्थान पर निर्माण के लिए चिन्हित किया गया था.

डाक कम्यूनिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन

बुढ़मू। रांची डाक प्रमंडल के केन्द्रीय अनुमंडल द्वारा बुधवार को बुढ़मू में डाक कम्युनिटी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित लोगों एवं उपभोक्ताओं को डाक विभाग द्वारा संचालित सुकन्या समृद्धि, किसान सम्मान निधि, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार निशुल्क बनाया गया, सहित अन्य डाक विभाग के विभीन्न योजनाओं के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक डाक अधीक्षक रांची केंद्रीय अनुमंडल के अजय कुमार शामिल हुए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय सहायक डाक अधीक्षक ने डाक कर्मियों को हर घर को निकटतम डाकघरों से सीधे तौर पर जोड़ने को कहा, ताकि लोग डाकघर के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ ले सके.

10वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

सिल्ली/मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल सिल्ली में कक्षा 10 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न किया गया. विदाई समारोह में प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि विद्यार्थियों ने हमारे विद्यालय में अध्ययन के दौरान काफी मेहनत किये और अनुशासन में रहे जिससे पूरे विद्यालय गौरान्वित है. पूरा विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं. हरिहर महतो, महितोश महतो, नीतीश महतो, प्रशांत महतो, मुस्कान कुमारी और विनीता कुमारी को विद्यालय की ओर से विदाई दी गई. मौके पर जितेंद्र, राकेश, राहुल भद्रा, गोविनदर, नकुल बडाईक, लंकेश्वर, शालिनी कुमारी, प्रेमचंद महतो, विपुल राय समेत विद्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे.

डीएवी बचरा में मनायी गयी कर्पूरी ठाकुर की जयंती

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर की 100 जयंती कार्यक्रम आयोजित कर मनाई गई .इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजीव रंजन झा के द्वारा कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया .इस कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आर बी प्रसाद , ए डी यादव , सी एस सिह, ए पी द्विवेदी, आर आर दत्ता आदि शिक्षकों के द्वारा भी कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में कर्पूरी ठाकुर द्वारा किए गए कार्यो उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया . इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं सहित सभी शिक्षक शामिल थे .

नामकुम में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी

नामकुम। नामकुम नाई विकास समिति कि ओर से बुधवार को सदाबहार चौक नामकुम स्थित रेवल पैलेस में जननायक कर्पूरी ठाकुरजी की जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया गया. इस मौके पर प्रेरक विचारों तथा महान कार्यों के साथ साथ उनके गरीबी, संघर्ष, उनके तथा उनके पिता के साथ हुए भेदभाव को भी बड़े ही जीवनंतता के साथ उपस्थितलोगों के बीच साझा किया. इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक उमेश शर्मा, एसके शर्मा, विरेन्द्र कुमार, जनक किशोर ठाकुर, पत्रकार सह अधिवक्ता अमरनाथ ठाकुरआदि ने भी अपने विचार रखें. इस मौके पर नामकुम नाई विकास समिति के अध्यक्ष देवाशीष ठाकुर, मनोज ठाकुर आदि ने 24 जनवरी को सार्वजनिक की अवकाश घोषणा करें.

सोनाहातू में कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनायी गयी

सोनाहातू। आजसू पार्टी सिल्ली विधानसभा और बुद्धिजीवी मंच के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर उनकी चित्र पर विधायक सुदेश महतो ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि कर्पूरी जी को भारत रत्न मिलना उनके द्वारा आजीवन समाज के गरीब एवं पिछड़े वर्ग के कल्याण की दिशा में किए गए अभूतपूर्व कार्यों के साथ ही देश के सभी गरीबों, पिछड़ों-वंचितों का भी सम्मान है. कर्पूरी जी गरीबों, दलितों, पिछड़ों के पक्षधर थे .

एसएसबी जवानों ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर

राहे। एसएसबी 26 वीं बटालियन वाहिनी कमान्डेंट एसडी शेरखाने के निर्देशानुसार सेवा सुरक्षा बंधुत्व के उद्देश्य को लेकर ए कंपनी सताकी पंचायत के कोन्ताटोली और रामडेरा गांव में नागरिक जन कल्याण कार्यक्रम के तहत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कमान्डेंट चिकित्सा एएफ खान के द्वारा लोगों को स्वस्थ जांच कर जरूरतमंद 110 मरीजो को निशुल्क दवाई दी गई. इस मौके पर निरीक्षक शशि कुमार सहायक उपनिरीक्षक फार्मासिस्ट बीरगोंडा सहित एसएसबी के जवान मौजूद थे.

संडे ड्यूटी कटौती के विरोध में आरसीएमयू ने की बैठक

पिपरवार। पिपरवार प्रबंधन के द्वारा कोयला कामगारों के संडे ड्यूटी में कटौती किए जाने के विरोध स्वरूप राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में बुधवार को बैठक किया .बैठक की अध्यक्षता मोहम्मद शहाबुद्दीन एवं संचालन संतोष दास ने किया . बैठक में यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे . बैठक के दौरान पिपरवार क्षेत्र के सभी परियोजनाओं में कोयला कामगारों केसंडे ड्यूटी में कटौती किए जाने ,कोयला कामगारों के पदोन्नति,आवास की मरम्मत, कोयला कामगारों के आवास आवंटन , यूनियन में कोयला कामगारों की सदस्यता बढ़ाने सहित कई मांगों पर चर्चा हुई.

लाइफ लाइन

मोटापा अपने साथ कई बीमारियों को लेकर आता है. अधिक वजन होने से डायबिटीज, हाई बीपी, ऑस्टियोआर्थराइटिस, किडनी रोग आदि की आशंका होती है. आइए, हम अन्य रोगों के साथ मोटापे के संबंध और मोटापा दूर करने उपायों की करें चर्चा.

बढ़ता वजन करता इन बीमारियों का स्वागत

डॉ दीपक चंद्रा प्रकाश
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ मेडिका, रांची

पिछले एक दो दशक से हमारी लाइफ स्टाइल ऐसी हो गई कि हम कई बीमारियों के सहज शिकार हो रहे हैं. इस तरह की ज्यादातर बीमारियों की जड़ में हमारा बढ़ता मोटापा है. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, दुनिया भर में मोटापे का प्रसार 1975 और 2016 के बीच लगभग तीन गुना हो गया है. हर चार में एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है. मोटापा, जिसे कभी अमीर देशों में एक समस्या माना जाता था, निम्न और मध्यम आय वाले देशों में बढ़ रहा है. इंडियन जनरल कम्युनिटी मेडिसन की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में सिर्फ भारत में ही 135 मिलियन लोग मोटापे की परेशानी से जूझ रहे हैं. वहीं वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में बचपन के मोटापे में 2035 तक 9.1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि होने की आशंका है. इसी रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में लगभग 11 प्रतिशत लोग 2035 तक मोटे होंगे, 2020 और 2035 के बीच वयस्क मोटापे में वार्षिक वृद्धि 5.2 प्रतिशत होगी. आइए, हम उन रोगों पर प्रकाश डालें जिसके लिए मुख्यतः मोटापा ही जिम्मेदार है-

डायबिटीज

मोटापे के कारण सबसे आम बीमारी जो लोगों में देखी जाती है, वह है डायबिटीज. दरअसल हमारे शरीर में जितनी ज़्यादा फैट होगा, शरीर को इन्सुलिन बनाने में उतनी ही अधिक दिक्कत होगी. मोटे शरीर में पेट के आस-पास लिवर और पेनक्रिएटिक में फैट जमा हो जाता है. दूसरे शब्दों में कहें तो लिवर में थोड़ी सी भी चर्बी बढ़ती है तो मधुमेह यानी डायबिटीज होने की आशंका बढ़ जाती है.

हाई ब्लड प्रेशर

हाई बीपी भी मोटे लोगों की आम समस्या है. हाई ब्लड प्रेशर यानि हाइपरटेंशन ऐसी स्थिति है, जिसमें खून रक्त वाहिकाओं में सामान्य से ज्यादा तेज बहने लगती है. इस कारण हाई ब्लड प्रेशर होने पर हमारे हार्ट पर अवांछित दवाब पड़ता है. ऐसी स्थिति में रक्त वाहिकाओं को भी नुकसान पहुंचा सकता है. हाई ब्लड प्रेशर होने से दिल का दौरा, स्ट्रोक, किडनी की बीमारी और मृत्यु की आशंका बढ़ सकती है.

ऑस्टियोआर्थराइटिस

ऑस्टियोआर्थराइटिस भी ऐसी बीमारी है जिसके लिए अन्य कारणों के साथ मोटापे को भी जिम्मेवार माना जाता है.
ऑस्टियोआर्थराइटिस होने पर हमारे शरीर के जोड़ों में दर्द और सूजन की शिकायत रहती है. जब हमारा शरीर मोटापे का शिकार होता है तब जोड़ों और कार्टिलेज पर अतिरिक्त दबाव आता है, जिससे ऑस्टियोआर्थराइटिस होने का खतरा बढ़ सकता है.

किडनी की बीमारी

मोटापा से डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की आशंका बढ़ती है और ये दोनों बीमारियां हमारी किडनी को प्रभावित करती है. अगर डायबिटीज या ब्लड प्रेशर नहीं है, तब भी मोटापे का कारण किडनी की बीमारी हो सकती है.

कई तरह के कैंसर की आशंका

हमारे शरीर में चर्बी एकत्र होता है तो कई अंगों पर असंतुलन की स्थिति आती है और यह कहीं न कहीं कैंसर की आशंका को भी बढ़ाता है. खराब जीवनशैली और पोषण वाले खान-पान पर ध्यान न देना 13 तरह के कैंसर की वजह बन सकती है.

ऐसे लगेगी लगाम

हम अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव कर मोटापे की समस्या पर नियंत्रण हासिल कर सकते हैं-आइए, एक्सपर्ट के सुझाए कुछ ऐसे ही कारण-उपायों पर करें चर्चा-

बहुत देर तक सोना

मोटापे की एक वजह जरुरत से ज्यादा सोना भी है. हावर्ड यूनवर्सिटी के एक अध्ययन में देखा गया कि जो लोग हर रात 09 या 10 घंटे सोते थे, उनमें 7-8 घंटे के बीच सोने वाले लोगों की तुलना में मोटापे का शिकार होने की आशंका 23 .8 प्रतिशत अधिक थी.

कम सोना

जिस तरह अधिक सोना वजन बढ़ा सकता है, वैसे ही कम सोना भी आपके मोटापे के लिए जिम्मेदार हो सकता है. कम सोने से शरीर में भूख ज्यादा लगने वाले हार्मोन रिलीज होते हैं. जिससे व्यक्ति को बार-बार भूख लगती है. खासतौर से, रात के समय जब व्यक्ति जाग रहा होता है तो उसे भूख अधिक लगती है जिससे वह कुछ भी उल्टा सीधा खा लेते हैं.

नमक बस 5 ग्राम

हमारे शरीर को प्रतिदिन महज 5 ग्राम नमक की दरकार होती है. हम घर का बना खाना खाते हैं, उससे ही यह जरूरत पूरी हो जाती है. इससे अधिक नमक खाने से बीपी बढ़ती है. मिक्सर, अचार, पैकेट बंद चिप्स आदि चीजें खा कर हम नमक की अधिक मात्रा ले लेते हैं. ऐसे में हृदय पर दवाब बढ़ता है और वह सलीके से पंप नहीं कर पाता. इससे बॉडी में सूजन होती है.

सुबह का नास्ता

वजन दुरुस्त रहे, इसके लिए अपने ब्रेकफास्ट पर ध्यान रखें. इसे समय पर लें. इसमें हाई प्रोटीन युक्त आहार लें. खूब तले-भूने और मसालेदार आहर जिसमें हाई फैट और हाई सोडियम होगा, उससे आप खुद को दिन भर फूला हुआ और सुस्त महसूस करेंगे. वहीं इससे मोटापा भी बढ़ेगा.

देर रात खाना

मोटापा बढ़ाने के लिए देर रात के भोजन को बहुत जिम्मेदार माना गया है. सलाह दी जाती है कि रात का भोजन शाम सात बजे से रात आठ बजे तक कर लेना चाहिए. देर रात में अगर हम दो रोटी भी खाते हैं और खा कर सो जाते हैं, तो जाहिर है कैलोरी बर्न होने का मौका नहीं मिलता. ऐसे में चर्बी जम जाती है. कई बार रात में खाने के हलवा, आइक्रीम, मिठाई, चॉकलेट आदि खा लेते हैं. अधिक मात्रा में चीनी और वसा के चलते ये तेजी से वजन बढ़ाने का भी काम करते हैं.

खाते समय ध्यान भटकना

आमतौर पर हम निवाले मुंह में लेते हैं और आंखें टीवी-मोबाइल पर होता है. ऐसे में अक्सर न तो खाने की मात्रा पर ध्यान रहता है और न सलीके से चबाने पर. इसकारण वजन बढ़ता है. बेहतर हो कि खाना खाते समय ध्यान भोजन पर केंद्रित करें. कितना और क्या खा रहे हैं, ये देखें. निगलने से पहले सलीके से भोजन का चबाएं.

मेडिसिन इफेक्ट

कई दवाएं चुपके से हमारा मोटापा बढ़ाती चली जाती हैं और हमें पता भी नहीं चलता. कोरोना के दौर में हमने स्टेरॉयड जैसी दवाएं खूब ली थीं. यह भी मोटापा का कारक है. इनके अलावा कैंसर, थायराइड, बर्थ कंट्रोल आदि की दवाएं भी वजन बढ़ाने के पीछे जिम्मेदार हो सकती हैं.

नियमित व्यायाम से दूरी

हमें प्रति दिन कम से कम 30 मिनट का एक्सरसाइज करना चाहिए. इसमें सुबह किया जाने वाले ब्रिस्क वॉक, जॉगिंग भी शामिल हो सकता है. हफ्ते में कम से कम 150 मिनट का एक्सरसाइज वजन ही नहीं कम रखता, बल्कि हृयद और मानसिक स्वास्थ्य भी दुरुस्त रखता है.

तनाव

ज्यादा स्ट्रेस लेने से शरीर में कॉर्टिसोल नामक हार्मोन ज्यादा रिलीज होता है. जो मोटापा बढ़ाना का एक कारण बन सकता है. एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्टिसोल का उच्च स्तर व फैट मास का आपस में गहरा नाता है. कोर्टिसोल नामक स्ट्रेस हार्मोन कई तरह की समस्याएं पैदा करने के साथ-साथ वजन भी बढ़ाने का काम करता है.

आनुवंशिकता

मोटापा ज्यादा खाने से तो बढ़ता ही है लेकिन ये एक ऐसी बीमारी है जो परिवर में माता-पिता या अन्य पूर्वजों से भी आप तक पहुंच सकती है. आसान भाषा में समझे अगर आपके परिवार में किसी को मोटापे की दिक्कत है तो आपमें भी मोटापा होने के आशंका बढ जाती है.

अयोध्या का राजवृक्ष – कोविदार

अनिल कुमार पाठक
पारंपरिक चिकित्सक

अयोध्या के राम मंदिर में प्रभु श्रीराम का प्राण-प्रतिष्ठा के साथ एक विशेष वृक्ष भी चर्चा में आ गया है और वह है - अयोध्या साम्राज्य के ध्वज पर एक वृक्ष और सूर्य का अंकित होना. ध्वज पर सूर्य का होना, सूर्यवंशी राजा होने का प्रतिनिधित्व को दर्शाता है और ध्वज पर अंकित वृक्ष "कोविदार वृक्ष" का माना जा रहा है. कोविदार वृक्ष को लेकर एक भ्रान्ति भी सुनने और पढ़ने को मिल रहा है. कहा यह जा रहा है कि कंचनार वृक्ष ही कोविदार है और यह भी कहा जा रहा है कि कंचनार वृक्ष कोविदार वृक्ष नहीं है. अपने शोध के अनुसार सबसे पहले तीन विचार यहां रख रहा हूं -

1. यह वृक्ष वन प्रदेश का वृक्ष है. आदिवासी जन समूह कोविदार वृक्ष के फूल और पत्ते का खूब सेवन करते हैं. कोविदार वृक्ष को ही आदिवासी क्षेत्रों में कोइनार नाम से पुकारा जाता है.
2. कोविदार वृक्ष और कंचनार वृक्ष दोनों एक ही कुल के हैं और दोनों में काफी समानता हैं. जैसे दोनों के पत्ते "युग्म पत्र" होते हैं अर्थात लगता है कि दो पत्तियां एक विशेष ढंग से जुड़ी हैं. हम जब देखते हैं तो हमें मानव फेफड़ा सा लगता है. भाव प्रकाश के अनुसार दोनों में समान औषधीय गुण हैं और व्यवहारिक रूप में हम पाते हैं कि कंचनार वृक्ष का छाल और पत्र और कोविदार (कोइनार) वृक्ष का छाल और पत्र एक दूसरे के स्थान पर लेते हैं. लेकिन फूल का उपयोग केवल और केवल अत्यधिक रुचि से कोविदार (कोइनार) वृक्ष का ही करते पाया है.

आदरणीय स्व. एन.के.मिश्रा जो वन विभाग में कार्यरत थे और वन में उपलब्ध औषधीय वृक्षों के ज्ञाता थे, उनके साथ चर्चा के बाद जो समझा उसके अनुसार बॉहिनिया वैरीगेटा को कांचनार और बॉहिनिया परप्यूरिया को कोविदार(कोइनार)कह सकते हैं.

गांठ वाली कैंसर में भी कांचनारगुग्गुल काफी उपयोगी साबित हो रहा है. घाव में, क्षय रोग में चर्मरोग में, रक्तविकार में उपयोगी है. इसके सेवन से असमय बाल नहीं पक सकते हैं और ना झड़ सकते हैं. त्वचा के लिए हितकारी है, ब्रणशोधक, प्रमेह, कुष्ठ रोगी निवारण का काम करता है और रक्त चाप को संतुलित रखता है और इसके पुष्प और पत्तियां पुष्टिकारक हैं तथा निरोग रखने की क्षमता

कंचनार वृक्ष

कोविदार (कोइनार) वृक्ष

के कारण ही इसे अयोध्या साम्राज्य के ध्वज पर स्थान दिया गया होगा.

आजादी से आज तक इसका छाल का व्यापार चोर रास्ते से ही होता है और यह पौधा विलुप्त होने के कगार पर है. वन मंत्रालय कंचनार वृक्ष और कोविदार (कोइनार) वृक्ष के संरक्षण और संवर्धन पर काम ही नहीं किया है. वर्तमान में कांचनारगुग्गुल काफी लोकप्रिय औषधि है.

(औषधीय पौधे की खेती एवं संवर्धन संरक्षण के जानकार)

जाड़े मे रखें अपने जोड़ों का ख्याल

डॉ देवनीस खेस
मेडिकल डायरेक्टर
शैल्बी डीवाईन सुपर स्पेशियेलिटी अस्पताल

अभी जाड़े का मौसम में खासकर ठंडी हवा के चलने से अनियंत्रित गठिया के मरीजों को जोड़ों मे असहनीय दर्द का अहसास हो रहा है. ऐसा इसलिए होता है कि जोड़ों के बीच और अगल बगल में साइनोवियल मेम्बरेंन (जोड़ों को गतिसील बनाने के लिए लुब्रिकेशंन का काम करता है) में जो तरल पदार्थ गठिया की बीमारी के कारण अधिक मात्रा में बना हुआ होता है, ठंड के कारण जमने लगता है और उस कारण से और तेजी से जोड़ों में शरीर के अवरोधी क्षमता (एंटीबॉडी) हमला करता है और जोड़ों में अत्यधिक सूजन दर्द और अकड़न की शिकायत होने लगती. इस कारण पीड़ित दर्द के मारे कराह उठता है और उसकी दिनचर्या भी प्रभावित होती है.

गठिया के मरीज ऐसी विकट परिस्थिति में निम्न तरीके अपनाकर अपने आप को गठिया के असहनीय दर्द से बचाव कर सकते हैं.

1. अपने शरीर को गर्म रखें, स्वेटर जैकेट और हाथों में उनी दस्ताने और पैरों में मोजा पहनें.
2. हल्की फुलकी कसरत जैसे वॉकिंग, हैंड मूमेंट कसरत, हाथों के छोटे जोड़ों के लिए सॉफ्ट हैंड बाल से कसरत करें.
3. विटामिन डी का इस्तेमाल करें. प्रति दिन थोड़ी देर के लिए धूप में जरूर बैठें. शरीर पर धूप पड़ने दें.
4. उठने-बैठने और सोने का अनुकूल तरीका अपनाएं. बेहतर हो कि गठिया के रोगी मोबाइल इत्यादि का कम इस्तेमाल करें क्योंकि इसे कलाइयों, और गर्दन के गठिया में प्रतिकूल असर पड़ता है.
5. खाने में ताजी पत्तेदार साग सब्जी, दूध और ड्राई फ्रूट का इस्तेमाल करें. भोजन में मड़ुआ, मक्का जैसे मोटे आनाज का इस्तेमाल करें. जंक फूड, फ़ास्ट फूड, प्रोसेसेड फूड और ड्रिंक और ट्रांस फैट से भरपूर बाजार के खाद्य पदार्थ से तौबा करें.
6. खाने के बीच का गैप जैसे नाश्ता, लंच और डिनर का गैप कम से कम 8 घंटा और अधिकतम 10 घंटे से ऊपर न रखें. प्रत्येक तीन घंटे पर छोटा आहार लें.
7. तनाव से दूर रहें. अपने स्ट्रेस को योग और मेडिटेशन इत्यादि से दूर करें. शारीरिक सक्रियता बरकरार रखें. भरपूर नींद लें.
8. अपनी गठिया कि दवाइयां सुचारु रूप से लेते रहें. खुद से न रोकें.

(20 वर्षों से अधिक अनुभवी सीनियर गठिया, वाय वात रोग विशेषज्ञ)

दिल संभल जाएगा, कीजिए ये दो प्राणायाम

ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

खराब जीवनशैली के कारण दुनिया भर में दिल का दौरा पड़ने के केस में इजाफा हुआ है. यदि आप दिल की समस्याओं से पीड़ित हैं या हार्ट अटैक से बचना चाहते हैं, तो जरूरी है कि आप रोजाना योग का अभ्यास करना शुरू कर दें. हृदय रोग से बचने के लिए आप प्राणायाम का अभ्यास भी कर सकते हैं.

भस्त्रिका प्राणायाम

5 से 10 मिनट तक भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास करने से दिल के दौरे के खतरे को कम करता है. इसके अलावा, यह शरीर और दिमाग को ताजा करता है. शरीर में नई ऊर्जा का संचार करता है. स्मृति को सुधारता है. इसके नियमित अभ्यास से इम्यून सिस्टम बूस्ट होती है. इससे तनाव दूर होता है. रक्त शुद्ध करता है.



भस्त्रिका प्राणायाम की विधि :
सिद्धासन या सुखासन में बैठ जाएं. अब कमर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए शरीर और मन को स्थिर रखें. फिर तेज गति से सांस लें और तेज गति से ही सांस बाहर छोड़ें. सांस लेते समय पेट फूलना चाहिए और छोड़ते समय पेट पिचकना चाहिए. इससे नाभि स्थल पर दबाव पड़ता है.

कपालभाति प्राणायाम

हृदय रोग के लिए कपालभाति प्राणायाम फेफड़ों, स्प्लीन, लीवर, पैनक्रियाज के साथ-साथ दिल के कार्य में सुधार करता है. यह न केवल कोलेस्ट्रॉल को कम करता है बल्कि धमनी के अवरोध को दूर करने में भी मददगार है.

कपालभाति प्राणायाम की विधि
ध्यान के किसी आसन में बैठ जाएं. अब आंखों को बंद कर लें. पूरे शरीर को ढीला छोड़ दें. अब नाक से तेजी से सांस बाहर निकालने की क्रिया करें. सांस को बाहर निकालते वक्त पेट को भीतर की ओर खींचें. ध्यान दें कि सांस को छोड़ने के बाद, सांस को बाहर न रोककर बिना प्रयास किए सामान्य रूप से सांस को अन्दर आने दें. इसके बाद सांस को अंदर लें. ऐसा करते वक्त संतुलन बनाए रखें. वैसे दिल के मरीजों को कपालभाती प्राणायाम धीरे-धीरे करना चाहिए.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

ऑस्ट्रेलियाई ओपन : गोंजालेस व मोल्तेनी की जोड़ी हारी

सेमीफाइनल में पहुंची रोहन बोपन्ना व मैथ्यू एबडेन की जोड़ी

भाषा ।मेलबर्न

- सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी बनेंगे बोपन्ना
- सेमीफाइनल में माचाक व झांग की जोड़ी से भिड़ेंगे बोपन्ना व एबडेन
- टूर्नामेंट के आखिरी में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे बोपन्ना

भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरूष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे. 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया. अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिंझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा.

टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जायेंगे. इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे. एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचेंगे. बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे. वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे. वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे. बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रियला डाब्रोवस्की के साथ फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता.

- मेदवेदेव ने करीब चार घंटे तक चले मुकाबले में हुरकाज को हराया
- लिंडा को हराकर पहली बार ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची यास्त्रेम्स्का

मेदवेदेव व यास्त्रेम्स्का भी सेमीफाइनल में

रूस के दानिल मेदवेदेव ने नौवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को करीब साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में 7- 6, 2- 6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली. करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में मेदवेदेव ने हुरकाज की वापसी के हर प्रयास को नाकाम कर दिया. अब उनका सामना विम्बलडन चैंपियन कार्लोस अलकाराज या ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा. अमेरिकी ओपन 2021 चैंपियन मेदवेदेव दो बार यहां उपविजेता रह चुके हैं. इससे पहले यूक्रेन की डायना यास्त्रेम्स्का ने लिंडा नोस्कोवा को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची है. यूक्रेन की 93वीं रैंकवाली डायना ने क्वालीफायर के जरिये मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था. अब वह 12वीं रैंकिंग वाली झेंग किंवेन या अन्ना कालिंस्काया से खेलेंगी. वह 1978 में क्रिस्टीन स्टोरी के बाद ओपन युग में ऑस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी क्वालीफायर है.

पहला टेस्ट : भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में मुकाबला आज

'बैजबॉल' को कड़ी चुनौती देगा 'स्पिनबॉल'

भाषा ।हैदराबाद

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को कड़ी चुनौती मिलेगी जब आक्रामकता की नयी परिभाषा गढने वाली इंग्लैंड टीम से गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम का सामना होगा. भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था. उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलायें जीती है जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप' किया है. इस दौरान भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट खेले और सिर्फ तीन में पराजय का सामना किया. अगर दबदबे की बात की जाये और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की ऑस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती. पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है. भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बायें हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही. टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे. इंग्लैंड टीम अतीत में दोनों का सामना कर चुकी है और खास तौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी. सैंतीस वर्ष के अश्विन में अभी भी 17 साल के युवा जैसा जोश है. वह 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं. जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं. उनकी सटीक पड़ती गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिये काफी हैं. उन्होंने इस दौरान 39 टेस्ट में 191 विकेट लिये हैं. दोनों मिलकर 21 की औसत से 500 के करीब विकेट ले चुके हैं.

टीमें

- **भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत, ध्रुव जुरल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान
- **इंग्लैंड** : बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड.

दो टेस्ट नहीं खेलेंगे विराट पाटीदार को मिली जगह

इंग्लैंड के लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे जो निजी कारणों से बाहर हैं. कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाये हैं जिनमें पांच शतक शामिल हैं. मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर पहले दो टेस्ट के लिये टीम में शामिल होंगे.

हमारी टीम अपराजेय नहीं, हमें अच्छी क्रिकेट खेलनी होगी : रोहित

भारतीय टीम को उसकी धरती पर हराना भले ही मुश्किल हो लेकिन कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम 'अपराजेय' नहीं है और इंग्लैंड को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला मे हराने के लिये उसे लगातार अच्छा क्रिकेट खेलना होगा. रोहित ने कहा कि उनका मूल फोकस टीम की रणनीति पर होगा. रोहित ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हम अपराजेय हैं. हम ऐसा सोचना नहीं चाहते. पिछले एक दशक में जो भी रिकॉर्ड हो, वह इस बात की गारंटी नहीं है कि हम यह श्रृंखला भी जीतेंगे. हमें इसके लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा. रोहित ने यह भी कहा कि केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास बढा है. उन्होंने कहा कि केपटाउन में मिली जीत अच्छी थी लेकिन यह मैच हैदराबाद में है. हालात अलग हैं और विरोधी टीम भी. लेकिन उस जीत से आत्मविश्वास काफी बढा है जो इस श्रृंखला में काम आयेगा.

बैजबॉल खेलने पर दो दिन में खत्म होगा मैच : सिराज

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि इंग्लैंड की बहुचर्चित 'बैजबॉल' शैली भारतीय हालात में कारगर साबित नहीं होगी और अगर वे इसे आजमाते हैं तो मैच दो दिन के भीतर ही खत्म हो जायेगा. 'बैजबॉल' आक्रामक बल्लेबाजी की इंग्लैंड की रणनीति है जिसे मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम के उपनाम 'बैज' से बनाया गया है. पिछले साल इंग्लैंड को इससे काफी सफलता मिली लेकिन समान रूप से टर्न और उछाल लेने वाली भारतीय पिचों पर इसकी असल परीक्षा होगी. सिराज ने कहा कि इंग्लैंड अगर भारतीय हालात में बैजबॉल खेलता है तो मैच डेढ या दो दिन में खत्म हो जायेगा. हर गेंद को पीटना आसान नहीं होता क्योंकि कई बार गेंद टर्न लेती है और कई बार सपाट पड़ती है. उन्होंने कहा कि यहां बैजबॉल शायद नजर नहीं आये. अगर फिर भी वे ऐसे खेलते हैं तो हमारे लिये तो अच्छा ही होगा. मैच जल्दी खत्म हो जायेगा. पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये अपनी तैयारी के बारे में सिराज ने कहा कि पिछली बार उनके भारत दौरे पर मैच जल्दी खत्म हो गए थे.

2012 के बाद से घरेलू धरती पर एक भी श्रृंखला नहीं हारा है भारत

44 घरेलू टेस्ट में भारत को सिर्फ तीन में टेस्ट में मिली है हार

16 श्रृंखलायें जीते हैं भारत ने घरेलू धरती पर 2012 के बाद से

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 से शुरू होगा

इंडोनेशिया मास्टर्स

भारत के किरण जॉर्ज और लक्ष्य सेन दूसरे दौर में पहुंचे

भाषा ।जकार्ता

- प्रणय व श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हुए

- लक्ष्य सेन ने चीन के वेंग होंग यांग को हराया

- पिछड़ने के बाद किरण जॉर्ज टोमा जूनियर को हराया

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनायी लेकिन स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत शुरूआती दौर में हारकर बाहर हो गये. पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया. उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की. 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले 23 साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हराया. प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था. अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी.

सेन का सामना अगले दौर में डेनमार्क के मलेशिया ओपन चैंपियन एंडर्स एंटोनसेन या इंडोनेशिया के चिको औरा ड्वी वारडोयो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा. दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21 21-19 10-21 से हार गये. इस महीने के शुरू में इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे प्रणय मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के भी पहले दौर में हार गये थे. प्रणय (31 वर्ष) ने पिछले साल एशियाई खेलों और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था. पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने मलेशिया के 10वीं रैंकिंग के ली जि जिया को कड़ी चुनौती दी लेकिन वह 54 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19 14-21 11-21 से हार गये. वह सत्र में लगातार दूसरी दफा पहले दौर से बाहर हुए.

विवाद : वीजा मिलने में हुआ विलंब

स्वदेश लौटे इंग्लैंड के स्पिनर बशीर

भाषा ।हैदराबाद

नागरिकों के साथ उचित व्यवहार करे भारत : ब्रिटिश सरकार

ब्रिटेन सरकार ने शोएब बशीर वीजा मिलने में विलंब के बाद बुधवार को कहा कि भारत को वीजा आवेदन करने वाले ब्रिटिश नागरिकों के साथ उचित व्यवहार करना चाहिए. ब्रिटिश सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि यह मामला शोएब बशीर और भारत सरकार से संबंधित है. लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि भारत अपनी वीजा प्रक्रिया में ब्रिटिश नागरिकों के साथ उचित व्यवहार करेगा.

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला से पहले इंग्लैंड के आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में विलंब से बड़ा विवाद पैदा हो गया है. इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इसे निराशाजनक बताया जबकि ब्रिटिश सरकार के प्रवक्ता ने इस युवा खिलाड़ी के साथ उचित बर्ताव की मांग की. 20 वर्ष के आफ स्पिनर बशीर इंग्लिश काउंटी टीम समरसेट के लिये खेलते हैं. वह अबुधाबी में टीम के साथ थे लेकिन वीजा नहीं मिलने से भारत नहीं जा सके. बशीर पाकिस्तानी मूल के हैं. प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छह मैचों में महज दस विकेट लेने वाले बशीर का चयन हैरानी का सबब रहा. स्टोक्स ने कहा कि जब मुझे अबुधाबी में यह खबर मिली तो मैंने कहा था कि बशीर को वीजा मिलने तक हमें भारत नहीं जाना चाहिये.

शाह खावर होंगे पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

लाहौर । जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली. पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था. खावर ने एक बयान में कहा कि मेरी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी. खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं.

एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप

भारत ने पोलैंड को 5-4 से हराया

भाषा ।मस्कट

खास बातें

- मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया
- भारत की दीपिका व मुमताज ने दागे दो-दो गोल

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के दो-दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया. मुमताज ने चौथे और 23वें मिनट में गोल किया जबकि दीपिका ने छठे और 29वें मिनट में गोल दागा. मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया. पोलैंड के लिये जूलिया के (आठवां), कप्तान मारलेना रिबाचा (10वां), पाउला स्लाविंस्का (27वां) और मोनिका पोलव्जाक (29वां) ने गोल दागे. भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली. इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी. पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किये. मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था. भारत के लिये कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया. स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिये गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को बढ़त दिला दी.

अंडर-19 विश्व कप कठिन मुकाबलों से पहले भारतीय टीम के बल्लेबाजों के पास अभ्यास करने का मौका

भारत की युवा ब्रिगेड के सामने होगी आयरलैंड की आसान चुनौती

भाषा । ब्लोमफोंटेन

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी. भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया. अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा. आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा . भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी. आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा. कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाये लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है. भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है. पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण पहले और दूसरे स्पैल के बीच में ब्रेक लेना पड़ा था और टीम प्रबंधन उनके पूरी तरह फिट रहने की दुआ कर रहा होगा.

वनडे क्रिकेट

- भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रनों से हराया था
- पहले मैच में जीत के बाद दूसरे मैच में बांग्लादेश से हारा था आयरलैंड

ब्लोमफोंटेन की पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को करनी होगी स्ट्राइक रोटेट

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा. अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे. पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था. प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिये रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं. पहले मैच में हालांकि उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था. आयरलैंड के नयी गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं.

आत्मविश्वास से खेलने वाले खिलाड़ी चाहिए : कोच स्टिमक

भाषा ।अल खोर (कतर)



एशियाई कप में एक भी गोल किये बिना और एक भी मैच जीते बिना लौटी भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत है जो विरोधी गोल के सामने आत्मविश्वास से खेल सकें. यह किसी से छिपा नहीं है कि भारत के पास 39 वर्ष के सुनील छेत्री के अलावा कोई बेहतरीन स्ट्राइकर नहीं है. स्टिमक ने सीरिया से 1-0 से मिली हार के बाद कहा कि गोल तभी होंगे जब टीम में गोल करने वाले खिलाड़ी हों. ऐसे खिलाड़ी जिनके पास गोल के सामने आत्मविश्वास हो. उन्होंने कहा कि टीम ने गोल करने के कई मौके बनाये. आपको भी पता है कि हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल क्यो नहीं कर पा रहे हैं.

जब हमारे पास क्लब स्तर पर सेंटर फॉरवर्ड के रूप में भारतीय खिलाड़ी होंगे, तभी हम राष्ट्रीय टीम के लिये भी अधिक गोल कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि इसलिये यह सवाल मेरे सामने नहीं, कहीं और उठाने चाहिये. उनका इशारा इंडियन सुपर लीग क्लबों में सेंटर फॉरवर्ड के तौर पर भारतीय खिलाड़ियों के नहीं होने पर था.

▼ ब्रीफ खबरें

आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला रिजवान गिरफ्तार

अररिया । जिले की फारबिसगंज थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी मो.रिजवान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इसकी पुष्टि फारबिसगंज थानाध्यक्ष आफताब अहमद ने भी की. गिरफ्तार मो.रिजवान फारबिसगंज थाना क्षेत्र के रामपुर दक्षिण के रहने वाले मो.आरिफ के पुत्र है.जिन्होंने धर्म विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया था और वह पोस्ट तेजी से वायरल हो रहा था.

चोर ने युवक को मारी गोली, अस्पताल रेफर

अररिया । फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मटियारी नहर के पास मंगलवार देर रात मवेशी चोरी कर ले जा रहे चोर को एक युवक ने टोकते हुए रोका तो चोरों ने युवक को गोली मार दी. युवक को देर रात ही आनन-फानन में फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. रुपेश कुमार ने प्राथमिक इलाज करते हुए युवक को बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया हायर सेंटर रेफर कर दिया. युवक के सीने के दाएं साइड में गोली लगी है. इसके अलावे भरुआ गोली होने के कारण शरीर में दाएं सीने के पास बहुत सारे छर्रा के कहने से वह बुरी तरह घायल हो गया है.

लक्ष्मी नारायण गुप्ता बने छपरा के नए मेयर

छपरा । छपरा मेयर उपचुनाव में लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने जीत हासिल की है. उनके समर्थकों ने जीत का जश्न धूमधाम से मनाया. मेयर उपचुनाव में लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने सर्वाधिक 17456 मत लाकर जीत का खिताब अपने नाम किया. उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मिंटू सिंह को 5457 मतों से हराया है. मिंटू सिंह को 11999 मत मिले. छपरा नगर निगम चुनाव काफी दिलचस्प रहा, क्योंकि राजद सुप्रीमो लालू यादव ने पूर्व महिला मेयर सुनीता देवी को समर्थन देने की बात कही थी जबकि उनके पुत्र तेज प्रताप यादव ने रवि रोशन उर्फ गुड्डू के समर्थन में रोड शो किया था.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने परिवारवाद पर बोला हमला, कहा-

कर्पूरी ठाकुर से ली सीख, हमने कभी अपनों को नहीं बढ़ावा दिया

संवाददाता । पटना

पटना स्थित वेटनरी मैदान में बुधवार को सत्तारूढ़ दल जदयू की ओर से जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती मनाई गई. इस अवसर पर नीतीश कुमार ने सबसे पहले कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि मैं शुरू से कहता रहा हूं कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिले. इसके अलावा उन्होंने राजनीति में हावी परिवारवाद पर भी निशाना साधा.

उन्होंने कहा कि 2007 से लेकर अभी तक जितनी भी सरकार केंद्र में रही, सबसे मांग करते रहे थे कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान दिया जाए. इस बीच कांग्रेस की सरकार भी रही, या जो भी सरकार थी. किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया. अब देख रहे हैं कि केंद्र सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है. इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं. यह काफी खुशी की बात है. आज जो भारत रत्न देने की घोषणा की गई है, यह जदयू की मांग पर ही हुआ है. जदयू की ओर से आयोजित कर्पूरी जयंती में ललन सिंह, के सी त्यागी, वशिष्ठ नारायण सिंह, विजय चौधरी, लेसी सिंह, मदन सहनी शीला मंडल मौजूद थे.

लालू प्रसाद का दावा

केंद्र ने डर से दिया भारत रत्न

पटनाः जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर खुद को कर्पूरी ठाकुर के अनुयायी मानने वाले लालू प्रसाद यादव भी इसमें पीछे नहीं हैं. उन्होंने अपने 'एक्स' एकाउंट पर पोस्ट करते हुए कर्पूरी ठाकुर को याद किया. उन्होंने लिखा कि मेरे राजनीतिक और वैचारिक गुरु स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न अब से बहुत पहले मिलना चाहिए था. लालू यादव ने कहा कि हमने सदन से लेकर सड़क तक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए आवाज उठायी. इसी को देखते हुए केंद्र सरकार ने भारत रत्न की घोषणा की है. यह एक डर है.

पीएम मोदी ने कर्पूरी ठाकुर के बेटे से फोन पर की बात

पटना । पूर्व मुख्यमंत्री और सामाजिक न्याय की राजनीति के पुरोधा रहे कर्पूरी ठाकुर को केंद्र सरकार ने मंगलवार को भारत रत्न देने का फैसला लिया है. इसके बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्पूरी ठाकुर बेटे एवं जदयू सांसद रामनाथ ठाकुर से फोन पर बात कर उन्हें सपरिवार अपने दिल्ली आवास का निमंत्रण भी दिया है. इस दौरान परिवार वालों ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने पर बधाई दी. जानकारी के अनुसार रामनाथ ठाकुर से बात करते हुए पीएम ने कर्पूरी ठाकुर को याद करते हुए कहा कि मैं खुद एक पिछड़ा वर्ग का व्यक्ति हूं और उनके योगदान को समझ सकता हूं.रामनाथ ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पीएम मोदी से हमारी फोन पर बात हुई. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें 26 जनवरी के बाद दिल्ली अपने आवास पर उन्हें बुलाया है.

सपरिवार बुलाया पीएम आवास

कर्पूरी ठाकुर के परिजन

सीएम ने पोस्ट डिलीट कर पीएम को धन्यवाद देने के लिए किया नया पोस्ट

पटना । मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन दिनों किसी ना किसी चीज को लेकर चर्चा में है. उनकी हरकतों की वजह से बिहार की सियासत भी गरमायी रहती है. इस बार नीतीश के एक पोस्ट ने बिहार का सियासी पारा चढ़ दिया है. दरअसल नीतीश कुमार ने 23 जनवरी रात 9.14 मिनट पर एक्स पर पोस्ट कर कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किये जाने के फैसले पर खुशी जतायी. लेकिन इस पोस्ट में उन्होंने पीएम का जिक्र नहीं किया. कुछ देर बाद सीएम ने इस पोस्ट को डिलीट कर दिया. फिर करीब 35 मिनट के बाद नया पोस्ट कर विशेष तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया. नीतीश का नया पोस्ट हुबहु पुराने पोस्ट जैसा ही था. बस नये पोस्ट के लास्ट में नीतीश ने एक लाइन जोड़ दिया. जिसमें उन्होंने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले को लेकर पीएम मोदी का आभार जताया. सीएम के इस कदम को राजनीतिक जानकार बिहार की राजनीति में बड़े बदलाव के तौर पर देख रहे हैं.

नीतीश का पहला पोस्ट : पूर्व मुख्यमंत्री और महान समाजवादी नेता स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया जाना हार्दिक प्रसन्नता का विषय है.

नीतीश का नया पोस्ट : पूर्व मुख्यमंत्री और महान समाजवादी नेता स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया जाना हार्दिक प्रसन्नता का विषय है. केंद्र सरकार का यह अच्छा निर्णय है. इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद.

'किसके कर्पूरी' को ले पटना में मची होड़

मैदान न देने से बीच रोड पर हुई भाजपा की सभा

ज्ञानवर्द्धन मिश्र । पटना

'किसके कर्पूरी' को लेकर बुधवार को पटना में होड़ मची रही. जननायक कर्पूरी ठाकुर को मिले 'भारत रत्न' का श्रेय के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का दावा जदयू और राजद की ओर से पुरजोर हुआ. वहीं आवंटन के अचानक बाद मिलर स्कूल मैदान का आवंटन रद्द करने के विरोध में भाजपा ने वीरचंद पटेल पथ पर सभा की.

बिहार में समाजवादी आंदोलन के पुरोधा कई बार सीएम रहे कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती को लेकर बुधवार को राजधानी पटना में कई कार्यक्रम हुए. महागठबंधन में शामिल घटक दल ने भी अलग-अलग कार्यक्रम किये. वहीं आवंटन रद्द करने विरोध में भाजपा ने बीच सड़क पर सभा की. इधर, भाजपा ने वीरचंद पटेल पथ पर ट्रक पर मंच सजाया और सभा की. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि अपने ऐलान के अनुसार पार्टी ने बुधवार को वीरचंद पटेल पथ पर कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यकर्ताओं ने सरकार की सड़क को मैदान बनाया, ट्रक को मंच बनाया. फिर उस मंच से भाजपा नेताओं ने हुंकार भरी. भाजपा कार्यालय के सामने बीच सड़क पर मंच बनाया गया. सड़क पर ही भाजपा के हजारों कार्यकर्ता खड़े रहे.

पटना जा रही स्कॉर्पियो ट्रक से टकरायी, 8 लोग जख्मी

संवाददाता । सिवान

सिवान से पटना जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होने जा रहे लोगों की स्कॉर्पियो ट्रक से टकरा गई. जिसमें 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि सिवान से विकास मित्र पटना के लिए स्कॉर्पियो से रवाना हुए थे. हादसे के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. आपको बता दें कि यह टक्कर घने कोहरे के कारण बताई जा रही है. घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई. हादसे में सभी 8 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए हैं. जिसमें दो लोग गुठनी के बताए जा रहे हैं, दोनों युवकों का नाम शैलेंद्र राम एवं ललन राम बताया जा रहा है. चार लोगों की हालत नाजुक होने की सूचना मिल रही है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि सभी लोग बुधवार को पटना में होने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर जन शताब्दी में शामिल होने के लिए निकले थे, जैसे ही उनकी गाड़ी बसंतपुर एवं भगवानपुर थाना क्षेत्र के बीच सुधरी गांव पहुंची, इसी दौरान एलपीजी से भरी ट्रक सामने से टकरा गई.

पीटीसी में ट्रेनिंग के दौरान सिपाही की मौत

संवाददाता । रोहतास

रोहतास जिले के डेहरी स्थित पुलिस लाइन में ट्रेनिंग ले रहे एक जवान की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन ने परिजनों को इसकी सूचना दी. मृत जवान गोपालगंज जिले का रहने वाला था.

घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था. सिपाही की मौत से पुलिस लाइन में मौजूद अन्य सिपाही मर्माहत थे. वहीं पुलिस लाइन में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ था. मृत जवान का नाम शिव शंभू राय था. गोपालगंज जिला का रहनेवाला था. बताया जाता है कि डेहरी पुलिस लाइन में ट्रेनिंग ले रहा था. अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई. जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया. अस्पताल में इलाज के दौरान शिव शंभू राय की मौत हो गई. घटना के बाद आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया. पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. इस मौके पर एसपी विनीत कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे. इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. घटना पर रोहतास जिला पुलिस एसोसिएशन ने शोक व्यक्त किया है. पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ने बताया कि गोपालगंज के रहने वाले शंभू कुमार राय डेहरी पुलिस लाइन में पदस्थापित थे. यहां पीटीसी प्रशिक्षण के लिए आए हुए थे, इनका प्रशिक्षण समाप्त हो गया था. इसी बीच अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. चिकित्सकों ने प्रथम दृष्टया में ठंड लगने के कारण मौत होने की आशंका जतायी है.

मुजफ्फरपुर में दो साल के मासूम की मौत

मुजफ्फरपुर । मुजफ्फरपुर में एक दो साल आठ महीने के मासूम की डूबने से मौत हो गई. उसका शव घर के समीप पानी भरे गड्ढे में पड़ा था. मां बेटे की तलाश कर रही थी. इसी दौरान उनकी नजर गड्ढे में पड़ी. वह वहां गई, हाथ लगाई तो बेटे का स्वेटर हाथ में आया. स्वेटर बाहर खींचने पर शव निकला. इसके बाद कोहराम मच गया. पूरा मामला अहियापुर थाना के वार्ड 12 स्थित हरपुर लाहौरी मोहल्ले की है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. लोगों ने मामले की जानकारी अहियापुर थाने की पुलिस को दी.

थर्मल प्लांट में घुसने की कोशिश कर रहे थे चोर

सीआईएसएफ-बदमाशों के बीच फायरिंग, बदमाश भागे

संवाददाता । मुजफ्फरपुर

मुजफ्फरपुर के कांटी थाना क्षेत्र स्थित एनटीपीसी की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवानों और बदमाशों के बीच फायरिंग हुई है. इस दौरान दोनों ओर से फायरिंग की गई. बताया जा रहा है कि सीआईएसएफ जवान ने अपने बचाव में फायरिंग की. इसके बाद बदमाश भाग निकले. मामले को लेकर कांटी थर्मल प्लांट, एनटीपीसी के पीआरओ चंद्र प्रकाश ने बताया कि बुधवार को कुहासा अधिक था. इसी बीच कांटी थर्मल प्लांट एरिया परिसर के कोयला हैंडलिंग प्लांट के तरफ से पीछे से चोरी के नियत से बदमाश प्रवेश कर रहे थे. सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के जवान की नजर बदमाशों पर पड़ गई. जवान बदमाश को भीतर प्रवेश करने से रोकने लगे. जवान के विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी.

ट्रेन पर चढ़ने के दौरान फिसला पैर, हुई मौत

जहानाबाद । पटना-गया रेलखंड पर कोर्ट हॉल्ट पर ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान कडौना ओपी क्षेत्र के मुंठेर गांव निवासी 45 वर्षीय शैलेंद्र कुमार के रूप में हुई है. मृतक जहानाबाद कोर्ट में मुंशी का काम करता था. मिली जानकारी के अनुसार एक अधिवक्ता के निधन के बाद कोर्ट बंद हो गया था. जिस कारण मुंशी को पटना जाने के लिए ट्रेन पकड़ना था, लेकिन कोर्ट से आने के दौरान उसे थोड़ा लेट हो गया. उसके पहुंचते ही ट्रेन खुल गई, जिसके बाद उसने दौड़ कर ट्रेन पकड़नी चाही, लेकिन पैर फिसल गया.

कारोबार

केनरा बैंक का मुनाफा 29 प्रतिशत उछला

नयी दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 29 प्रतिशत उछलकर 3,656 करोड़ रुपये रहा. बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी.बैंक का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 2,832 करोड़ रुपये रहा था. केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 32,334 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 26,218 करोड़ थी.

आरईसी के शेयर सात प्रतिशत चढ़े

नयी दिल्ली । सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड के शेयर बुधवार को कारोबार के मध्य सत्र में सात प्रतिशत चढ़ गए. कंपनी ने मंगलवार को घोषणा की थी कि उसका मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रहा था. बीएसई पर कंपनी का शेयर 6.83 प्रतिशत उछलकर 464 रुपये पर पहुंच गया. एनएसई पर आरईसी लिमिटेड के शेयर 6.72 प्रतिशत चढ़कर 463.95 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गए. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार में भी इजाफा देखा गया है.

जेएसडब्ल्यू की 38% हिस्सेदारी होगी

मुंबई । कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने मंगलवार को जेएसडब्ल्यू वेंचर्स सिंगापुर को एमजी मोटर्स इंडिया में करीब 38% शेयर कैपिटल के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है. इसके साथ ही डाबर इंडिया को चलाने वाले बर्मन फैमिली को भी सीसीआई ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज में 5.27% हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दी है. जेएसडब्ल्यू वेंचर्स के अधिग्रहण मामले में सीसीआई ने कहा कि इस सौदे में बायर यानी खरीदने वाला नई एंटिटी है, जो आज तक किसी भी एक्टिविटी में शामिल नहीं है. इसका मालिकाना हक पूरी तरह से जेएसडब्ल्यू इंटरनेशनल ट्रेडकॉर्प के पास है.

जीके. सुभाष चंद्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखी चिट्ठी

सेबी पर मर्जर रोकने का आरोप

एजेंसी । नयी दिल्ली

जी के फाउंडर और प्रोमोटर सुभाष चंद्रा ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को चिट्ठी लिखकर सोनी के साथ मर्जर रोकने करने की कोशिश का सेबी पर आरोप लगाया है. हालांकि, उन्होंने यह चिट्ठी मर्जर टूटने के एक हफ्ते पहले 16 जनवरी को लिखी थी. सुभाष चंद्रा ने सेबी के बारे में चिट्ठी में लिखा कि शेयर मार्केट रेगुलेटर 'पूर्व निर्धारित मानसिकता' के साथ काम कर रहा है.

उन्होंने वित्त मंत्री से माइनॉरिटी शेयरहोल्डर्स के हितों की रक्षा करने के लिए दखल देने की मांग भी की. सुभाष चंद्रा ने लिखा, 'मैं यह सुझाव नहीं दे रहा हूं कि अगर सेबी को किसी भी तरह का संदेह है तो उसे जांच नहीं करनी चाहिए. कंपनी और अन्य सभी लोग जांच में सहयोग कर रहे हैं, यहां तक कि विभाग ने एक पूर्व डॉयरेक्टर को भी तलब किया है, उनसे 4 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की गई है. मेरी चिंता इस नए नोटिस के समय और इसकी जरूरत को लेकर है, क्योंकि ये जी और कल्वर मैक्स के विलय की टाइमलाइन से मेल खाता है.

22 जनवरी को जी के साथ सोनी ने कैंसिल किया था मर्जर : जी के साथ सोनी ने 22 जनवरी को मर्जर कैंसिल कर दिया था. दिसंबर 2021 में इन दोनों कंपनियों ने इसके लिए एग्रीमेंट साइन किया था. अगर ये मर्जर हो जाता तो जी सोनी 24% से ज्यादा की व्यूअरशिप के साथ देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बनता. सोनी ने मर्जर खत्म करने के लिए जी को डील कैंसिल करने का लेटर भेजा है. जी पर शर्तों के कथित उल्लंघन का आरोप लगाते हुए 90 मिलियन डॉलर यानी करीब 748 करोड़ रुपए की टर्मिनेशन फीस भी मांगी है. सोनी भारत में अपने बिजनेस को बहुत ज्यादा बढ़ा नहीं पा रही थी, वहीं जी पर कर्ज का बोझ था. जी पर कर्ज का बोझ इसलिए था क्योंकि, उस पर लंबे समय से एस्सेल ग्रुप का कंट्रोल था और एस्सेल पर 2.4 बिलियन डॉलर (करीब 20,000 करोड़ रुपए) का कर्ज था.

इन्हीं कारणों से इन दोनों कंपनियों ने मर्जर का फैसला लिया था. इस मर्जर से दोनों कंपनियों को बड़ा और डायवर्स ऑडियंस बेस मिलता. सोनी ने भारत में 1995 में अपना पहला टीवी चैनल लॉन्च किया था. वहीं जी ने अपना पहला चैनल 1992 में लॉन्च किया था. 2021 में जी ने जापान के सोनी कॉर्प की सहायक कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट लिमिटेड) के साथ मर्जर की घोषणा की थी, लेकिन क्रेडिटर्स की आपत्तियों सहित अन्य कारणों से ये विलय पूरा नहीं पाया है. इस मर्जर से 10 बिलियन डॉलर (करीब 83 हजार करोड़ रुपए) की कंपनी बनती.

सोनी के 16 एंटरटेनमेंट और 10 स्पोर्ट्स चैनल : सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया टेलीविजन चैनल ऑपरेट करती है. इसके 16 एंटरटेनमेंट चैनल और 10 स्पोर्ट्स चैनल है. 1995 में इसने भारत में अपनी पहला चैनल लॉन्च किया था. इसका एक डिजिटल प्लेटफॉर्म सोनी लिव भी है.

सोनी नेटवर्क्स इंडिया का नाम अब कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड हो गया है. यह जापान की कंपनी सोनी ग्रुप कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी है. कंपनी की 167 देशों में रीच है. जी ग्लोबल कंटेंट कंपनी है, जो देश में 50 चैनल चलाती है. इसमें हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल, रीजनल एंटरटेनमेंट चैनल, हिंदी मूवी चैनल और अन्य चैनल शामिल हैं. इसके साथ ही कंपनी 120 देशों में 40 से अधिक चैनल चलाती है. इसका एक डिजिटल प्लेटफॉर्म जी5 भी है. जी ने अपना पहला चैनल जी टीवी 1992 में लॉन्च किया था.

डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

नयी दिल्ली । नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. डीजीसीए ने टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया पर यह जुर्माना सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में लगाया है. डीजीसीए ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि एयर इंडिया एयरलाइन पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है. विमान नियामक के मुताबिक एक एयरलाइन कर्मचारी से स्वैच्छिक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी.

इस रिपोर्ट में एयर इंडिया एयरलाइन पर कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया था. इसके बाद डीजीसीए ने कथित सुरक्षा उल्लंघनों की जांच की. हालांकि, डीजीसीए ने उस घटना का विवरण नहीं दिया है, जिसकी वजह से एयरलाइंस पर भारी जुर्माना लगाया गया है. इससे पहले नवंबर, 2023 में डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था. विमान नियामक ने यह जुर्माना उड़ान में देरी रद्दीकरण जैसे मामलों से प्रभावित यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं और मुआवजे पर निर्धारित मानदंडों का पालन न करने के लिए लगाया था.

कोलकाता : बुधवार को कोलकाता में कोलकाता लिटरेरी मीट 2024 के एक सत्र के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी.

उम्मीद बढ़ी

पिछले कुछ सालों में देश में डिजिटल बैंकिंग में काफी तेजी आई

देश भर में 10 हजार नए एटीएम लगा रहे हैं बैंक

एजेंसी । नयी दिल्ली

पिछले कुछ सालों में देश में डिजिटल बैंकिंग में काफी तेजी आई है. खासकर यूपीआई के प्रसार ने डिजिटल बैंकिंग को बड़ा पुश दिया है. इसके चलते दूर-दराज के गांवों में भी लोग डिजिटली पैसों का लेन-देन कर रहे हैं. इसने कैश पर लोगों की निर्भरता कम की है. हालांकि उसके बाद भी एटीएम की वैल्यू कम नहीं हुई है. बिजनेस लाइन की एक रिपोर्ट बताती है कि बैंक देश भर में हजारों नए एटीएम लगाने की तैयारी कर रहे हैं. रिपोर्ट की मानें तो देश भर में बैंक अगले 12 से 18 महीने के दौरान 10 हजार नए एटीएम लगा सकते हैं. इसके लिए उन्होंने तैयारियां तेज कर दी हैं. यह हाल तब है, जबकि सिर्फ पिछले वित्त वर्ष के दौरान पहले से ही हजारों नए एटीएम लगाए जा चुके हैं. रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि अकेले वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान यानी अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के दौरान बैंकों ने देश भर में 4,452 नए एटीएम लगाए. इस तरह देश भर में बैंक एटीएम की संख्या वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में 2,19,513 रही. पिछले वित्त वर्ष में जो नए एटीएम लगाए गए, उनमें व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा रही. ऐसे ऑपरेटर ने वित्त वर्ष के दौरान 4,292 नए एटीएम लगाए.

अभी मार्केट में इतना कैश सर्कुलेशन : अब सवाल उठता है कि जब देश में डिजिटल बैंकिंग तेजी से बढ़ रही है और कैश पर लोगों की निर्भरता कम हो रही है, तो उसके बाद भी बैंक नए एटीएम क्यों लगा रहे हैं, वो भी हजारों की संख्या में? आरबीआई की एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक भारत में 33.78 लाख करोड़ रुपये की नकदी सर्कुलेशन में थी. यह नोटबंदी से ऐन पहले की तुलना में लगभग डबल है. हालांकि इसका एक पक्ष ये भी है कि नकदी का सर्कुलेशन वित्त वर्ष 2017-18 के बाद सबसे कम गति से बढ़ा है.

ये है नए एटीएम लगाने का कारण : रिजर्व बैंक के आंकड़ें बताते हैं कि कैश अभी भी प्रासंगिक है. इस कारण एटीएम भी प्रासंगिक हैं. चूंकि बैंकों के बहुत सारे एटीएम धीरे-धीरे पुराने हो रहे हैं और परिचालन में पूरी तरह रे सक्षम नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें बदलने की जरूरत पड़ रही है. इसी कारण पिछले वित्त वर्ष के दौरान करीब साढ़े चार हजार नए एटीएम लगाए गए और अभी करीब 10 हजार नए एटीएम लगाने की तैयारी चल रही है.

खास बातें

- 22-23 के दौरान बैंकों ने देश भर में 4,452 नए एटीएम लगाए
- ऑपरेटर ने वित्त वर्ष के दौरान 4,292 नए एटीएम लगाए

जिओ और एयरटेल से होगी सीधी टक्कर

भारत में एलन मस्क की एंट्री जल्द, मिलने वाला है लाइसेंस

एजेंसी । मुंबई

टेस्ला के मालिक और दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की भारत में एंट्री जल्द होने वाले है. हालांकि, यह एंट्री टेस्ला के जरिए न होकर सेटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक के जरिए होगी. ऐसा माना जा रहा है कि स्टारलिंक को नियामकीय मंजूरी जल्द मिलने वाली है. इसके लिए जांच आखिरी स्टेज में हैं. लाइसेंस मिलते ही कंपनी भारत में काम शुरू कर देगी.

स्टारलिंक के आने से दूरदराज के क्षेत्रों एवं ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी की स्थिति में सुधार आ सकता है. मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, एलन मस्क की स्टारलिंक प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड डिपार्टमेंट के समक्ष अपने शेयरहोल्डिंग पैटर्न की जानकारी देने वाली है.

रिपोर्ट के अनुसार, इसके बाद दूरसंचार विभाग की ओर से एक लेटर दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजा जाएगा. मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद स्टारलिंक को सैटेलाइट कम्युनिकेशंस विंग की तरफ से एक अप्रूवल लेटर जारी हो जाएगा. वनवेब और रिलायंस जियो को पहले ही मिल चुका है लाइसेंस : स्टारलिंक ने 2022 में अपने ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट सर्विसेज लाइसेंस के लिए आवेदन किया था.

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सातवां दिन

ब्रीफ खबरें

अमेरिका ने किया ईरान के ठिकानों पर हमला

वाशिंगटन । अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि उनकी सेना ने पिछले कुछ दिनों में इराक और सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर मिसाइल और ड्रोन हमलों के प्रतिशोध में मंगलवार को इराक में ईरान समर्थित एक मिलिशिया के तीन ठिकानों पर हमले किए. ऑस्टिन ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह कतैब हिजबुल्ला और अन्य ईरान समर्थित समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे तीन ठिकानों पर आवश्यक हमले किए.

चीन व नाउरू के बीच राजनयिक संबंध बहाल

बीजिंग । चीन के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि बीजिंग ने नाउरू के साथ राजनयिक संबंध औपचारिक रूप से बहाल कर लिए हैं. प्रशांत द्वीपीय देश नाउरू ने इसी महीने ताइवान के साथ अपने संबंध खत्म कर दिए थे जिसके बाद चीन ने यह कदम उठाया है. नाउरू ने ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव के महज दो दिन बाद ही 15 जनवरी को यह घोषणा की थी कि वह ताइवान के साथ अपने संबंध खत्म कर रहा है. नाउरू के इस कदम के बाद ताइवान के अब 12 देशों के साथ राजनयिक संबंध रह गए हैं.

छात्रा ने 29वीं मंजिल से कूदकर दे दी जान

बेंगलुरु । दक्षिण पूर्व बेंगलुरु के हुलीमावू इलाके में सातवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक लड़की ने कथित रूप से 29वीं मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी से कूदकर जान दे दी. पुलिस ने कहा कि 12 वर्षीय लड़की अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी और अवसाद में थी. इस घटना के बाद कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है. पुलिस के मुताबिक बेगुर रोड स्थित अपार्टमेंट के एक सुरक्षाकर्मी ने मंगलवार सुबह करीब पांच बजे कुछ शोर सुना और जब वह मौके पर पहुंचा तो उसने लड़की को खून से लथपथ हालत में पड़े देखा.

पीएम ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेती है केंद्र सरकार : पीएम मोदी

भाषा। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि उनके नेतृत्व में केन्द्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जिनसे देशभर में 'सकारात्मक बदलाव' आया है. भारत सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का फैसला किया है. राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में मंगलवार को इसकी घोषणा हुई. यह घोषणा कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती से एक दिन पहले की गई. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, देशभर के मेरे परिवारजनों की ओर से जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जन्म-शताब्दी पर मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि. इस विशेष अवसर पर हमारी सरकार को उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. ठाकुर ने भारतीय समाज और राजनीति पर जो अविस्मरणीय छाप छोड़ी है, उसे

लेकर प्रधानमंत्री ने अपनी भावनाओं और विचारों को नमो ऐप पर लिखे अपने एक लेख के माध्यम से एक्स पर साझा किया. उन्होंने कहा, हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है. यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह थी कि कर्पूरी ठाकुर जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात केवल एक 'राजनीतिक नारा' बनकर रह गई. उन्होंने कहा, कर्पूरी ठाकुर के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर हमने इसे शासन के एक प्रभावी मॉडल के रूप में लागू किया. मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज वह जरूर गौरवान्वित होते. उन्होंने कहा कि गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे. प्रधानमंत्री ने कहा कि

खास बातें

- लिखा-हमारी सरकार को भारत रत्न देने का अवसर मिला
- हमारी सरकार योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा रही है

आज केंद्र सरकार योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है और इस दिशा में उसके प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं. इस कड़ी में उन्होंने मुद्रा लोन से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों को मिल रहे लाभों का उल्लेख किया और कहा कि यह कर्पूरी ठाकुर के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है. उन्होंने कहा, इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने इन समुदायों का आरक्षण में दायरा बढ़ाया है. हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी ठाकुर के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है.

राहुल गांधी ने हिमंत को सबसे भ्रष्ट सीएम करार दिया, बोले-

जितना केस करना है कर दीजिए मैं किसी से डरनेवाला नहीं हूं

भाषा। असम

राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सातवें दिन असम के बारपेटा जिला पहुंची है. यहां सार्वजनिक संबोधन में राहुल गांधी ने भीड़ को उकसाने के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज कराने को लेकर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की है. इतना ही नहीं उन्होंने हिमंत पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें देश का 'सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री' करार दिया.

यात्रा को प्रवेश पर रोका तो कार्यकर्ताओं व पुलिस में हुई झड़पः राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस समय असम की गुवाहाटी में है. यहां शहर में यात्रा को प्रवेश नहीं करने देने पर मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गयी थी. जिसको लेकर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भीड़ को उकसाने के आरोप में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया. सीएम के निर्देश पर गुवाहाटी पुलिस ने राहुल गांधी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

भाजपा और आरएसएस मुझे डरा नहीं सकते

इतना ही नहीं राहुल गांधी ने भाजपा शासित राज्य और हिमंत विश्व शर्मा को खुली चुनौती भी दी है. उन्होंने कहा कि पता नहीं कहां से हिमंत बिस्वा के दिमाग में आ गया कि वो राहुल गांधी को डरा सकता है. चुनौती देते हुए कहा कि जितने केस लगाने हैं लगा दीजिए, मैं नहीं डरता25 केस लगाये हैं, 25 और लगा दीजिएराहुल ने यह भी कहा कि भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) वाले मुझे डरा नहीं सकते.

आप सुपारी खाते हैं तो शर्मा सुपारी कारोबार पर कब्जा कर लेते

गांधी ने कहा कि भाजपा-आरएसएस असम की भाषा, संस्कृति और इतिहास को मिटाना चाहते हैं. वे असम को नागपुर से चलाना चाहते हैं, लेकिन हम इसकी अनुमति नहीं देंगे. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि असम में भ्रष्टाचार पर भ्रष्टाचार हो रहे हैं. उन्होंने शर्मा को देश का 'सबसे भ्रष्ट सीएम' बताया. कहा कि जब वह आपसे बात करते हैं, तो वह आपकी जमीन चुरा लेते हैं. जब आप सुपारी खाते हैं तो वह सुपारी कारोबार पर कब्जा कर लेते हैं. उन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में भी जमीन ली है. कांग्रेस सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और शर्मा के दिल 'नफरत से भरे हुए हैं.

नामीबियाई मादा चीता ने चार शावकों को दिया जन्म

भोपाल । केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई मादा चीता 'ज्वाला' ने चार शावकों को जन्म दिया है. पहले तीन शावकों के जन्म की जानकारी दी गयी थी.

उमर खालिद की जमानत अर्जी पर सुनवाई 31 जनवरी तक स्थगित

भाषा। नयी दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से जुड़े एक मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत अर्जी पर सुनवाई बुधवार को 31 जनवरी तक स्थगित कर दी. फरवरी 2020 में हुए दंगों से जुड़ी साजिश में कथित रूप से शामिल रहने को लेकर विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत खालिद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस मामले में सुनवाई स्थगित कर दी क्योंकि पीठ केवल भोजनावकाश तक उपलब्ध थी. पीठ ने कहा, मामले को 31 जनवरी के लिए सूचीबद्ध किया जाए.

सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है : सुले

भाषा। मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की नेता सुप्रिया सुले ने बुधवार को दावा किया कि संसद में प्रस्तुत सरकार के आंकड़ों के अनुसार केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा दर्ज 95 प्रतिशत मामले विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ हैं. उन्होंने सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया और कहा कि अंततः सत्य की जीत होगी. राकांपा सांसद सुले अपनी पार्टी के विधायक और रिश्ते में भतीजे रोहित पवार को दक्षिण मुंबई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दफ्तर तक छोड़ने के बाद पास में स्थित अपनी पार्टी के कार्यालय के बाहर संवाददाताओं से बात कर रही थीं. रोहित पवार कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाला मामले में एक धनशोधन जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए आज सुबह एजेंसी के समक्ष पेश हुए. सुले ने कहा, सत्यमेव जयते. यह हमारे लिए संघर्ष का समय है. भविष्य में चुनौतियां आयेंगी, लेकिन हम उनसे उबर जायेंगे.

राशन घोटाला : 24 गाड़ियों में सीआरपीएफ के जवान भी मौजूद

शाहजहां के आवास पर ईडी की दबिश

भाषा। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में हुए कथित राशन वितरण घोटाले मामले में इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) ने एक बार तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारा है. इस बार ईडी के टीम सीआरपीएफ की 24 गाड़ियों के साथ शाहजहां शेख के उत्तर 24 परगना केके संदेशखाली स्थित आवास पर दबिश दी है. इन गाड़ियों में सीआरपीएफ के 120 से अधिक जवान हैं. इसके अलावा स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद हैं. जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़कर घर में घुसे. इसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर तलाशी शुरू की.

पीडीएस का 30 फीसदी राशन खुले बाजार में बेचा गया

राशन वितरण घोटाला मामले की जांच ईडी कई महीनों से कर रही है. ईडी ने जांच में खुलासा किया था कि पश्चिम बंगाल में लाभार्थियों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का लगभग 30 प्रतिशत राशन खुले बाजार में बेच दिया गया. राशन की कथित चोरी के बाद मिले पैसे मिल मालिकों और पीडीएस वितरकों ने बांट ली. इतना ही नहीं चावल मिल मालिकों और अन्य लोगों ने मिलकर किसानों के फर्जी बैंक अकाउंट खोले.

कॅरियर-काउंसिलिंग

एमएसडब्ल्यू कर बना सकते हैं अपना कॅरियर

एजुकेशन रिपोर्टर। रजनीश प्रसाद

एमएसडब्ल्यू सामजिक कार्यों में एक प्रोफेशनल मास्टर डिग्री है. इस कोर्स की अवधि 2 वर्ष है. इसका उद्देश्य मानव कल्याण के लिए काम करना और एक जरूरत मंद इंसान, समूह और समुदाय के जीवन की योग्यता में सुधार करना है.

एमएसडब्ल्यू स्पेशलाइजेशन

- **फैमिली एंड चाइल्ड वेलफेयर :** इस स्पेशलाइजेशन के अंतर्गत फैमिली और चाइल्ड वेलफेयर से जुड़े मुद्दों के बारे में पढ़ाया जाता है. उम्मीदवारों को ऐसे मुद्दों से निपटने और स्वस्थ पारिवारिक जीवन को बनाए रखने में लोगों की मदद करने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है. इस स्पेशलाइजेशन में, उम्मीदवारों को फैमिली एथिक्स, समस्यायों का समाधान निकालने के लिए टेक्निक्स के बारे में भी सिखाया जाता है.
- **मेडिकल और साईकायट्रिक सोशल वर्क :** यह एक प्रकार का मेडिकल सोशल वर्क है. इसके अंतर्गत मानसिक बीमार या मानसिक मार्गदर्शन की आवश्यकता वाले व्यक्तियों को सहयोग देना और उनकी देखभाल करना शामिल है. इस स्पेशलाइजेशन का मुख्य ध्यान लोगों को मानसिक बिमारी से निपटना सिखाना है और उन्हें ठीक करने में उनकी मदद करना है.
- **अर्बन और रूरल कम्युनिटी डेवलपमेंट :** इस स्पेशलाइजेशन के अंतर्गत वंचित आबादी के जीवन दृष्टिकोण और जीवन स्थिति में सुधार करना सिखाया जाता है. इसमें समुदाय की आर्थिक और गैर आर्थिक जरूरतों को पूरा करना भी शामिल है.
- **क्रिमिनोलॉजी एडमिनिस्ट्रेशन :** इस स्पेशलाइजेशन में आपराधिक गतिविधियों से प्रभावित परिवार का सहयोग करना सिखाया जाता है. इस स्पेशलाइजेशन के छात्रों को जीवित बचे लोगों को कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से रिपोर्टिंग से लेकर मुकदमे तक और उसके बाद भी सहायता प्रदान करने के बारे में अच्छी तरह से सिखाया जाता है.

भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज

- अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी
- इंटीग्रल यूनिवर्सिटी
- सीएमआर यूनिवर्सिटी
- उस्मानिया यूनिवर्सिटी
- अन्नामलई यूनिवर्सिटी
- फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी
- जी डी गोएंका यूनिवर्सिटी
- पालमुरु युनिवर्सिटी, तेलंगाना
- एनआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश

जॉब के क्षेत्र

- डिजास्टर मैनेजमेंट
- काउंसिलिंग
- स्कूल में शिक्षा क्षेत्र में विकास
- शिक्षा के क्षेत्र में
- साइकोलॉजिकल क्षेत्र में विकास
- ह्यूमन राइट्स एजेंसी
- हॉस्पिटल की सुविधाओं में विकास

जॉब अलर्ट

1. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे ने ग्रुप सी (लोअर डिवीजन क्लर्क स्टेनो, कुक, ड्राइवर, फायरमैन, मल्टी-टास्किंग स्टाफ) के पदों पर भर्ती निकाली है.

- संस्था – राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे
- पद नाम- ग्रुप सी
- पद संख्या – 198
- अधिसूचना – जारी
- नौकरी का स्थान – पुणे (महाराष्ट्र)
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 27 जनवरी- 21 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://nda.nic.in
- शैक्षणिक योग्यता – उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्था से मैट्रिकुलेशन/ 10वीं पास या समकक्ष डिग्री होना आवश्यक हैं.
- आयु सीमा – 18-27 वर्ष
- चयन प्रक्रिया – राष्ट्रिय रक्षा अकादमी पुणे में ग्रुप सी पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा/ स्किल टेस्ट/ दस्तावेज सत्यापन मेरिट लिस्ट के आधार पर होगा.

2. केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर पदों पर भर्ती निकाली है.

- संस्था का नाम – केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल
- पद नाम – सहायक उपनिरीक्षक (असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर)
- पद संख्या – 836
- अधिसूचना – जारी
- नौकरी का स्थान – संपूर्ण भारत
- आवेदन मोड – ऑनलाइन
- फॉर्म भरने की तिथि – 20 जनवरी- 29 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://www.cisf.gov.in

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)